भाकृअनुप
ICAR

Centenary Celebration

ISO 9001:2015
1924-2024

आईसीएआर-सिरकॉट
वार्षिक प्रतिवेदन
2022

भा.कृ.अनु.प. - केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मुंबई

ICAR-Central Institute for Research on Cotton Technology, Mumbai

Towards Doubling Farmer's Income through Sustainable Processing Technology & Value Addition to by-produce

भाकृअनुप
ICAR

भा.कृ.अनु.प.-कें.क.प्रौ.अनु.सं.

वार्षिक प्रतिवेदन 2022

Centenary Celebration

के.क.प्रो.अनु.सं.
CIRCOT

ISO 9001:2015

1924-2024

भा.कृ.अनु.प.- केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान

एडनवाला रोड, माटुंगा, मुंबई – 400019

(आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित संस्थान एवं एन.ए.बी.एल. प्रत्यायित प्रयोगशाला)

www.circot.icar.gov.in

भा.कृ.अनु.प.-कें.क.प्रौ.अनु.सं. वार्षिक प्रतिवेदन 2022

प्रकाशन
डॉ. एस. के. शुक्ल, निदेशक

संपादन
डॉ. सुजाता सक्सेना
डॉ. सुजाता कवलेकर

अनुवादक (संस्थान कार्मिक)
डॉ. मनोज कुमार महावर, डॉ. वर्षा सातनकर, डॉ. अजिनाथ डुकरे, डॉ. काऊतकर शेषराव सखाराम, डॉ. हामीद हसन, श्री आर.आर. छगानी, श्रीमती पी.एस. निरहाली, डॉ. सी.पी. डिसूजा, श्रीमती प्राची म्हात्रे, डॉ. निशांत कांबली, श्रीमती तृप्ति मोकल, श्रीमती एम.पी. कांबले, श्री आर.डी. शंभरकर, श्री गोरखा थापा



मुद्रण स्थान : टॉप कलर ड्रॉप, मुंबई

© भा.कृ.अनु.प. - केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान 2022

भा.कृ.अनु.प.-कें.क.प्रौ.अनु.सं. वार्षिक प्रतिवेदन 2022 संस्थान का आंतरिक प्रकाशन है जिसमें वर्ष 2022 के दौरान किये गये शोध कार्य का वृतांत प्रस्तुत किया गया है। अत: रिपोर्ट में प्रस्तुत डेटा, तस्वीरें और आंकड़ों का अन्य कोई उपयोग करने या बेचने की अनुमति नहीं है।

उद्धरण (citation) : भा.कृ.अनु.प.-कें.क.प्रौ.अनु.सं. वार्षिक प्रतिवेदन 2022
भा.कृ.अनु.प. - केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मुंबई

अनुक्रमणिका

संक्षिप्त परिभाषाएं i

प्राक्कथन ii

कार्यकारी सारांश iii

1. परिचय 1
2. प्रमुख अनुसंधान उपलब्धियाँ 8
3. प्रौद्योगिकी प्रबंधन 67
4. कौशल विकास और क्षमता निर्माण 74
5. संबंध और सहयोग 82
6. पुरस्कार और मान्यता 88
7. प्रकाशन 92
8. आईएमसी, आरएसी और आईआरसी बैठक 103
9. संगोष्ठियों/सम्मेलनों/बैठकों/कार्यशालाओं में भागीदारी 105
10. आयोजित कार्यक्रम 113
11. हिन्दी कार्यान्वयन 125
12. प्रतिष्ठित आगंतुक 131
13. स्वच्छ भारत अभियान 135
14. मेरा गाँव मेरा गौरव 139
15. आधारभूत सुविधाएं 141

संलग्नक

I. वर्तमान अनुसंधान परियोजनाएं 144
II. कार्मिकों की सूची 150
III. संस्थागत समितियों की सूची 157
IV. नागरिक/ग्राहक अधिकार-पत्र 161
V. सूचना का अधिकार 163

संक्षिप्त परिभाषाएं

एबीआई	कृषि-व्यवसाय सृजनन
ए एफ आय एस	उन्नत फाइबर सूचना प्रणाली
एएफएम	परमाण्वीय बल सूक्ष्मदर्शी
एआईसीआरपी	अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना
एकेएमयू	कृषि ज्ञान प्रबंधन इकाई
एएसआरबी	कृषि वैज्ञानिक भर्ती मंडल
एएसटीएम	अमेरिकन सोसायटी फॉर टेस्टिंग मटेरियल्स
बीआईएस	भारतीय मानक ब्यूरो
बे एन पी एम	बैंक नोट पेपर मिल
डी बीएसकेकेवी	डॉ. बालासाहेब सावंत कोकण कृषि विद्यापीठ
सीबीपीडी	रासायनिक एवं जैवरासायनिक प्रक्रिया विभाग
सिआईआरसीओटी	केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (कें क प्रौ अ सं)
सी टी आर एल	कपास प्रौद्योगिक अनुसंधान प्रयोगशाला
डी आर जिन	डबल रोलर ओटाई यंत्र
एफ टी आई आर	फूरियर रूपांतरण अवरक्त स्पेक्ट्रोस्कोपी
जी टी सी	ओटाई प्रशिक्षण केंद्र
एच डी पी एस	उच्च घनत्व रोपण प्रणाली (हाई डेंसिटी प्लांटिंग सिस्टिम)
एच वी आई	उच्च निष्पादन उपकरण
आई सी ए आर	भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भा कृ अ प)
आई सी सी सी	भारतीय केंद्रीय कपास समिति
आई सी टी	रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान
आई एफ एस	इंडियन फाईबर सोसायटी
आई जे एस सी	संस्थान संयुक्त कर्मचारी परिषद
आई एम सी	संस्थान प्रबंधन समिति
आई पी	भारतीय फार्माकोपिया
आईआरसी	संस्थान अनुसंधान परिषद
आईएसएई	इंडियन सोसायटी ऑफ ऍग्रिकल्चरल इंजीनियर्स
आईएससीआई	इंडियन सोसायटी फॉर कॉटन इंप्रुव्हमेंट
आईएसओ	इंटरनॅशनल ऑर्गनाईज़ेशन फॉर स्टँडर्डाईज़ेशन
आईटीएमएफ	अंतर्राष्ट्रीय वस्त्र निर्माता संघ (इंटरनॅशनल टेक्स्टाईल मॅन्युफॅक्चरर्स फेडरेशन)
आई टी एम यू	संस्थान प्रौद्योगिक प्रबंधन इकाई (इंस्टिट्यूट टेक्नॉलॉजी मॅनेजमेंट युनिट)
एम एफ सी	माइक्रो फाईब्रिलेटेड सेल्युलोज़
एम जी एम जी	मेरा गाँव मेरा गौरव
एम ओ यू	समझौता ज्ञापन (मेमोरँडम ऑफ अंडरस्टँडिंग)
एम पी डी	यांत्रिक प्रक्रिया विभाग
एन ए बी एल	नॅशनल ऍक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग ऍन्ड कॅलिब्रेशन ऑफ लॅबॉरेटरिज़
एन ए आई एफ	राष्ट्रीय कृषि नवाचार निधि
एन आर सी जी	अंगूर के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र
पी एम सी	परियोजना निगरानी और मूल्यांकन समिति (प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ऍन्ड इवॅल्युएशन कमिटी)
क्यू ई आई डी	गुणवत्ता मूल्यांकन एवं सुधार विभाग
क्यूआर टी	पंचवार्षिक समीक्षा समूह
आर ॲन्ड डी	अनुसंधान एवं विकास
आर ए सी	अनुसंधान सलाहकार समिति
आर ए एफ टी ए ए आर	कृषि और संबद्ध क्षेत्र कायाकल्प के लिए पारिश्रमिक अनुमोदन
आर के वि वाय	राष्ट्रीय कृषि विकास योजना
आर पी एम	प्रति मिनट घूर्णन
एस ई एम	क्रमवीक्षण इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी
एस बी ई ई	सोसायटी ऑफ बेनिन एलेक्ट्रिकल इंजिनियरिंग
एस एन डी टी	श्रीमति नाथीबाई दामोदर ठाकरसी (महिला विद्यापीठ)
टी ए पी	तकनीकी सहायता कार्यक्रम
टी टी डी	प्रौद्योगिकी हस्तांतरण विभाग
यु एस डी ए	युनाईटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ ऍग्रिकल्चर
वी जे टी आई	वीरमाता जिजाबाई टेक्नॉलॉजीकल इंस्टिट्यूट

प्राक्कथन

भाकृअनुप – केन्द्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान जो अपने शताब्दी समारोह के पूर्ववर्ती वर्ष में है, कपास और उसके कृषि अवशेषों के प्रसंस्करण, नए उत्पादों के विकास और कपास गुणवत्ता मूल्यांकन में बुनियादी और रणनीतिक अनुसंधान के साथ कपास क्षेत्र के हितधारकों की जरूरतों को बखूबी पूरा करता है। संस्थान कपास रेशों के परीक्षण हेतु एक रेफरल प्रयोगशाला के रूप में स्थापित है और कपास मूल्य श्रृंखला में किसानों और अन्य हितधारकों के बीच क्षमता निर्माण में उल्लेखनीय योगदान देता है। कृषिव्यवसाय उद्भवन के माध्यम से संस्थान उभरते नवउद्यमियों को नेटवर्किंग मोड में आवश्यक तकनीकी परामर्श द्वारा एक मंच प्रदान करता है, और कृषि और संबद्ध क्षेत्र में नवीन और प्रभावकारी विचारों के साथ उभरते स्टार्ट-अप्स के लिए वित्तीय अनुदान सुविधा प्रदान करता है।

संस्थान ने उभरते नये संदर्भों में परिप्रेक्ष्य एवं दिशा परिवर्तन द्वारा अपनी प्रासंगिकता को बनाये रखा है और कपास मूल्य श्रृंखला में संपोषणीयता के साथ-साथ प्रौद्योगिकी आधारित विकास सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया है। संस्थान अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने में हमेशा अग्रणी रहा है। अतीत में नैनो तकनीक, प्लाज़्मा तकनीक तथा अब नये युग की तकनीकों जैसे; रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता / मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स को अपनाकर कपास के चुनाई उपरांत प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन और मूल्य सृजन द्वारा क्षेत्र में वांछनीय परिवर्तन ला रहा है।

संस्थान परिषद के अन्य संस्थानों, सार्वजनिक वित्त पोषित संस्थानों, निजी संगठनों और औद्योगिक हितधारकों के साथ मिलकर सहयोगात्मक अनुसंधान संस्कृति का परिपोषण कर रहा है। कपास पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान कार्यक्रम में गुणवत्ता भागीदार के रूप में संस्थान की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। सिरकॉट प्राकृतिक रेशों पर कंसोर्टिया रिसर्च प्लेटफॉर्म (सीआरपी) परियोजना के कार्यान्वयन के लिए नोडल केंद्र भी है। यह संस्थान तापीय विद्युत संयंत्रों में ऊर्जा स्रोत के रूप में बायोमास के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विद्युत मंत्रालय के 'राष्ट्रीय बायोमास मिशन' जैसी प्रमुख पहलों का हिस्सा है। संस्थान कपास गाँठ के मूल्य में सुधार की दिशा में भारतीय कपास निगम और महाराष्ट्र कपास विपणन संघ के साथ भी काम कर रहा है।

संस्थान विश्व स्तर के कपास उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों और संगठनों के बीच क्षमता निर्माण के उद्देश्य से महाराष्ट्र सरकार के विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित 'स्मार्ट कॉटन इनिशिएटिव' के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। संस्थान किसानों और औद्योगिक हितधारकों के कपास चुनाई उपरांत प्रसंस्करण और उप-उत्पाद के मूल्यवर्धन क्षेत्रों में कौशल विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

संस्थान में सुस्थापित कृषि व्यवसाय इनक्यूबेशन केंद्र है और कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा प्रायोजित रफ्तार (RAFTAAR) कृषि व्यवसाय इनक्यूबेटर (R-ABI) भी यहाँ कार्य कर रहा है जिसके द्वारा इस समयावधि में बीस स्टार्टअप्स को रु. 266.25 लाख रुपये का वित्तीय अनुदान प्रदान किया गया।

संस्थान विभिन्न वाणिज्यिक सेवाओं जैसे; परामर्श, अनुबंध अनुसंधान, वाणिज्यिक परीक्षण सेवाएं और अनुसंधान उत्पादों की बिक्री में सक्रिय है। संस्थान ने अप्रैल-दिसंबर 2022 के दौरान 1.44 करोड़ से अधिक राजस्व सृजित किया है। संस्थान ने विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन स्थापित करते हुए 2021-22 के दौरान आबंटित धन का 100% उपयोग किया है और 2022-23 में भी इसी तरह के प्रदर्शन की ओर अग्रसर है।

आजादी का अमृत महोत्सव, स्वच्छता अभियान 2.0, मेरा गांव मेरा गौरव कार्यक्रम में समाविष्ट 12 नए गांवों के लिये किए गए विभिन्न कार्यक्रमों और लक्षित लाभार्थियों के लिए एससीएसपी कार्यक्रम द्वारा अपने हितधारकों के साथ संस्थान के संपर्क में वृद्धि हुई है।

संस्थान शताब्दी वर्ष उत्सव के बहुत करीब है और मैं कामना करती हूं कि संस्थान लगातार अपने हितधारकों की पूर्ण संतुष्टि प्रदान करेगा और कपास प्रौद्योगिकी में वैश्विक उत्कृष्टता की अपनी परिकल्पना की ओर अग्रसर होगा।

सुजाता सक्सेना
निदेशक (कार्यकारी)

कार्यकारी सारांश

भाकृअनुप – केन्द्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-सिरकॉट), 1924 में स्थापित, भाकृअनुप का एक प्रमुख संस्थान है; जो कृषि अभियांत्रिकी शाखा (एसएमडी) के तहत कार्य कर रहा है और कपास किसानों और कपड़ा उद्योग पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। संस्थान कपास प्रौद्योगिकी में वैश्विक उत्कृष्टता प्राप्त करने की दृष्टि से कपास और उसके कृषि अवशेषों के प्रसंस्करण, मूल्य वर्धित उत्पादों के विकास और कपास की गुणवत्ता के मूल्यांकन पर बुनियादी और रणनीतिक शोध करता है। संस्थान अपने हितधारकों को कौशल विकास, ऊष्मायन सेवाएं प्रदान कर रहा है और कपास के रेशों के लिए निर्देशपरक (रेफरल) प्रयोगशाला के रूप में मान्यता प्राप्त है।

आईसीएआर-सिरकॉट अपने तकनीकी हस्तक्षेप के माध्यम से सभी हितधारकों को लाभान्वित करने वाली कपास मूल्य श्रृंखला के विकास को आगे बढ़ाने के लिए किसानों और उद्योग के बीच सेतु के रूप में कार्य कर रहा है।

संस्थान निम्नलिखित 5 प्रमुख क्षेत्रों में अनुसंधान करता है;

पूर्व-ओटाई और ओटाई;

- यांत्रिकी प्रसंस्करण, तकनीकी कपड़ा और कंपोजिट्स;
- अभिलक्षणन-कपास व अन्य प्राकृतिक रेशे, सूत एवं कपड़ा;
- रासायनिक और जैव-रासायनिक प्रसंस्करण, जैवभार और उप-उत्पाद उपयोगिता;
- व्यापार उद्भवन, उद्यमिता एवं मानव संसाधन विकास।

2021 के दौरान संस्थान द्वारा हासिल की गई मुख्य उपलब्धियां हैं:

अनुसंधान

वर्ष के दौरान निम्नलिखित मशीनरी, प्रक्रिया प्रौद्योगिकी, नए मूल्य वर्धित उत्पाद और अन्य महत्वपूर्ण शोध परिणाम प्राप्त किए गए हैं।

प्रक्रिया प्रौद्योगिकियां

- नैनो सल्फर के संश्लेषण के लिए आईसीएआर-सिरकॉट प्रक्रिया प्रोटोकॉल
- कताई कचरे से जैव समृद्ध खाद का उत्पादन
- कागज को कार्यात्मकता प्रदान करने के लिए बायोपॉलिमर आधारित लेपन सूत्रीकरण
- बिनौले के छिलके से तापस्थायी और क्षार सहिष्णु सूक्ष्मजैविक ज़ाइलेनेज़ किण्वक का उत्पादन
- रोजमेरी का सत्व – परिष्कृत बिनौले के तेल की स्थिरता में सुधार करने के लिए एक प्राकृतिक प्रतिउपचयक

मशीनरी / मूल्य वर्धित उत्पाद

- कृषि अनुप्रयोगों के लिए सूती आवरण युक्त इलेक्ट्रोस्पन नैनोरेशे से बने सूक्ष्म पोषक थैली का विकास
- फेस मास्क के लिए बदलने योग्य नैनोरेशा फिल्टर कार्ट्रिज का विकास
- फेस मास्क के लिए इंजीनियर्ड संरचना वाले 100% सूती कपड़े का विकास
- पौधों के अंकुरण के लिए नैनोरेशा आधारित सूक्ष्म पोषक थैली
- चीरा प्रतिरोधक दस्ताने बनाने हेतु रूई आधारित बहु-स्तरित कपड़ा
- स्वदेशी उच्च उत्पादन प्रोफ़ाइल रोटेटिंग ड्रम सुई रहित विद्युत कताई प्रणाली (पीडीईएस)

प्रौद्योगिकी प्रभाव आकलन

- कपास बायोमास का मूल्यवर्धन (ब्रिकेटिंग और पेलेटिंग)

प्रौद्योगिकियों का व्यावसायीकरण

- नैनोज़िंक निलंबन उत्पादन प्रौद्योगिकी
- सुगठित और ऊर्जा कुशल बिनौला शुष्कक
- कपास की सूक्ष्म धूल से जैव समृद्ध खाद तैयार करने की संवर्धित प्रक्रिया
- आईसीएआर-सिरकॉट ट्रैपेजोइडल तेज़ी से जलनेवाली ब्रिकेट -आधारित शवदाहिनी
- लघु ओटाई मशीन (नवीनीकरण)

प्रकाशन

- सहकर्मी समीक्षित पत्रिकाओं में 48 शोध पत्र प्रकाशित; 16 सम्मेलन पत्र; 14 पुस्तक अध्याय और 14 लोकप्रिय लेख प्रकाशित किए गए।

कौशल विकास पहल

- स्मार्ट कपास पहल के तहत 6099 किसानों सहित 6824 हितधारकों के लिए 37 कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- 2022 के दौरान प्रशिक्षण द्वारा ₹34.10 लाख राजस्व अर्जन किया गया।

प्रौद्योगिकी प्रबंधन और लोकप्रियकरण

- इस अवधि के दौरान तीन (3) पेटेंट दायर किए गए और तेरह (13) परामर्श परियोजनाओं पर कार्य किया गया। अकादमिक सहयोग, अनुसंधान सहयोग और प्रौद्योगिकी व्यावसायीकरण के लिए पंद्रह (15) समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए और सिरकॉट आरकेवीवाई - रफ्तार कृषि-व्यवसाय इनक्यूबेटर के तहत उद्भवन हेतु स्टार्ट-अप के साथ तेरह (13) समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।
- एक (1) प्रौद्योगिकी व मशीनरी प्रदर्शन मेला आयोजित किया गया, आठ (8) जागरूकता-सह-प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए गए। तीन (3) प्रदर्शनियों में भाग लिया और संस्थान के वैज्ञानिकों ने हितधारकों में संस्थान प्रौद्योगिकियों को लोकप्रिय बनाने हेतु विभिन्न बैठकों, सेमिनारों, कार्यशालाओं और सम्मेलनों में सहभागिता की।
- महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र के नागपुर जिले के 12 नए गांवों में मेरा गांव मेरा गौरव (एमजीएमजी) गतिविधियों के दौरान वैज्ञानिकों और तकनीकी अधिकारियों ने कृषि आय में बढ़ोतरी के लिए किसान अनुकूल तकनीकों का प्रदर्शन किया। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत ई-गोष्ठी, वेबिनार, ऑनलाइन प्रशिक्षण और फिट इंडिया सहित कुल साठ (60) कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे 9002 से अधिक प्रतिभागी लाभान्वित हुए।
- संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा ऑल इंडिया रेडियो, अस्मिता वाहिनी, मुंबई पर तीन (3) रेडियो वार्ताएं की गईं।

प्रत्यायन

- भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ 9001:2015 के साथ प्रत्यायन।
- आईएसओ/आईईसी 17025:2017 के तहत कपास रेशे, सूत व कपड़े के यांत्रिक और रासायनिक परीक्षण के लिए एनएबीएल के तहत मान्यता प्रमाण पत्र का 2 मार्च, 2022 से 2 साल के लिए नवीकरण ।

व्यावसायिक सेवा/सुविधाएं

- इंडियन क्लियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ आईसीएआर-सिरकॉट स्वीकृत जांचकर्ता के रूप में कायम।
- 2022 के दौरान, मुंबई मुख्यालय, जीटीसी नागपुर और अन्य क्षेत्रीय इकाइयों में कुल 7013 नमूनों का परीक्षण किया गया, जिससे व्यावसायिक परीक्षण के माध्यम से ₹72,59,828/- का कुल राजस्व प्राप्त हुआ।
- आईसीएआर-सिरकॉट अंशांकन कपास (रूई परीक्षण उपकरण के अंशांकन हेतु यूएसडीए मानकों का एक आयात विकल्प) - वर्ष 2022 के दौरान 104 डिब्बे हितधारकों को बेचे गए, जिससे ₹98,514/- का राजस्व प्राप्त हुआ।
- आईसीएआर-सिरकॉट के कृषि व्यवसाय इन्क्यूबेशन केंद्र में इन्क्यूबेशन हेतु एक नवउद्यमी भर्ती हुआ, दो नवउद्यमियों का इन्क्यूबेशन पूरा हुआ और छह इन्क्यूबेशन प्रगति पर हैं। इन्क्यूबेटियों द्वारा तीन नए उत्पाद विकसित किए गए।

- संस्थान में वर्ष 2019 से कृषि सहकरिता और किसान कल्याण विभाग द्वारा संचलित आरकेवीवाई-रफ्तार योजना का इन्क्यूबेटर है। इस वर्ष के दौरान संस्थान की रफ्तार इन्क्यूबेशन समिति (आरआईसी) द्वारा अनुशंसित तीसरे, चौथे और पांच वें कॉहोर्ट के स्टार्ट-अप्स के लिए राष्ट्रीय स्तर की सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस इन्क्यूबेशन समिति (सीआई सी) की बैठक आयोजित की गई। इन तीनों कॉहोर्ट्स में, प्री-सीड स्टेज फंडिंग के तहत 8 स्टार्ट-अप्स को और सीड स्टेज फंडिंग के तहत 12 स्टार्ट-अप्स को क्रमश: 40.00 लाख रुपये और 225.25 लाख रुपये का सहायता अनुदान स्वीकृत किया गया।

वित्तीय प्रबंधन

- संस्थान में सभी लेनदेन 100% डिजिटल और नकदरहित स्वरुप में हो रहे हैं।
- संस्थान ने 2021-22 के दौरान स्वीकृत बजट आबंटन का पूर्ण उपयोग (100%) और 2022-23 (31 दिसंबर 2022 तक) के दौरान 79.94% उपयोग सुनिश्चित किया।
- वर्ष 2021-22 के दौरान ₹253 लाख और अप्रैल-दिसंबर 2022 के दौरान ₹144 लाख राजस्व अर्जन किया गया।

अन्य गतिविधियां

- स्वच्छ भारत अभियान के तहत विविध अभियानों को आयोजित करके जनता में जागरूकता फैलाई गई।
- विश्व कपास दिवस, विश्व मृदा दिवस, विश्व खाद्य दिवस, विश्व जल दिवस, महिला किसान दिवस, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, राष्ट्रीय हथकरघा दिवस, गाजर घास जागरूकता सप्ताह, राष्ट्रीय एकता दिवस आदि मनाये गये।

1. परिचय

भा.कृ.अनु.प.-केन्द्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान की स्थापना 1924 में तत्कालीन भारतीय केंद्रीय कपास समिति (आईसीसीसी) द्वारा की गई। संस्थान उस वक्त की प्रथम तकनीकी प्रयोगशाला के रूप में, देश के भिन्न-भिन्न प्रांतो व कृषि विश्वविद्यालयों से प्राप्त विभिन्न कपास प्रजातियों के गुणों पर बुनियादी शोध करने और उनके आधिकारिक गुणवत्ता मूल्यांकन और कताई परीक्षण द्वारा कताई क्षमता का आकलन करने के लिए स्थापित की गई थी। वर्तमान में, भा.कृ.अनु.प.-केन्द्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-सिरकॉट) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के प्रमुख घटक संस्थानों में से एक है, जो कपास की चुनाई पश्च प्रौद्योगिकी और उप-उत्पाद मूल्यवर्धन में बुनियादी और रणनीतिक अनुसंधान करने के लिए अग्रसर है। यह संस्थान दुनिया में अपनी तरह का एकमात्र संस्थान है जो कपास के पौधे के हर हिस्से के उपयोग पर अनुसंधान एवं विकास और कपास के रेशों के लिए रेफरल प्रयोगशाला के रूप में कार्य करता है। अखिल भारतीय समन्वित कपास सुधार कार्यक्रम की स्थापना के बाद से ही संस्थान रेशा गुणवत्ता उन्मुख प्रजनन के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करता आ रहा है।

संस्थान अपने कौशल विकास कार्यक्रम के माध्यम से कृषि-व्यवसाय सृजनन सेवा और अन्य वाणिज्यिक सेवाओं जैसे; परीक्षण, परामर्श और अनुबंध शोध के अलावा किसानों और क्षेत्र में अन्य हितधारकों की क्षमता निर्माण की दिशा में कार्य कर रहा है।

आईसीएआर-सिरकॉट भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के लिए आइएसओ 9001:2015 और यांत्रिकी और भौतिक परीक्षणों के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा ISO 17025:2017 से प्रत्यायित है।

भा.कृ.अनु.प.-केन्द्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मुंबई वर्ष 2004 और 2019 में प्रतिष्ठित सरदार पटेल बेस्ट आईसीएआर इंस्टीट्यूशन अवार्ड (लघु संस्थान श्रेणी) विजेता रहा है।

विजन

'कपास प्रौद्योगिकी में वैश्विक उत्कृष्टता'

मिशन

वैज्ञानिक और प्रबंधन हस्तक्षेप द्वारा कपास के चुनाई उपरांत प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन और इसके उप-उत्पादों के उपयोग द्वारा अधिकाधिक आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक लाभों की प्राप्ति

अधिदेश

- कपास और उसके कृषि अवशेषों के प्रसंस्करण पर बुनियादी और सामरिक अनुसंधान, मूल्यवर्धित उप-उत्पादों का विकास एवं गुणवत्ता मूल्यांकन
- कौशल विकास और व्यवसाय उद्भवन सेवाएं और कपास रेशों के लिए रेफरल प्रयोगशाला

आइसीएआर-सिरकॉट का मुख्यालय मुंबई में है और इसकी क्षेत्रीय इकाइयाँ कपास उत्पादन के उत्तर, मध्य और दक्षिणी क्षेत्रों में फैली हुई हैं। संस्थान की छह (6) क्षेत्रीय इकाइयों में नागपुर स्थित ओटाई प्रशिक्षण केंद्र (जीटीसी), कोयम्बटूर, धारवाड़, गुंटूर, सिरसा और सूरत में स्थित गुणवत्ता मूल्यांकन इकाइयां शामिल हैं। संस्थान के चार अनुसंधान विभाग हैं, अर्थात्,

- यांत्रिक प्रसंस्करण विभाग (यां.प्र.वि.)
- गुणवत्ता मूल्यांकन एवं सुधार विभाग (गु.मू.सु.वि.)
- रासायनिक और जैव-रासायनिक प्रक्रिया विभाग (रा.जैवरा.प्र.वि.)
- प्रौद्योगिकी हस्तांतरण विभाग (प्रौ.ह.वि.)

नागपुर स्थित ओटाई प्रशिक्षण केंद्र यांत्रिक प्रसंस्करण विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में है, जबकि अन्य पांच क्षेत्रीय गुणवत्ता मूल्यांकन इकाइयां गु.मू.सु.वि. के प्रशासनिक नियंत्रण में हैं। क्षेत्रीय इकाइयों के साथ संस्थान के 4 अनुसंधान विभाग विभिन्न गतिविधियाँ जैसे; कपास चुनाई पश्च प्रसंस्करण और उप-उत्पाद और बायोमास

मूल्यवर्धन अनुसंधान, कौशल विकास, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और वाणिज्यिक सेवायें जैसे; परीक्षण, परामर्श और इन्क्यूबेशन प्रदान करते हैं।

अनुसंधान कार्य

संस्थान का प्राथमिक जनादेश कपास के प्रसंस्करण और इसके उप-उत्पादों और मूल्य वर्धित उत्पादों के विकास पर बुनियादी और रणनीतिक अनुसंधान करना है। संस्थान के अनुसंधान कार्यक्रम निम्नलिखित पांच व्यापक कोर क्षेत्रों के तहत किए जाते हैं:

- पूर्व-ओटाई और ओटाई;
- यांत्रिकी प्रसंस्करण, तकनीकी कपड़ा और कंपोजिट्स;
- अभिलक्षणन-कपास व अन्य प्राकृतिक रेशे, सूत एवं कपड़ा;
- रासायनिक और जैव-रासायनिक प्रसंस्करण, जैवभार और उप-उत्पाद उपयोगिता;
- व्यापार उद्भवन, उद्यमिता एवं मानव संसाधन विकास।

श्रृंखला में सभी हितधारकों को बेहतर आय प्रदान करना।

पूर्ण रूप से कपास प्रौद्योगिकी इसके उपोत्पादों और जैव भार पर अनुसंधान करने वाला यह संस्थान दुनिया में अपनी तरह का अनूठा है। अपने अस्तित्व के पिछले साढ़े नौ दशकों में कपास की कटाई के बाद के प्रसंस्करण की प्रगति और कपास उप-उत्पादों और बायोमास के मूल्यवर्धन में संस्थान का योगदान अभूतपूर्व है। संस्थान ने देश में जिनिंग (ओटाई) उद्योग के आधुनिकीकरण में कपास पर प्रौद्योगिकी मिशन (टीएमसी) के तहत एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ओटाई मशीनरी अनुसंधान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान ने देश को आत्मनिर्भर होने और ओटाई मशीनरी का मुख्य निर्यातक बनने में मदद की है। ओटाई मशीनरी अब बहुमूल्य विदेशी मुद्रा अर्जन के स्त्रोत स्वरुप अफ्रीकी-एशियाई देशों को निर्यात की जा रही है। आईसीएआर-सिरकॉट कपास की कटाई के बाद के प्रसंस्करण और कृषि-बायोमास के मूल्यवर्धन में मशीनरी के विकास के लिए अपने अनुसंधान एवं विकास प्रयासों में निजी क्षेत्र कों भी सहयोग दे रहा है। संस्थान ने संस्थान में विकसित मशीनों और उत्पादों का

आईसीएआर-सिरकॉट प्राकृतिक रेशों पर कंसोर्टिया रिसर्च प्लेटफॉर्म (सीआरपी) को लागू करने के लिए अग्रणी संस्थान और नोडल केंद्र के रुप में कार्य करता है। प्राकृतिक रेशों पर सीआरपी के उद्देश्य हैं;

- भारत में रेशा सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए उच्च प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके उपलब्ध प्राकृतिक रेशों और उनके उप-उत्पादों का दोहन करके समग्र रूप से कृषि आय में बढ़ोतरी लाना।
- मूल्यवर्धन के लिए नए रेशेदार कच्चे माल की पहचान करना और उसे अलग करना और इस प्रकार मूल्य

सफलतापूर्वक व्यावसायीकरण किया है। कॉटन स्ट्रिपर के लिए ऑन-बोर्ड प्री-क्लीनर, यांत्रिक रूप से चुने गए कपास के लिए सॉ बैंड प्री-क्लीनर और स्टिक हटाने की मशीन, सेल्फ-ग्रूविंग रबर रोलर के साथ डबल रोलर जिन, मिनिएचर स्पिनिंग सिस्टम, ग्रामीण स्तर की स्लाइवर बनाने की मशीन, कॉटन लिंट ओपनर, फ्लेक्सी चेक डैम के लिए रबर कंपोजिट आदि उल्लेखनीय हैं। कपास के रेशों और कपास बायोमास के मूल्यवर्धन के लिए कई प्रक्रिया प्रौद्योगिकियां भी संस्थान द्वारा विकसित और प्रदर्शित की गई हैं। कपास के डंठल के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों में, संस्थान ने कम लागत

वाले हरित शवदाहिनी और सतत पेलेट प्रभरण स्टोव विकसित किए हैं, जो क्रमशः कपास के डंठल-आधारित ब्रिकेट और पेलेट का उपयोग करते हैं, और प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग के माध्यम से इसका व्यावसायीकरण भी किया जा रहा है।

संस्थान कपास के विविध अनुप्रयोगों को बढ़ाने की दिशा में अग्रसर है। कई उत्पादों और प्रक्रियाओं को विकसित किया गया है जैसे; स्पोर्ट्सवियर के लिए सूती मिश्रित कपड़े, तकनीकी वस्त्रों विशेष रूप से चिकित्सा वस्त्रों में कपास का उपयोग किया है। संस्थान ने प्राकृतिक रंगीन कपास उत्पादों के विकास और केला छद्मतना रेशों से मूल्य वर्धित उत्पादों पर भी शोध किया है। सूती वस्त्रों के रासायनिक प्रसंस्करण और परिष्करण को पर्यावरण के अनुकूल बनाने में योगदान दिया है। इस संदर्भ में सूती वस्त्रों के लिए प्राकृतिक रंगों के निष्कर्षण और अनुप्रयोग, प्राकृतिक अर्कों का उपयोग करके कपड़ा सामग्री के लिए पर्यावरण के अनुकूल परिष्करण, नमक मुक्त रंगाई तकनीक आदि पर बहुत कार्य किया गया है। संस्थान ने प्राकृतिक रंगों की पहचान के लिए बीआईएस और आईएसओ मानक निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लिया। संस्थान ने गैर-जुगाली पशुओं के लिये पशुचारे के रूप में बिनौला खली को उपयोग में लाने हेतु उसमें मौजूद गॉसीपोल को हटाने के लिए सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शन प्रक्रिया व माइक्रोबियल प्रक्रिया भी विकसित की है।

संस्थान ने नैनोप्रौद्योगिकी और टेक्सटाइल और संमिश्र में इसके अनुप्रयोगों के क्षेत्र में अग्रणी कार्य किया है। नैनो सामग्री का उपयोग करके सूती वस्त्रों को विभिन्न कार्यात्मक परिसज्जा जैसे कि जीवाणु-रोधी, यूवी सुरक्षात्मक, जल विकर्षक, प्रदान करने की प्रक्रियाएं, संस्थान द्वारा विकसित की गई हैं। कपास लिंटर से नैनोसेल्युलोस का उत्पादन करने के लिए दुनिया में अपनी तरह का पहला स्वदेशी नैनोसेल्युलोस पायलट प्लांट संस्थान में विकसित रसा-यांत्रिकी प्रक्रिया के आधार पर वर्ष 2015 में स्थापित किया गया। नैनोसेल्युलोस का अनुप्रयोग सीमेंट कंक्रीट, रबर कम्पोजिट, पल्प और पेपर के कार्यात्मक गुणों को बढ़ाने के लिए और रियोलॉजी संशोधक के रूप में पेंट फॉर्मूलेशन में भी किया गया है। कपास और प्राकृतिक रेशा लुगदी के मिश्रण से सुरक्षा ग्रेड पेपर का विकास और सुरक्षा फीचर प्रदान करने का प्रदर्शन भी संस्थान द्वारा किया गया है। उर्वरक अनुप्रयोग के लिए नैनो-ज़िंक ओक्साइड उत्पादन तकनीक का मैसर्स आरसीएफ, मुंबई के लिए व्यावसायीकरण किया गया। संस्थान द्वारा उत्पादित नैनो सल्फर के विभिन्न फसलों में उर्वरक के रूप में उपयोग पर भी कार्य चल रहा है।

किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सरकार की पहल के अनुरूप, संस्थान ने कई नवीन परियोजनाएं शुरू की हैं। कपास बायोमास से खाद तैयार करके कपास बायोमास का मूल्यवर्धन, कपास बायोमास का उपयोग करके मशरूम की खेती को लोकप्रिय बनाना और नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोत के रूप में कपास के डंठल से ब्रिकेट और छर्रों को बना कर कपास के डंठल के लिए आर्थिक मूल्य बनाना, कृषि आय में वृद्धि के लिये की गई कुछ गतिविधियाँ हैं।

गुणवत्ता मूल्यांकन

संस्थान ने देश के कपास प्रजनन कार्यक्रम में कपास के रेशों का वस्तुनिष्ठ गुणवत्ता मूल्यांकन और मूल्य श्रृंखला में इसकी प्रक्रिया क्षमता का आकलन प्रदान करके किस्मों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संस्थान कपास पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (एआईसीआरपी) के तहत प्रौद्योगिकी भागीदार के रूप में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और कार्यक्रम में गुणवत्ता अनुसंधान के लिए प्रधान अन्वेषक के रूप में नामित है। संस्थान ने एक स्वदेशी मानक संदर्भ सामग्री, " आईसीएआर-सिरकॉट अंशांकन कपास" विकसित किया है, जो उच्च उपकरण (एचवीआइ) जैसे फाइबर परीक्षण उपकरणों को अंशांकन करने के लिए उपयोग की जाने वाली यूएसडीए संदर्भ सामग्री के लिए जाना माना आयात विकल्प है। आईसीएआर-सिरकॉट को कमोडिटी बाजार में कपास के गुणवत्ता मूल्यांकन के लिए भारतीय समाशोधन निगम द्वारा अनुमोदित परखकर्ता के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

कौशल विकास

संस्थान नियमित रुप से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अभिनव कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करता आ

रहा है। संस्थान कटाई के बाद के प्रसंस्करण और कपास के उप-उत्पादों के मूल्यवर्धन, उत्पादन में वृद्धि और ग्राम स्तर पर प्रसंस्करण के माध्यम से कृषि आय में वृद्धि पर किसानों को प्रशिक्षण कार्यक्रम भी प्रदान करता है। चालू वर्ष के दौरान, आईसीएआर-सिरकॉट के नागपुर स्थित ओटाई प्रशिक्षण केंद्र ने अक्टूबर 2021 में 16 बैचों में एक दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। विश्व बैंक द्वारा सहायता प्राप्त महाराष्ट्र राज्य कृषि व्यवसाय और ग्रामीण परिवर्तन (SMART) आजीविका परियोजना के तहत FPO से जुड़े लगभग 900 प्रमुख किसानों, कृषि अधिकारियों और अन्य हितधारकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

संस्थान अफ्रीकी देशों में कपास क्षेत्र की क्षमता निर्माण की जरूरतों को भी पूरा करता है। संस्थान ने अफ्रीका के लिए कपास तकनीकी सहायता कार्यक्रम (कॉटन टीएपी) के तहत सात अफ्रीकी देशों बेनिन, बुर्किना फासो, चाड, माली, मलावी, नाइजीरिया और युगांडा में हितधारकों की क्षमता निर्माण में योगदान दिया है। आईसीएआर-सिरकॉट ने बोहिकॉन, बेनिन में पोस्ट-हार्वेस्ट और ओटाई प्रौद्योगिकियों के लिए एक क्षेत्रीय ज्ञान क्लस्टर सह प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। संस्थान इंडो-अफ्रीकन फोरम समिट के अनुसार अफ्रीकी हितधारकों का कौशल निर्माण भी करता है। हाल ही में आईसीएआर-सिरकॉट ने जाम्बिया, जिम्बाब्वे, तंजानिया और युगांडा में "पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीका में कपास उप-उत्पादों को बढ़ावा देने" पर संयुक्त राष्ट्र विकास खाता परियोजना 1617K को लागू करने में व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCTAD) की सहायता की है। प्रशिक्षण प्रकोष्ठ वैज्ञानिक को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने में आवश्यक सहायता प्रदान करता है।

उद्भवन सेवा

संस्थान का एग्री-बिजनेस इन्क्यूबेशन (एबीआई) केंद्र स्टार्ट-अप इंडिया के सरकारी कार्यक्रम के अनुरूप कपास फसल कटाई के बाद प्रसंस्करण और उसके बायोमास में नवीन तकनीकों के आधार पर नए उद्यम को बढ़ावा दे रहा है और उसका पोषण कर रहा है। जनवरी 2019 से सिरकॉट- एबीआई कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा समर्थित एवं वित्तपोषित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना-कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के कायाकल्प के लिये लाभकारी दृष्टिकोण (आरकेवीवाई-रफ़्तार) - कृषि व्यवसाय सृजनक (आर-एबीआई) परियोजना के अंतर्गत सिरकॉट आर-एबीआई के रुप में उत्पाद विकास, व्यावसायीकरण और स्केल अप में कृषि उद्यमियों को अनुदान सहायता प्रदान कर रहा है।

वाणिज्यिक सेवाएं

आईसीएआर-सिरकॉट कपास के रेशों, सूत और सूती वस्त्रों और अन्य रेशों के साथ कपास के मिश्रण के परीक्षण के लिए सर्वाधिक मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में से एक है। यह कपास मूल्य श्रृंखला में हितधारकों के लिए वाणिज्यिक सेवाएं प्रदान करता है। संस्थान में कई परीक्षण सुविधाएं 1999 से ही प्रयोगशालाओं के परीक्षण और अंशांकन के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा आईएसओ 17025:2017 के साथ प्रत्यायित है। संस्थान को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ 9001:2015 से भी प्रमाणित किया गया है।

अनुसंधान प्रबंधन और प्रशासन

निदेशक संस्थान के प्रमुख हैं और उन्हें प्रभागों, प्रशासन और वित्त और लेखा अनुभागों के प्रमुखों द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। परिषद द्वारा गठित अनुसंधान सलाहकार समिति (आरएसी), संस्थान के अनुसंधान कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित करने में निदेशक का मार्गदर्शन करती है। संस्थान प्रबंधन समिति संस्थान के मामलों के प्रबंधन में आवश्यक सहायता प्रदान करती है।

निदेशक संस्थान अनुसंधान परिषद के माध्यम से संस्थान अनुसंधान गतिविधियों की प्रगति की देखरेख करते हैं जिसकी वर्ष में दो बार बैठक होती हैं। प्राथमिकता-निर्धारण, निगरानी और मूल्यांकन (पीएमई) सेल विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं के प्रदर्शन का आकलन करने, परिषद के साथ संचार आदि को संभालने में निदेशक की सहायता करता है।

संस्थान में की जाने वाली व्यावसायिक परीक्षण गतिविधियों को परीक्षण गृह के माध्यम से निष्पादित किया जाता है जो प्रदान की गई सेवाओं में गोपनीयता सुनिश्चित करता है।



आईसीएआर-सिरकॉट, मुंबई का ऑर्गनोग्राम

तालिका 1.1 कार्मिक स्थिति (31-12-2022 को)

श्रेणी	स्वीकृत पद	अधिकृत पद	रिक्त पद
वैज्ञानिक	48	29	19
तकनीकी	112	55	57
प्रशासनिक	37	21	16
कुशल सहायक कर्मचारी	36	24	12
कुल कार्मिक	**233**	**129**	**104**

वित्त प्रबंधन

आईसीएआर-सिरकॉट का आंतरिक संसाधन सृजन के माध्यम से परिषद द्वारा प्रदान किए गए राजस्व सृजन लक्ष्य को पूरा करने में एक बहुत अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड है। संस्थान की प्रौद्योगिकियों के आधार पर विकसित उत्पादों की बिक्री के अलावा प्रौद्योगिकी व्यावसायीकरण, प्रौद्योगिकी ऊष्मायन सेवा, परामर्श और वाणिज्यिक परीक्षण सेवाओं के माध्यम से भी राजस्व अर्जन होता है।

आईसीएआर-सिरकॉट आबंटित निधि का 100% उपयोग सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करता है।

चित्र 1.2 अर्जित राजस्व (₹ लाख में)



	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	अप्रैल-दिसंबर 2022
परीक्षण	81	122	279	123	40
प्रशिक्षण	32	21	18	5	30
परामर्श सेवाएं	30	26	7	103	13
अन्य	33	14	27	22	61
कुल	176	183	331	253	144

तालिका 1.3 आईसीएआर-सिरकॉट (एससीएसपी सहित) के अंतर्गत निधि उपयोग का विवरण

₹ लाख में

शीर्ष : व्यय		वर्ष 2021-22			वर्ष 2022-23 (अप्रैल –दिसंबर 2022)	
		प्राप्त निधि	वास्तविक व्यय	उपयोग	प्राप्त निधि	वास्तविक व्यय
अनुदान सहायता -पूंजी		129.63	129.63	100 %	129.89	54.84
अनुदान सहायता -वेतन		1887.10	1887.10	100 %	1975.10	1698.15
सहायता अनुदान-सामान्य	पेंशन केवल	259.00	259.00	100 %	615.00	434.25
	पेंशन के अलावा	518.13	518.13	100 %	440.57	339.35
कुल		**2793.86**	**2793.86**	**100%**	**3160.56**	**2526.59**

तालिका 1.3 सीआरपी: प्राकृतिक रेशें अंतर्गत निधि का विवरण

(₹ लाख में)

शीर्ष : व्यय	वर्ष 2021-22		वर्ष 2022-23 (अप्रैल –दिसंबर 2022)	
	प्राप्त निधि	वास्तविक व्यय	प्राप्त निधि	वास्तविक व्यय
अनुदान सहायता -पूंजी	10.67	10.67	11.14	2.00
सहायता अनुदान- सामान्य (पेंशन के अलावा)	43.68	43.68	37.15	28.43
कुल	**54.35**	**54.35**	**48.29**	**30.43**

2. प्रमुख अनुसंधान उपलब्धियाँ

2.1 मुख्य क्षेत्र - I ओटाई पूर्व और ओटाई

2.1.1 कपास ओटाई प्रतिशत मापक उपकरण का विकास

परियोजना का उद्देश्य भारत में उपलब्ध बीज कपास किस्मों/संकर किस्मों के ओटाई प्रतिशत को मापने के लिए शीघ्र, चल और अविनाशकारी उपकरण विकसित करना था।

अ.भा.स.अनु.प. (कपास), कोयंबटूर के सभी समन्वय केंद्रों से अलग-अलग ओटाई प्रतिशत के बीज कपास के नमूने प्राप्त किए गए थे। 90 नमूनों का (जिनमें15 जी. अर्बोरियम, 15 जी. हर्बेसियम, 1 जी. बारबाडेन्सऔर शेष 59 जी. हिर्सुटम या हिर्सुटम और बारबाडेंस के संकरकिस्म शामिल है), जिनकीअलग-अलग ओटाई प्रतिशत / जीओटी है मूल्यांकन किया गया। इनमेंओटाई प्रतिशत की सीमा 33.4 - 44.6 (जी. आर्बोरियम) 33.1 - 44.8 (जी. हर्बेसियम)और 30.1 - 42.3 (जी. हिर्सुटम / इनके संकरकिस्मों) मे देखी गई।

बीज कपास, लिंट और बीज के नमी शोषण-अवशोषण व्यवहार का पता लगाने के लिए एक प्रयोग किया गया, जिसके लिए पर्यावरण नियंत्रण कक्ष में अलग-अलग सापेक्ष आर्द्रता स्थितियों (25 डिग्री सेल्सियस पर 80, 50 और 33%) को नियंत्रित किया गयाथा.प्रत्येक नमूने को तौला गया और संतुलित नमी की मात्रा (ई.एम.सी.) पहुंचने एवं स्थिर वजन प्राप्त होने तक सापेक्ष आर्द्रता स्थिति में रखा गया। कपास की किस्में जैसे की प्रयोग में फुले धन्वंतरी (आरएचएआरबी-02-1) और सरनम (कम लंबा रेशा), फुले यमुना (आरएचसी 0717) (मध्यम लंबा रेशा), और सीआईसीआर हाइब्रिड किस्म सीआईसीआर सूरज (सीसीएच 510-4) (लंबा रेशा) का प्रयोग किया गया।DCH32 (अधिक लंबा रेशा), बनी (लंबा रेशा) और J34 (मध्यम लंबा रेशा) नामक तीन व्यापारिक किस्मों के अलावा, एक व्यावसायिक किस्म (युवा) का भी अध्ययन किया गया था। परिणाम तालिका 2.1 में प्रस्तुत किए गए हैं।परिणाम बताते हैं कि तीनों घटकों में से बीज में अधिकतम नमी होती है, इसके बाद बीज कपास और न्यूनतम रूई में होती है। बीज कपास की नमी एक महत्वपूर्ण मापदंड है और ओटाई प्रतिशत संबंधित नमी प्रतिशतपर व्यक्त किया जाना चाहिए।

ओटाई प्रतिशत के बदलने के साथबदलते बीज कपास गुणों की पहचान करने के लिएबीज कपास, बीज और रूई के नमूनों पर माइक्रोवेव के प्रयोग किए गये। शुरुआती परीक्षणों से पता चला है कि रूई की तुलना में बीज के माध्यम से प्रसारित होने पर 2400 kHz की माइक्रोवेव में लगभग 50% नुकसान हुआ था। ओटाई प्रतिशत को मापने के लिए उपकरण के विकास की संभावना विभिन्न माइक्रोवेव में आगे के परीक्षणों के आधार पर खोजी जाएगी।

तालिका 2.1 विभिन्न सापेक्षिक आर्द्रताओं पर संतुलित नमी की मात्रा

किस्म	अवयव	प्रारंभिक नमी %	संतुलित नमी की मात्रा %		
			सापेक्ष आर्द्रता 33 ±2 %	सापेक्ष आर्द्रता 50 ±2 %	सापेक्ष आर्द्रता 80 ±2 %
फुले धन्वंतरी (RHARB-02-1)	बीज कपास	7.14	7.12	8.54	13.82
	रुई	4.44	7.60	7.00	11.61
	बीज	7.34	6.79	7.91	13.52
फुले यमुना (RHC 0717)	बीज कपास	9.95	5.10	8.10	12.16
	रुई	5.21	4.88	6.69	11.38
	बीज	8.70	7.82	9.95	15.05
सी.आय.सी.आर. सुरज (CCH 510-4)	बीज कपास	10.66	4.30	8.40	11.20
	रुई	8.59	4.83	7.00	9.49
	बीज	8.70	7.82	9.95	15.05
सरनम	बीज कपास	9.67	4.46	7.57	11.36
	रुई	10.91	7.06	6.72	10.96
	बीज	9.33	5.22	8.88	14.94
युवा	बीज कपास	11.94	6.26	8.59	11.37
	रुई	3.64	6.17	6.88	10.70
	बीज	7.13	7.71	9.44	10.46
डी.सी.एच.-32	बीज कपास	8.85	6.98	8.03	11.20
	रुई	3.85	7.53	6.92	10.74
	बीज	6.77	6.86	8.83	12.20
बन्नी	बीज कपास	11.35	5.43	7.86	12.94
	रुई	11.20	5.84	7.54	10.90
	बीज	9.59	5.52	9.48	10.76
जे. -34	बीज कपास	8.81	4.28	8.67	12.58
	लिंट	6.72	4.23	6.41	11.97
	बीज	9.44	4.60	8.56	15.21

2.1.2 डबल रोलर जिन के प्रदर्शन में वृद्धि करने हेतु क्रोम लेदर रोलर के खांचा प्रोफाइल और व्यास का अनुकूलन

परियोजना का मुख्य उद्देश्य डीआर जिन के प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए क्रोम लेदर रोलर के खांचा प्रोफाइल और रोलर व्यास का अनुकूलन करना था। इसलिए संशोधित खांचा प्रोफाइल वाले रोलर्स का उपयोग ओटाई प्रयोगों को पूरा करने के लिए किया गया।

ओ. प्र. कें., नागपुर में कपास की राशि -659 किस्म (बीजी-II) के साथ प्रयोग किए गए। प्रायोगिक डिजाइन के अनुसार उपयुक्त व्यास, नाली रिक्ति और चौड़ाई के साथ क्रोम लेदर रोलर्स मैसर्स बजाज स्टील इंडस्ट्रीज लिमिटेड, नागपुर द्वारा प्रदान किए गए थे। मशीन के कारण परिणामों में भिन्नता को नियंत्रित करने के लिए ओटाई प्रयोगों का संचालन करने के लिए एक जिन स्टैंड का उपयोग किया गया। पूर्ण क्रमगुणित विधि का उपयोग दो चर (नाली रिक्ति और रोलर व्यास) के प्रयोगों को डिजाइन करने के लिए किया गया था, जिनमें से प्रत्येक में अलग-अलग स्तर थे, जिसके परिणामस्वरूप 60 प्रयोग हुए। ओटाई परीक्षणों से यह देखा गया कि रुई का उत्पादन 54.0 किलोग्राम / घंटा से 78.6 किलोग्राम / घंटा तक भिन्न होता है। सबसे कम रुई का उत्पादन 12 खांचे और 130

मिमी रोलर व्यास वाले रोलर का उपयोग करके दर्ज किया गया था, जबकि उच्चतम उत्पादन 160 मिमी रोलर व्यास के साथ 22 खांचे वाले माउंटिंग रोलर द्वारा दर्ज किया गया था। एचवीआई और एएफआईएस प्रणाली का उपयोग करके रुई की गुणवत्ता मापदंडों का भी अध्ययन किया गया था। प्रयोगों के दौरान देखे गए विभिन्न आश्रित मापदंडों की श्रेणियों को तालिका 2.2 में प्रस्तुत किया गया है।

तालिका 2.2 जिनिंग प्रयोगों के दौरान देखी गई प्रतिक्रियाओं के मूल्य

क्र.	प्रतिक्रिया	इकाइयों	मिनट	अधिकतम	औसत	मानक विचलन
1	रुई का उत्पादन	की. ग्रा./घंटा	54.0	78.6	10.80	7.67
2	यू एच एम एल	मिलीमीटर	26.3	29.6	28.18	0.63
3	यू आई	%	80	84	82.57	1.09
4	एमआई सी	माइक्रो ग्रा. / इंच	2.7	4.1	3.46	0.30
5	दृढ़ता	ग्रा./टेक्स	25.7	30.8	28.03	1.09
6	दीर्घीकरण	%	4.6	5.6	5.08	0.21
7	आर डी	-	69.6	77.2	72.82	2.06
8	+बी	-	8	11.9	9.65	0.77
9	कचरा	%	1.6	5.6	3.15	0.84
10	कुल नेप्स	%	69	242	130.67	38.94
11	नेप्स औसत आकार	सेमी/ग्रा.	647	884	766.05	41.79
12	फाइबर नेप्स	माइक्रो मी.	50	224	110.12	37.48
13	सीड कट नेप्स	सेमी/ग्रा.	12	54	20.73	6.72
14	फाइबर लंबाई (डब्ल्यू)	सेमी/ग्रा.	21.9	26.2	24.37	0.87
15	एस एफ सी (डब्ल्यू)	मि.मी.	6.8	13.2	9.48	1.52
16	फाइबर लंबाई (एन)	%	17.2	21.1	19.31	0.92
17	एस एफ सी (एन)	मि.मी.	21.4	34.5	27.25	3.21
18	महीनता	%	123	161	152.70	5.30
19	परिपक्वता अनुपात	-	0.77	0.88	0.83	0.024
20	आई एफ सी	(%)	4.2	8.2	5.67	0.77

डेटा का सांख्यिकीय विश्लेषण डिजाइन एक्सपर्ट 11.0 सॉफ्टवेयर का उपयोग करके किया गया। यह देखा गया कि रुई का उत्पादन, यूएचएमएल और नेप्स, प्रयोगात्मक चर (रोलर व्यास और नाली रिक्ति) के साथ काफी भिन्न होते हैं। अन्य सभी गुणवत्ता मापदंडों का प्रयोगात्मक चर के साथ गैर-महत्वपूर्ण संबंध पाया गया। परिणामों की पुष्टि एनोवा परीक्षण द्वारा की गई थी। रुई का उत्पादन और यूएचएमएल पर रोलर व्यास और खांचे की संख्या के इंटरैक्टिव प्रभाव को चित्र 2.1 में प्रस्तुत 3-डी सतह आरेखों का उपयोग करके देखा गया है।



चित्र 2.1 स्वतंत्र चर का ए) रुई का उत्पादन और बी) यूएचएमएल पर प्रभाव

प्रक्रिया चर के साथ डीआर जिन की उत्पादकता में वृद्धि के लिए संख्यात्मक और चित्रमय अनुकूलन किया गया। अनुकूलन के परिणाम से पता चलता है कि 20 खांचे और 170 मिमी व्यास क्रोम लेदर रोलर के साथ 12.86 किलोग्राम / 10 मिनट का अधिकतम रुई का उत्पादन देखा जाएगा। अन्य रुई की गुणवत्ता मापदंड प्रयोगात्मक चर (तालिका 2.3) के अनुकूलित स्तरों पर स्वीकार्य सीमा में पाए गए थे। इष्टतमीकरण का 3-डी सतह प्लॉट इष्टतम प्रक्रिया चर के लिए प्रतिक्रिया का सबसे अच्छा समझौता चुनने के लिए तैयार किया गया था जैसा कि चित्र 2.2 में दिखाया गया है। संख्यात्मक अनुकूलन के परिणामों की पुष्टि अनुकूलन के ग्राफ से की जा सकती है।

तालिका 2.3 संख्यात्मक इष्टतमीकरण

स्वतंत्र चर		परिणाम		
खांचे की संख्या	रोलर व्यास (मिमी)	रुई का उत्पादन कि.ग्रा./10 मिनट	यू एच एम् एल (मिमी)	नेप्स
20	170	12.86	28.27	104



चित्र 2.2 इष्टतमीकरण का ३-डी सतह ग्राफ

2.1.3 वायवीय (न्युमेटिक) विभाजन कार्यप्रणाली पर आधारित बीज कपास कचरा सामग्री विश्लेषक का विकास

- वायवीय विभाजन कार्यप्रणाली पर आधारित 20-25 नमूने/घंटा परीक्षण क्षमता का एक बीज कपास कचरा विश्लेषक विकसित और अनुकूलित किया गया है।
- विकसित प्रणाली में क्रमशः 457x610x203 मिमी ऊंचाई, चौड़ाई और गहराई वाला एक आयताकार कक्ष होता है। इसके ऊपर और नीचे गोलाकार सिरे हैं।
- चैम्बर के पीछे स्थित आठ जेटों से संपीड़ित हवा की आपूर्ति करने का प्रावधान है ताकि चैम्बर की परिधि के चारों ओर कपास की टंबलिंग और प्रवाह हो सके।
- डिज़ाइन की गई प्रणाली में बाह्य पदार्थ को दो छलनी 3.3 मिमी छिद्र और 75-माइक्रोन छिद्र की श्रृंखला पर एकत्र किया जाता है।
- बीज कपास से कचरे के चूषण के लिए 3-8 बार का वायवीय दबाव नियोजित किया जाता है।
- वायुदाब 6 बार और 75 सेकंड अवधि को यंत्र द्वारा काटे गए कपास से कचरा सामग्री निर्धारित करने के लिए इष्टतम परिचालन स्थितियों के रूप में पाया गया है।
- यांत्रिक रूप से काटे गए कपास के नमूने की कचरा सामग्री के परीक्षण और माप के लिए कुल साड़े तीन से चार मिनट की अवधि की आवश्यकता होती है, जबकि शर्ली कचरा विश्लेषक का उपयोग करके कचरा सामग्री को मापने के लिए 30 मिनट की अवधि की आवश्यकता होती है। हालाँकि, वायवीय (न्युमेटिक) विभाजन कार्यप्रणाली का उपयोग करके साफ की गई कपास में लगभग 30% कचरा रह जाता है।
- इस उपकरण में रेशों से कसकर जुड़ी पत्तियों के टुकड़ो को अलग नहीं किया जा सका।
- विकसित प्रणाली का उपयोग ओटाई कारखानों /बाज़ार प्रांगणों में मशीन से काटी गई कपास के कचरे के त्वरित मूल्यांकन के लिए किया जा सकता है।

बीज कपास कचरा विश्लेषक

कचरा संग्रहण चलनी

वेध कचरा संग्रहण

2.1.4 हाथ से चलने वाली कपास चुनाई मशीन के क्षेत्र परीक्षण और कार्यक्षमता का आकलन

हाथ से चुनाई की तुलना में, हाथ से चलने वाली कपास चुनाई मशीन का क्षेत्र परीक्षण, इसकी कार्यक्षमता, श्रमिकों के लिए जोखिम और कपास चुनने के लिए उपयुक्तता का आकलन करने के लिए किया गया। यह परीक्षण आई.सी.ए.आर.- सिरकोट, मुंबई, आई.सी.ए.आर.- सी.आई.सी.आर.,नागपुर, आई.सी.ए.आर.- सी.आई.ए.ई., भोपाल के वैज्ञानिकों और साइमा-सी.डी.आर.ए., कोयम्बटूर के प्रतिनिधियों की टीम द्वारा संयुक्त रूप से सी.आई.सी.आर, नागपुर के कपास के खेतों में पहली चुनाई के दौरान किया। इस परीक्षण में कपास की किस्म राशि (राशी -मैजिक 386, बीजी-2) का उपयोग किया गया था तथा जब परिक्षण किया गया था उस समय खेत में लगभग 50 प्रतिशत डोडे पूरी तरह से खुले हुए थे। यह परीक्षण तीन पुरुष तथा तीन महिलाओं द्वारा कराया गया था तथा मूल्यांकन अध्ययन के लिए कुल मिलाकर 36 प्रयोग किए गए थे। इस परीक्षण में क्षेत्र का माप, चुनाई क्षमता, फसल कटाई से पहले और बाद के नुकसान, शारीरिक कार्य भार, शारीरिक मुद्रा, हाथ का तनाव, सुरक्षा, कपास चुनने के दौरान लगे श्रमिकों के स्वास्थ्य पहलुओं, कपास की गुणवत्ता और कचरे की मात्रा, चुनने के दौरान आने वाली मशीन की समस्याओं और किसानों से प्रतिक्रिया आदि से संबंधित डेटा एकत्रित किया गया और उसका विश्लेषण किया गया। इस परीक्षण से यह पाया गया की मशीन द्वारा कपास की चुनाई आसानी से हो पा रही थी। हालांकि, उत्पादकता, शारीरिक कार्य भार और कपास की गुणवत्ता के मामले में इसकी चयन क्षमता, हाथ से चुनाई की तुलना में काफी कम थी। चुनाई के बाद यह पाया गया कि औसतन, एक पुरुष श्रमिक, मशीन के साथ लगभग 4.3 किलोग्राम / घंटा कपास चुन सका, जबकि हाथो द्वारा वह 6.3 किलोग्राम / घंटा कपास चुनाई कर पाया। जिसके परिणामस्वरूप पुरुष श्रमिकों की उत्पादकता में लगभग 30% की कमी पायी गयी। महिला श्रमिकों के मामले में यह पाया गया कि औसतन, एक महिला श्रमिक, मशीन के साथ लगभग 3.5 किलोग्राम / घंटा कपास चुन पायी, जबकि हाथो द्वारा वह 6.3 किलोग्राम / घंटा कपास चुनाई कर पायी। जिसके परिणामस्वरूप महिला श्रमिकों की उत्पादकता में लगभग 44% की कमी आती है। मशीन द्वारा चुनाई क्षमता में कमी का मुख्य कारण यह पाया गया की मशीन चुनाई में एक हाथ से पौधे को पकड़ना होता है तथा दूसरे हाथ से मशीन को चलाना पड़ता है। जबकि हाथ से चुनने के मामले में, श्रमिकों ने कपास चुनने के लिए एक समय में दोनों हाथों का उपयोग किया। क्योंकि एक डोडे से सभी कोष्ठकों को एक बार में नहीं चुना जा सकता। यह पाया गया कि एक बॉल डोडे भी कोष्ठकों को चुनने के लिए, मशीन के चुनाई सिलेंडर को दो से तीन बार, डोडों पास ले जाना पड़ता है। जबकि हाथ से चुनने के मामले में, अधिकांश समय एक डोडें में सभी कोष्ठकों को एक समय में चुना जा सकता है। चुनाई पश्चात मशीन द्वारा कपास का नुकसान, हाथ से चुनाई की तुलना में दो से तीन गुना अधिक पाया गया, क्योंकि मशीन से चुनाई में, कुछ कपास के डोडे आंशिक रूप से चुने गए या पूरी तरह से बिना चुने छोड़ दिए गए थे और कुछ कपास चुनते समय जमीन पर गिर गए थे।

हाथ से कपास चुनाई की तुलना में मशीन द्वारा कपास चुनाई में अधिक प्रयासों की आवश्यकता पायी गयी। यह श्रमिकों की हृदय गति में वृद्धि से परिलक्षित होता है। हाथ से कपास चुनाई की तुलना में मशीन द्वारा कपास चुनाई में पुरुष और महिला दोनों श्रमिकों की हृदय गति में लगभग 10-15% की वृद्धि पायी गयी। मशीन और चुनाई बैग के वजन के कारण श्रमिक एक घंटे से अधिक समय तक कपास चुनाई नहीं कर पाये क्योंकि श्रमिकों को बहुत थकान महसूस हुई और थकावट की वजह से उन्हें जल्द ही मशीन चुनाई बंद करनी पड़ी। मशीन को पकड़ने के कारण कलाई और बांह पर तनाव पैदा हुआ और बैटरी और चुनाई बैग के वजन के कारण मध्य और पीठ के निचले हिस्से पर तनाव हुआ। पुरुष श्रमिकों की तुलना में, महिला श्रमिकों को मशीन द्वारा कपास चुनाई की प्रक्रिया में अधिक शारीरिक कठिनाईयाँ महसुस हुई। जबकि हाथ से कपास चुनाई में, श्रमिक आराम किए बिना डेढ़ घंटे से अधिक समय तक लगातार कपास चुन सके। श्रमिकों और किसानों के बीच मशीन द्वारा कपास चुनने के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हरदोली गांव, नागपुर और आई.सी.ए.आर.-सी.आई.सी.आर. नागपुर, कपास फार्म में,परीक्षण, प्रशिक्षण, और प्रदर्शन किया गया। जिससे लगभग 50 किसान लाभान्वित हुए।

2.2 मुख्य क्षेत्र II: यांत्रिक प्रसंस्करण, तकनीकी कपड़ा और कंपोजिट

2.2.1 कपड़े के कचरे से प्राप्त पुनः चक्रित रेशे की कताई क्षमता का मूल्याङ्कन और उससे विकसित मूल्य वर्धित उत्पाद के दिशा निर्देश का निरूपण

पुनः चक्रित सूत का उत्पादन पुनः चक्रित कपास और वर्जिन कपास के सम्मिश्रण से किया जाता है। कताई की इस पूरी प्रक्रिया में विभिन्न सम्मिश्रण इस प्रकार है 90% वर्जिन कपास/ 10% पुनः चक्रित कपास, 80% वर्जिन कपास/ 2 0 % पुनः चक्रित कपास, 6 5 % वर्जिन कपास/35% पुनः चक्रित कपास और 100% वर्जिन कपास। चूँकि पुनः चक्रित कपास की लम्बाई काम होती है इसलिए शत प्रतिशत इस रेशे का प्रयोग करके कताई करना बहुत मुश्किल है। यही कारण है कि कताई के लिए कम -से-कम 10% लम्बे रेशे की ज़रुरत पड़ती है ताकि जब दो रोलरों के बीच रेशे का स्थानांतरण हों उस समय छोटे रेशे का परिचालन और पकड़ सुचारु रूप से हो सके। सभी सम्मिश्रण के लिए 5 किलोग्राम भार वाले नमूने का चुनाव किया गया है और लैप बनाने के लिए परंपरागत ब्लोरूम मशीन का प्रयोग किया गया है। यह पाया गया की ब्लोरूम और कार्डिंग प्रक्रिया के दौरान 20 से 30 % रेशे का ह्रास हो जाता है। पूरे स्लाइवर का भार मापा गया है और उसकी लंबाई रैपिंग ड्रम की सहायता से निकाली गई। फिर कार्डिंग हैंक की गणना की गई। पूरे स्लाइवर को छह बराबर भागों में रैपिंग ब्लॉक की मदद से काटा गया और इन छह कटे हुए स्लाइवरों को लघु ड्राइंग मशीन में डाला गया ताकि समान समानांतर स्लाइवर प्राप्त हो सकें। स्पीड फ्रेम द्वारा स्लाइवर को रोविंग में परिणत किया जाता है और फिर 16 , 20 , 30 , 40, और 50 सूतांक वाले सूत की कताई रिंग कताई मशीन द्वारा की गई। ली शक्ति का परीक्षण, संगणक ली शक्ति परीक्षक की सहायता से किया गया। (मॉडल स्पिन सॉफ्ट मैग वर्जन 3.3.12)।

चित्र 2.3 और 2.4 में पुनः चक्रित रेशे के अनुपात और सूतांक का सी अस पी और एकल सूत की ताक़त पर उसके प्रभाव को दर्शाया गया है। चित्र 2.3 से यह पता चलता है कि 100% वर्जिन कपास की सी अस पी का मान बाकी अन्य अनुपात वाले सम्मिश्रित सूत से अधिक है। अधिकतम 2218 सी अस पी का मान माध्यम सूतांकों जैसे 20, 30 और 40 के लिए प्राप्त हुआ। उच्च सूतांक जैसे 50

के लिए सी अस पी का मान कुछ कम यानी 2280 प्राप्त हुआ है। जैसे - जैसे पुनः चक्रित रेशे का अनुपात बढ़ता गया वैसे-वैसे सी अस पी का मान काफी कम होता गया। 65 % वर्जिन कपास/35% पुनः चक्रित कपास के संयोजन से बनाए गए सूत का सी अस पी 1694 आया। इसी प्रकार जैसे-जैसे सूतांक का परास बढ़ता है, सूत का सी अस पी कम होता गया। न्यूनतम सी अस पी का मान 50 सूतांक वाले 65% वर्जिन कपास / 35% पुनः चक्रित कपास वाले सूत का मिला है। 16 और 30 सूतांक वाले सम्मिश्रित सूत का सी अस पी काफी अच्छा है। 16 सूतांक वाले एकल सूत की स्थिति में सूत की मज़बूती, पुनः चक्रित रेशे का अनुपात बढ़ाने से बढ़ती है लेकिन जैसे ही सूतांक का परास बढ़ता है, एकल सूत की मज़बूती काफी घट जाती है।



चित्र 2.3 पुनः चक्रित रेशे के अनुपात और सूतांक का सी अस पी पर प्रभाव



चित्र 2.4 पुनः चक्रित रेशे के अनुपात और सूतांक का एकल सूत की मज़बूती पर प्रभाव

2.2.2 शहरी खेती के लिए सेल्युलोसिक नैनोरेशा आधारित सूक्ष्म पोषक तत्व वितरण प्रणाली का विकास

उच्च उत्पादन घूर्णी ड्रम सूई रहित विद्युत कताई प्रणाली (पीडीईएस)

स्वदेशी उच्च-उत्पादन घूर्णी ड्रम सूई रहित विद्युत कताई (पीडीईएस) प्रणाली को सफलतापूर्वक डिजाइन और निर्मित किया गया था (चित्र 2. 5)। पारंपरिक एकल-सुई विद्युत कताई प्रणाली की तुलना में विकसित प्रतिकृति की उत्पादन क्षमता लगभग 6-8 गुना अधिक है। यह ड्रम व्यवस्था माध्यम से एक समान टेलर शंकु निर्माण और घोल का सकारात्मक संभरण भी प्रदान करता है। नैनोरेशे के निरंतर उत्पादन के लिए ड्रम की सतह पर 800 से अधिक खाचें बनाए गए थे। ड्रम की गति को इलेक्ट्रॉनिक नियंत्रण इकाई के माध्यम से बहुलक श्यानता के अनुसार नियंत्रित किया जा सकता है।



चित्र: 2.5 निर्मित प्रोफाइल घूर्णी ड्रम सुई रहित विद्युत कताई सेट-अप

विद्युत कताई द्वारा निर्मित नैनोरेशा पाउच से पोषक तत्व निक्षालन व्यवहार विश्लेषण

बहुप्रावस्था विद्युत कताई मशीन का उपयोग करके नैनोरेशा पोषक तत्व संपुटीकरण के लिए प्रक्रिया प्रोटोकॉल को अनुकूलित किया गया। पोषक तत्वों से भरपूर नैनोरेशा पाउच के पोषक तत्व-मुक्ति व्यवहार का अलग-अलग समय के अंतराल पर विश्लेषण किया गया। तीन उपचार जैसे T1-PVA + 5% Zn mat, T2 - PVA + 10% Zn mat, और T3-Control PVA 10% (चित्र.2.6) मैट का उपयोग किया गया। तौले गए फिल्टर पेपर को सीधे पेट्रिडिश पर रखा गया था और जिंक से भारित इलेक्ट्रोस्पन मैट पाउच को फिल्टर पेपर पर रखा गया। फिल्टर पेपर और पोषक तत्व पाउच को प्रतिदिन 5 मिलीलीटर आसुत जल से नम (8 दिन) किया गया। यह देखा गया कि 5% और 10% भारित इलेक्ट्रोस्पून मैट दोनों के लिए 1 दिन से 8 दिनों तक पोषक तत्वों की क्रमिक विमुक्ति देखी गई। आठ दिनों के भीतर 10% जिंक भारित मैट में उच्चतम जिंक विमुक्ति 94.4% देखी गई, जबकि सबसे कम विमुक्ति 82.2% 5% जिंक भारित इलेक्ट्रोस्पन मैट में दर्ज की गई (चित्र:2.6)।



चित्र : 2.6 ए. इलेक्ट्रोस्पन नैनोफाइबर मैट पोषक तत्व विमुक्ति विश्लेषण
बी. अलग-अलग समय अंतराल पर जिंक लोडेड इलेक्ट्रोस्पन मैट से जिंक का विमुक्ति व्यवहार

नैनोफाइबर आधारित सूक्ष्म पोषक तत्व पाउच का पौधे के अंकुरण पर प्रभाव

काले चने (Co7) के साथ कृत्रिम परिवेशीय बीज अंकुरण का प्रयोग किया गया (चित्र 2.7)। उपचार अर्थात् T1- पूर्ण नियंत्रण (कोई मैट नहीं), T2 - नियंत्रण PVA 10% मैट (पोषक तत्व के बिना), T3 -10% PVA + 5% Zn मैट, T4 -10% PVA + 10% Zn मैट को 5 बार दोहराया गया। पंद्रह बीजों को सीधे जिंक सल्फेट पोषक तत्व से भरे पाउच पर रखा गया था जिसे तौले गए फिल्टर पेपर पर रखा गया। कपड़े को हर दिन 5 मिलीलीटर आसुत जल से गीला किया जाता था, जिससे यह सुनिश्चित हो जाता था कि पाउच पूरी तरह से गीला हो गया है। अंकुरण अवधि 8 दिन की थी। बीज द्वारा पोषक तत्व ग्रहण को समझने के लिए अंकुरण दर की गणना नमूने के सूखे वजन (जैवभार) और तात्विक विश्लेषण द्वारा किया गया। पोषक तत्वों से भरपूर 5% जिंक (टी3) पाउच के परीक्षण ने 0.579 ग्राम (टी1) के नियंत्रण बायोमास और सकारात्मक नियंत्रण 0.592 ग्राम (टी2) उपचारों की तुलना में 0.672 ग्राम बायोमास का उच्चतम औसत वजन देकर बेहतर प्रदर्शन किया और इसकी पुष्टि तात्विक विश्लेषण द्वारा की गई जहां काले चने के बीज वाले टी3 उपचार ने टी1 (1.68 ग्राम) और टी2 (1.94) की तुलना में अधिक जिंक पोषक तत्व (2.23 मिलीग्राम) अवशोषित किया।



चित्र 2.7. पौधों का अंकुरण विश्लेषण (ए) पहला दिन, (बी) तीसरा दिन, (सी) छठा दिन, (डी) 8वां दिन; (ई) अंकुरित बीज का सूखा वजन; (एफ) बीज अंकुरण और पोषक तत्व अवशोषण तत्व विश्लेषण

2.2.3 घरेलू (इनडोर) शुद्धीकरणके लिए फिल्टर कपड़े का विकास

ब्रिकेटिंग और पेलेटिंग उद्योग में कच्चे माल के रूप में कपास के डंठल के उपयोग से संबंधित डेटा एकत्र और संकलित किया गया था। ब्रिकेट और पेलेट के निर्माण के लिए कपास के डंठल में मूल्य वर्धन की तकनीक के कारण आर्थिक और सामाजिक लाभ की एक बड़ी संभावना है। यदि किसान के खेत में डंठल बेचे जाते हैं, तो उन्हें 1000 रुपये प्रति टन मिलते हैं और यदि कारखाने के गेट पर चिप के रूप में इसकी आपूर्ति की जाती है तो उन्हें 2400 रुपये प्रति टन मिलते हैं। यह इस प्रक्रिया के लिए उपयोग किए जाने वाले अन्य कच्चे माल की तुलना में तुलनात्मक रूप से सस्ता है (बुरादा 3500 रुपये प्रति टन; मूंगफली के छिलके 3500 रुपये प्रति टन और सोयाबीन भूसी 2500 रुपये प्रति टन)।

20 टन प्रति दिन उत्पादन क्षमता के साथ काम करने वाले ब्रिकेटिंग प्लांट ने 15,000 रुपये प्रति व्यक्ति माह के पारिश्रमिक के साथ प्रति माह 1050 मानव-दिवस के बराबर रोजगार उत्पन्न किया। ब्रिकेट के उत्पादन की लागत 1200 रुपये प्रति टन और पेलेट की 2200 रुपये प्रति टन है। ब्रिकेट के मामले में बायोमास में निवल मूल्य वर्धन औसतन 3300 रुपये प्रति टन और पेलेट के मामले में 4500 रुपये प्रति टन है। ब्रिकेट के मामले में, औद्योगिक वाष्पियों में ब्रिकेट के उपयोग से 4800-5200 रुपये प्रति टन मिलेंगे, जबकि कुछ उद्योगों (हल्दीराम) में पेलेट के उपयोग से 7200 रुपये प्रति टन मिलेंगे।

ब्रिकेट और पेलेट की मांग बढ़ रही है, लेकिन कच्चे माल के रूप में कपास के डंठल मँगाने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि यह मौसमी है और इसे सीधे किसान के खेत से एकत्र करना पड़ता है।

2.5.4 पशुधन खाद्य हेतु परिरक्षित चारा उत्पादन के लिए कपास के हरे जैवभार के उपयोग पर अध्ययन

कपास के हरे जैवभार से परिरक्षित चारे का उत्पादन करने पर प्रारंभिक परीक्षण जालना जिला स्थित मंठा तालुक के एक गांव गेवराई में किसान के खेत में और ओ. प्र. कें., नागपुर में आयोजित किए गए थे। इन परीक्षणों का प्राथमिक उद्देश्य परिरक्षित चारा बनाने के लिए कपास के तीसरे चयन के बाद प्राप्त हरे कपास जैवभार की उपयुक्तता का आकलन करना था। सबसे पहले कपास के पौधों को हस्त प्रचालित कपास पौधा खींचने वाले औजार द्वारा उखाड़ा गया। जैवभार को 1-3 सेमी के आकार तक काट दिया गया था । शीरा, यूरिया घोल और बैक्टीरियल इनोकुलम जैसे योगज को कटे हुए जैवभार में समान रूप से मिलाया गया था। मिश्रण को तब कपास जैवभार को दिए गए उपचार के अनुसार संबंधित ड्रमों में स्थानांतरित गया और ड्रम से ऑक्सीजन को हटाने के लिए हाथ से दबाया गया। तब सील किए गए जैवभार को पॉलिथीन शीट से ढक दिया गया, और बाहरी हवा के प्रवेश से बचने के लिए ड्रमों को ढक्कन से ढक दिया गया था (चित्र 2.26)। परिरक्षित चारें की गुणवत्ता का मूल्यांकन 45 दिनों के बाद किया गया था।

चित्र 2.26 : परिरक्षित चारें बनाने की प्रारंभिक विधि

हरे कपास जैवभार के परिरक्षित चारे की गुणवत्ता

कपास परिरक्षित चारे की गुणवत्ता का मूल्यांकन तीन प्रमुख तकनीकों अर्थात् भौतिक, सूक्ष्मजैविक और रासायनिक मूल्यांकन का उपयोग करके किया गया था। भौतिक मूल्यांकन से पता चला है कि कपास जैवभार के रंग, स्वाद और बनावट जैसी विशेषताएं स्वीकार्य हैं और किसी भी कवक विकास से मुक्त हैं। इसी प्रकार, लैक्टोबैसिलस की परिरक्षित चारें में वृद्धि पाई गई है जो परिरक्षित चारे में उचित किण्वन और अनुकूल लैक्टिक एसिड गठन को दर्शाता है जो अच्छी गुणवत्ता वाले परिरक्षित चारे का संकेतक है (तालिका 2.16)। इसके अलावा, प्रोटीन और नाइट्रोजन मूल्यों में भी वृद्धि पाई गई है जो हरे कपास जैवभार की पोषण गुणवत्ता में सुधार को मान्य करती है (तालिका 2.17)। इसलिए, प्रारंभिक प्रयोगों के परिणामों से पता चलता है कि हरी कपास जैवभार को अच्छी गुणवत्ता वाले साइलेज में परिवर्तित किया जा सकता है।

तालिका 2.16 : कपास के हरे जैवभार से परिरक्षित चारे का सूक्ष्मजैविक मूल्यांकन

उपचार	जीवाणुओं की गिनती ($\times 10^4$सीएफयू / ग्रा)		लैक्टोबैसिलस गिनती ($\times 10^4$सीएफयू / ग्रा)		कवक गिनती ($\times 10^4$सीएफयू / ग्रा)	
	प्रारंभिक	आखिरी	प्रारंभिक	आखिरी	प्रारंभिक	आखिरी
नियंत्रित	83	40	3	23	41	0
यूरिया घोल + शीरा (एम)		136		117		0
बैक्टीरियल इनोकुलम (बीआई)		4		10		0
यूरिया + एम + बीआई		31		79		0

तालिका 2.17 : कपास के हरे जैवभार से परिरक्षित चारे का रासायनिक मूल्यांकन

उपचार	नमी (%)	राख (%)	प्रोटीन (%)	नाइट्रोजन (%)
प्रारंभिक मान	36.57	5.6	4.51	0.72
नियंत्रित	61.82	8	9.07	1.45
यूरिया घोल + शीरा (एम)	61.95	7	9.68	1.55
बैक्टीरियल इनोकुलम (बीआई)	57.82	6.5	9.79	1.57
यूरिया + एम + बीआई	60.64	6	6.28	1.00

2.6 अंतर-संस्थागत परियोजनाएं

2.6.1 खेतों की फसलों में नैनो उर्वरक के रूप में भाकृअनुसं-सिरकॉट नॅनो-ज़िंकऑक्साइड का प्रभाव मूल्यांकन [भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान (आईआईपीआर), कानपुर और राष्ट्रीय अजैविक तनाव प्रबंधन संस्थान (एनआईएएसएम), बारामती के साथ]

यह परियोजना खेतों की फसलों के लिए उर्वरक के रूप में नॅनो- ज़िंकऑक्साइड और नॅनो- ज़िंक निलंबन की प्रभावकारिता स्थापित करने के लिए की जा रही है। एक प्रमुख संस्थान के रूप में, भाकृअनुप-सिरकॉट, मुंबई ज़िंक माइक्रोन्यूट्रिएंट के विभिन्न नॅनो सूत्रीकरण तैयार कर रहा है, उन्हें अभिलक्षणन कर रहा है और क्षेत्र परीक्षण के लिए अन्य सहयोगी संस्थानों को आपूर्ति कर रहा है। ज़िंक पौधों द्वारा आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों में से एक है जो किण्वक और प्रोटीन का एक महत्वपूर्ण घटक भी है। हालांकि इसकी बहुत कम मात्रा में आवश्यकता होती है, यह पौधों के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। जिंक उर्वरक के वाणिज्यिक स्रोतों में ज़िंक सल्फेट जैसे अकार्बनिक यौगिक, ज़िंक-इडीटीए जैसे सिंथेटिक कीलेट और ज़िंक लिग्नोसल्फोनेट्स जैसे प्राकृतिक कार्बनिक यौगिक शामिल हैं। एक नया आयाम जोड़ने के लिए, भाकृअनुप-सिरकॉट ने बेहतर प्रदर्शन के लिए एक नॅनो–ज़िंक निलंबन सूत्रीकरण विकसित किया है।

भाकृअनुप-आईआईपीआर, कानपुर, ने दालों में नॅनो-उर्वरक के रूप में नॅनो–ज़िंक ऑक्साइड के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए एक नए अनुसंधान फार्म में क्षेत्र परीक्षण किया। प्रयोग के पहले वर्ष में, भाकृअनुप-सिरकॉट, मुंबई, द्वारा आपूर्ति किए गए नॅनो– ज़िंक ऑक्साइड सूत्रीकरण सहित विभिन्न जस्ता प्रबंधन प्रथाओं के साथ आईपीसी 11-112 जीनोटाइप का परीक्षण किया गया था। इस प्रयोग में, विभिन्न उपचारों के बीच अलग-अलग भिन्नताओं की कल्पना की गई। नॅनो– ज़िंक ऑक्साइड स्प्रे @ 50 मिलीग्राम/ली (प्री-एफ और पॉड एफ पर) ने 2300 किग्रा/हेक्टेयर की उच्च उपज दर्ज की है जो नियंत्रण से 21% अधिक है। पहले वर्ष के इन परिणामों की पुष्टि के लिए और नॅनो–ज़िंक ऑक्साइड की बढ़ी हुई मात्रा के साथ इस प्रयोग को अगले रबी मौसम में दोहराया जाएगा।

भाकृअनुप-एनआईएएसएम, बारामती, धान की फसल (पनवेल-2) के साथ 1.5 किलोग्राम के मिट्टी राइट मीडिया से भरे प्लास्टिक के गमले में अनुसंधान कर रहा है और फर्टिगेशन के माध्यम से नॅनो–ज़िंक ऑक्साइड पाउडर के अलग-अलग बुनियादी खुराक अर्थात अनुशंसित जस्ता अनुप्रयोग का 0%, 1%, 5%, 10%, 25%, 50%, 75%, 100% (यानी 25 किग्रा / हेक्टेयर ज़िंक सल्फेट हेप्टाहाइड्रेट जिसमें 21% जस्ता है) का प्रयोग कर रहा है। अनुशंसित जिंक सल्फेट हेप्टाहाइड्रेट (ZnSO47H2O) और देशी काली मिट्टी के साथ-साथ परिक्षण गमलों को भी तीन प्रतियों में बनाए रखा गया था। किसी भी उपचार में ज़िंक की कमी के कोई लक्षण दिखाई नहीं दिए, हालांकि काली मिट्टी के परिक्षण गमलें में नाइट्रोजन की कमी देखी गई। इसलिए पत्तों पर छिड़काव नहीं किया गया। फसल में जस्ता की आवश्यकता सिंचाई के पानी से पूरी हो सकती है और इसलिए ज़िंक विश्लेषण के लिए सिंचाई के पानी का भी जांच किया गया। फूल आने तक, सभी उपचारों में पौधे की वृद्धि सामान्य पाई गई लेकिन गुठली में उचित दाना भरना या अनियमित दाना भरना नहीं देखा गया। मिट्टी (फसल के मौसम से पहले और बाद में) और पौधों का प्रतिचयन प्रत्येक उपचार के बाद किए गए। नमूना प्रसंस्करण जैसे हवा में सुखाना, ओवन में सुखाना, पौधे की जड़ और प्ररोह का अवचूर्णन पूरा हो गया है। माइक्रोवेव के माध्यम से मिट्टी और पौधों के हिस्सों का संपाचन हो रहा है। परमाणु अवशोषण स्पेक्ट्रोफोटोमीटर के माध्यम से सभी नमूनों में जस्ता विश्लेषण किया जाना बाकी है। अगले मौसम के लिए गेहूं और चने की फसलों का मूल्यांकन योजनाबध्द है।

भाकृअनुप- सीआईसीआर, नागपुर और कोयम्बटूर कपास की फसलों के लिए नॅनो–ज़िंक सूत्रीकरण के उपयोग पर प्रयोग कर रहे हैं। भाकृअनुप -सिरकॉट के सुझावों के अनुसार नॅनो–ज़िंक ऑक्साइड की अधिकतम सांद्रता पर्णीय अनुप्रयोग के लिए 200 पीपीएम रखी गई। गमला संवर्धन प्रयोग, क्रमगुणित पूर्णतया यादृच्छिक प्रारुप द्वारा तीन प्रतिकृतियों के साथ किए गए। पर्ण

अनुप्रयोग का समय 45 डीएएस (वर्ग गठन चरण) और 75 डीएएस (पुष्पण चरण) था। तुलनात्मक अध्ययन के लिए ज़िंक सल्फेट का प्रयोग किया गया। इसके बाद क्षेत्र अध्ययन किया गया जिसमें कपास की सूरज उपजाति का उपयोग किया गया और आरबीडी प्रारुप का पालन किया गया। बुनियादी उर्वरक को बुवाई के 10 दिन बाद लगाया गया था और नॅनो–ज़िंक ऑक्साइड (200 पीपीएम) और नॅनो–ज़िंक निलंबन (200 पीपीएम) का पर्ण अनुप्रयोग पृष्ठसक्रियक (1%) के साथ टी4, टी5, टी6, टी8 और टी10 के लिए वर्ग गठन चरण (45 डीएएस) में किया गया। चित्र 2.27 कोयम्बटूर के खेत में कपास के पौधों के लिए नॅनो–ज़िंक निलंबन के पर्णीय अनुप्रयोग को दर्शाता है। नमूने एकत्र किए गए थे और विभिन्न विश्लेषण किए जा रहे हैं।

चित्र 2.27 कपास में नैनो-जिंक का पत्तियों पर अनुप्रयोग

2.6.2 नॉन-स्टेरायडल सूजन-रोधी दवाई (नॉन-स्टेरॉइडल एंटी-इनफ्लमेटरी ड्रग्स) युक्त नैनोसेल्यूलोसिक हाइड्रोजेल का निर्माण एवं मूल्यांकन [जी. एम. आइ. पी. एस. आर., कर्नाटक]

लक्षित दवाई वितरण के लिए नैनोसेल्यूलोज आधारित हाइड्रोजेल

इस परियोजना के अंतर्गत हाइड्रोजेल निर्माण प्रक्रिया को अनुकूलित किया गया, जिसमे जेलिंग एजेंट के रूप में नैनोसेल्यूलोज (एनसी) एवं कार्बोपोल 9 4 0 और क्रॉसलिंकर के रूप में सोडियम हाइड्रॉक्साइड का उपयोग किया गया। नैनोसेल्यूलोज को कपास लिंटर्स के टेम्पो-ऑक्सीकरण द्वारा संश्लेषित किया गया। एसेक्लोफेनाक को नॉन-स्टेरायडल सूजन-रोधी दवाई के रूप में चुना गया। चार अलग-अलग दवाई युक्त हाइड्रोजेल फॉर्मूलेशन तैयार किए गए। दवाई की मात्रा 1.5% w/w पर स्थिर रखी गई, जो बाजार में व्यावसायिक रूप से उपलब्ध जेल के बराबर है, जैसे कि हायफिनैक जेल (इंटास)। कार्बोपोल 940 और नैनोसेल्यूलोज की मात्रा क्रमशः 0.5 से 2% और 0.2 से 0.4% तक रखी गई।



चित्र 2.28: दवाई युक्त (ड्रग लोडेड) नैनोसेल्यूलोसिक हाइड्रोजेल का निर्माण

नैनोसेल्यूलोज, कार्बोपोल और एसेक्लोफेनाक पॉलिमर के बीच पारस्परिक क्रिया का पता लगाने के लिए फ़ोरियर ट्रांसफ़ॉर्म इन्फ्रारेड (एफ. टी. आई. आर.) विश्लेषण किया गया। एफ. टी. आई. आर. परिणामों के अनुसार पॉलिमर और एसेक्लोफेनाक के बीच कोई परस्पर क्रिया नहीं है। पॉलिमरिक मिश्रण और एसेक्लोफेनाक ड्रग के एफ. टी. आई. आर. स्पेक्ट्रा मे कई प्रमुख शिखर (peaks) देखे गये जैसे कि, 3317 सेमी$^{-1}$ पर N-H स्ट्रेचिंग, 1714 सेमी$^{-1}$ पर C=O स्ट्रेचिंग, 1589 सेमी$^{-1}$ पर C-C स्ट्रेचिंग, 1280 सेमी$^{-1}$ पर O-H प्लेन बेंडिंग स्ट्रेच एवं C-N एरोमैटिक अमाइन रिंग, 1437 सेमी$^{-1}$ पर एरोमैटिक रिंग स्ट्रेच, 747 सेमी$^{-1}$ पर सी-एच एरोमैटिक आउट प्लेन बेंडिंग आदि (चित्र 2.29)।



एसेक्लोफेनाक



कार्बोपोल 940



नैनोसेल्यूलोज



एसेक्लोफेनाक युक्त हाइड्रोजेल

चित्र 2.29: एसेक्लोफेनाक, कार्बोपोल 940, नैनोसेल्यूलोज और एसेक्लोफेनाक युक्त हाइड्रोजेल का फ़ोरियर ट्रांसफ़ॉर्म इन्फ्रारेड विश्लेषण

एसेक्लोफेनाक युक्त (ड्रग लोडेड) नैनोसेल्यूलोसिक हाइड्रोजेल का मूल्यांकन

हाइड्रोजेल के गाढ़ेपन (Consistency) के आधार पर, 1.5% एसेक्लोफेनाक, 1.5% कार्बोपोल 940 और 0.4% एनसी युक्त हाइड्रोजेल फॉर्मूलेशन को अनुकूलित किया गया। अनुकूलित फॉर्मूलेशन का मूल्यांकन उसकी पीएच, दवाई की मात्रा, धोने में सरलता (वाशेबिलिटी) , प्रसार क्षमता आदि के संदर्भ में किया गया। पी.एच. निर्धारण के लिए हाइड्रोजेल को 7.4 पी. एच. के 50 मिलीलीटर फॉस्फेट बफर में निलंबित किया गया। परिवेशी तापमान पर हाइड्रोजेल का पी. एच. 6.63 पाया गया, जो त्वचा के पी. एच. से मेल खाता है, इसलिए लगाने के बाद त्वचा पर जलन नहीं देखी गई। हाइड्रोजेल मे दवाई की मात्रा का अनुमान यूवी स्पेक्ट्रोफोटोमेट्री (यूवी 1900) का उपयोग करके लगाया गया। यह देखा गया कि प्रत्येक बैच में एक समान दवाई मात्रा केवल 5-15% (स्वीकार्य सीमा के

भीतर) की भिन्नता के साथ थी। यह हाइड्रोजेल में ड्रग के समान एवं एकरूप फैलाव को दर्शाता है। वाशेबिलिटी का मूल्यांकन करने के लिए हाइड्रोजेल फॉर्मूलेशन को त्वचा पर लगाया गया और फिर पानी से धोने की आसानी को मैन्युअल रूप से जांचा गया। हाइड्रोजेल को बिना साबुन के आसानी से धोया जा सकता है।

अच्छी प्रसार क्षमता एक आदर्श हाइड्रोजेल के मानदंडों में से है। किसी भी फॉर्मूलेशन की चिकित्सीय प्रभावकारिता उसकी फैलाव क्षमता पर भी निर्भर करती है, जिसे दो स्लाइडों द्वारा जेल से निकलने में लगने वाले समय के संदर्भ में मापा गया जब स्लाइडों के बीच एक दिशा में निश्चित भार रखा गया था। दो स्लाइडों को अलग करने में जितना कम समय लगेगा, प्रसार क्षमता उतनी ही बेहतर होगी। परिणामों में अनुकूलित हाइड्रोजेल फॉर्मूलेशन की अच्छी प्रसार क्षमता पायी गयी।

चित्र 2.30: एसेक्लोफेनाक युक्त (ड्रग-लोडेड) नैनोसेल्यूलोसिक हाइड्रोजेल

दवा विमोचन अध्ययन

विकसित एसेक्लोफेनाक युक्त नैनोसेल्यूलोसिक हाइड्रोजेल का इन-विट्रो (In-vitro) दवा विमोचन (ड्रग रिलीज़) अध्ययन चल रहा है। चूहे के मॉडल में इन-विवो (In-vivo) दवा अध्ययन की अनुमति बी. वी. वी. एस. एच. एस. के. फार्मेसी कॉलेज, बागलकोट, कर्नाटक की संस्थागत पशु आचार समिति (इन्स्टिट्यूशनल अनिमल एथिक्स कमिटी) से प्राप्त की गई है।

2.6.3 फल गुणवत्ता बढ़ाने के लिए पर्यावरण-अनुकूल संरक्षण बैग का विकास [आईसीएआर-एनआरसी ग्रेप्स, पुणे के साथ]

कपास लिंटर्स और केला रेशे से क्राफ्ट पेपर

विभिन्न संयोजनों (100:0, 90:10, 80:20, 70:30, 60:40, 50:50) का उपयोग करके केले के स्यूडोस्टेम रेशा और कपास लिंटर्स का उपयोग करके कागज (50 ± 2 g/m2) बनाये गए। हस्तनिर्मित कागज के भौतिक, यांत्रिक और अवरोधक गुणों का परीक्षण किया गया। यह देखा गया कि, लिंटर के बढ़ते अनुपात के साथ बर्स्ट इंडेक्स (kPa.m2/g), टियरिंग इंडेक्स (mN.m2/g), टेन्साइल इंडेक्स (Nm/g), ब्रेकिंग लेंथ (m) (तालिका 2.18), और डबल फोल्ड (तालिका 2.19) में कमी आई। कॉब$_{60}$ पानी के अवशोषण का एक माप, लिंटर के अनुपात के साथ असंगत पाया गया, जो कि लिंटर के फैलाव और कागज के ग्रामेज में भिन्नता के कारण हो सकता है। कागज की सतह चिकनाई (ml/min) और सरंध्रता (ml/min) लिंटर्स की अधिकता के साथ कम हो गई (तालिका 2.19)।

तालिका 2.18: केला स्यूडोस्टेम रेशा-कपास लिंटर से बने हस्तनिर्मित कागजों के भौतिक गुण

क्र.सं.	केला स्यूडोस्टेम रेशा-कपास लिंटर	बर्स्टिंग इंडेक्स (kPa.m^2/g)	टियरिंग इंडेक्स (mN.m2/g)	टेन्साइल इंडेक्स (nM/g)	ब्रेकिंग लंबाई (m)
1	100% केला रेशा	6.4	9.22	40.4	4124
2	90:10	3.6	8.84	31.8	3242
3	80:20	3.5	8.84	30.8	3148
4	70:30	3.4	8.03	28.1	2868
5	60:40	3.3	8.10	25.8	2633
6	50:50	2.8	8.04	25.7	2623

तालिका 2.19: केला स्यूडोस्टेम रेशा-कपास लिंटर से बने हस्तनिर्मित कागजों के भौतिक गुण

क्र.सं.	कॉब$_{60}$ (%)	डबल फोल्ड (संख्या)	चिकनाई (मि.ली./मिनट)	सरंध्रता (मि.ली./मिनट)
1	100	2636	277	1300
2	120	1062	247	1281
3	111	594	222	1283
4	77	518	211	1293
5	109	118	213	1317
6	94	109	208	1320

विभिन्न रोगाणुरोधी कर्मकों की जाँच

अल्टरनेरिया प्रजातियों के प्रति मिथाइल सैलिसिलेट और गंध तेलों (लौंग का तेल, लेमनग्रास तेल, नीम का तेल) (चित्र 2.31) और आम तौर पर सुरक्षित रसायनों के रूप में मान्यता प्राप्त (GRAS) (चित्र 2.31) की रोगाणुरोधी (गुणात्मक) गतिविधि का मूल्यांकन किया गया। नीम के तेल को छोड़कर सभी गंध तेलों ने अल्टरनेरिया प्रजाति के प्रति अच्छी सक्रियता दिखाई (चित्र 2.31)।

चित्र 2.31 अल्टरनेरिया प्रजातियों के प्रति गंध तेलों की गतिविधि: (ए) नियंत्रण प्रतिदर्श (बी) लौंग का तेल (सी) मिथाइल सैलिसिलेट (डी) लेमनग्रास तेल (ई) नीम का तेल, 48 घंटे के बाद



चित्र 2.32 अल्टरनेरिया प्रजातियों के प्रति GRAS रसायनों की गतिविधि: (ए) नियंत्रण प्रतिदर्श (बी) पोटेशियम कार्बोनेट (सी) सोडियम बाइकार्बोनेट (डी) सोडियम बेंजोएट (ई) सोडियम प्रोपियोनेट, 8 दिनों के बाद

पेपर विलेपन के लिए प्राकृतिक मोम आधारित कार्यात्मक पायस:

कायटोसन और प्राकृतिक मोम का पायस विभिन्न अनुपातों (1:5, 1:10, 1:15) में रोगाणुरोधी एजेंट (@1 wt%) और आर्द्रक का उपयोग करके तैयार किया गया। जलीय प्रणाली में ठोस पदार्थों के वजन के आधार पर आर्द्रक की मात्रा को समान रखा गया था। क्रीमीयन स्थिरता की गणना करने के लिए पायस को 1 महीने के लिए परखनली (15 मिमी व्यास) में संग्रहित किया गया और क्रीमीयन की ऊंचाई को स्थिरता के संकेतक के रूप में मापा गया। पायस का कण आकार 291 ± 25 से 573 ± 54 nm और क्रीमीयन स्थिरता 25 से 73% तक पायी गयी।

2.6.4 उत्सारण प्रक्रिया द्वारा जैव-नैनोसंमिश्र फिल्मों का निर्माण [सीपेट: एल. ए. आर. पी. एम., भुवनेश्वर]

कपास लिंटर से टेम्पो-ऑक्सीडाइज़्ड सेल्युलोज़ नैनोरेशा

इस परियोजना मे टेम्पो (2,2,6,6-टेट्रामेथिलपिपरिडिन-1-ऑक्सील) से ऑक्सीकरण द्वारा कपास लिंटर से नैनो रेशे बनाने के लिए एक प्रक्रिया प्रोटोकॉल अनुकूलित किया गया। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य था, ऐसे क्रियाशील सेलूलोज़ रेशा बनाना जो जैव-नैनोसंमिश्र फिल्मों में फिलर की तौर पर काम करे। सतह ऑक्सीकरण के लिए, प्रक्षालित कपास लिंटरों को पानी मे निलंबित किया गया (एम. एल. आर.= 1:25) और उसमें ज्ञात मात्रा मे टेम्पो अभिकर्मक और सोडियम ब्रोमाइड मिलाया गया। ऑक्सीकरण प्रक्रिया शुरू करने के लिए 13 प्रतिशत सोडियम हाइपोक्लोराइट घोल (1 mmol/g रेशा) डाल कर मिश्रण को लगातार हिलाया गया। यह ऑक्सीकरण प्रक्रिया 1 घंटे के लिए परिवेशी तापमान और 10-10.5 पीएच पर की गई। टेम्पो ऑक्सीडाइज्ड तंतुओं को कई बार विआयनीकृत पानी से धोकर और छानकर उनकी सतह आकारिकी, बहुलकन डिग्री और फ़ोरियर ट्रांसफ़ॉर्म इन्फ्रारेड (एफ. टी. आई. आर.) विश्लेषण किया गया।

क्रमवीक्षण इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी (सेम) छवियों से यह पता चला की टेम्पो ऑक्सीकरण से तंतु खुलकर समतल हो गये है (चित्र 2.33)। टेम्पो औक्सीडाइज्ड तंतुओं के एफटीआईआर स्पेक्ट्रा मे 1600.92 सेमी$^{-1}$ पर एक प्रमुख शिखर (peak) देखा गया, जो कार्बोक्सिल समूहों के सममित कंपन को दर्शाता है (चित्र 2.34)। ऑक्सीकरण से कपास तंतुओं की बहुलकन डिग्री काफ़ी कम हो गयी (1204 से 246 तक), जो अनाकार क्षेत्रों के विघटन को दर्शाता है।



2.33: टेम्पो औक्सीडाइज्ड तंतु क्रमवीक्षण इलेक्ट्रॉन द्वारा सूक्ष्मदर्शी



चित्र 2.34: टेम्पो ऑक्सीडाइज्ड तंतुओं का फ़ोरियर ट्रांसफ़ॉर्म इन्फ्रारेड (एफ. टी. आई. आर.) विश्लेषण

नैनोफाइब्रिल्स संश्लेषण के लिए टेम्पो-ऑक्सीडाइज़्ड कपास तंतुओं का बड़े पैमाने पर मास कोलाइडर (mass colloider) और अत्युच्च दाब समांगित्र (ultra-high-pressure homogenizer) मे यांत्रिक प्रसंस्करण किया गया। प्रसंस्करण के दौरान मास कोलाइडर की पीसने वाली प्लेटों के बीच की निकासी को 0 माइक्रोन से -100 माइक्रोन तक घटाया गया था। हर निकासी स्तर पर 5 बार प्रसंस्करण किया गया। इष्ट आकार सीमा के नैनो फाइबर प्राप्त करने हेतु मास कोलाइडर से जो गाढ़ा मिश्रण मिला, उसको फिर से अत्युच्च दाब समांगित्र में 3 बार प्रसंस्कृत किया गया। इस प्रक्रिया से उत्पादित नैनो रेशे का सीमा आकार लगभग 684-750 नैनोमीटर था। रियोलॉजि (Rheology) अध्ययन से पता चला है कि टेम्पो ऑक्सीडाइज़्ड कपास लिंटर से उत्पादित नैनो रेशे का जेल स्त्रेन्थ (gel strength) अधिक होती है। इन क्रियाशील सेलूलोज़ नैनो रेशों का उपयोग स्टार्च और पीएलए (PLA) आधारित जैव-संमिश्र फिल्मों के प्रबलीकरण हेतु फिलर के रूप में किया जाएगा।





चित्र 2.35: टेम्पो-ऑक्सीड़ायज्ड सेल्युलोज़ नैनो रेशों का (ए) कण आकार विश्लेषण और (बी) स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी

2.6.5 भा. कृ. अनु. प.-सिरकॉट निर्मित नैनो-सल्फर उर्वरक का विभिन्न क्षेत्रीय फसलों के लिए मूल्यांकन

नैनो सल्फर (20%) को मानकीकृत प्रक्रिया प्रोटोकॉल का उपयोग करके संश्लेषित किया गया था और क्षेत्र परीक्षण करने के लिए विभिन्न सहयोगी संस्थानों को आपूर्ति की गई थी। इस प्रतिवेदन अवधि के दौरान विभिन्न सहयोगी संस्थानों को नैनो सल्फर सामग्री भेजी गयी जिसमें भा. कृ. अनु. प.- प्याज और लहसुन अनुसंधान निदेशालय, राजगुरुनगर को 10 लीटर; भा. कृ. अनु. प.- भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, भोपाल को 10लीटर;महात्मा फूले कृषि विध्यापीठ, राहुरी को 10 लीटर और मेसर्स. देवधर केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड,पुणे को 10लीटर की मात्रा थी।

चित्र 2.37: नैनो सल्फर निलंबन

क्षेत्र परीक्षण

क्षेत्र प्रयोगके शुरुआती वर्ष में संस्थानों ने मक्के की खेती की,जिससे मिट्टी में मौजूद सल्फर को अधिकतम मात्रा में हटाया जा सके।ऐसा फसलों पर निर्धारित विभिन्न अनुपात में नैनो सल्फरके प्रभावो का सटीक विश्लेषण करने के लिए किया गया। विभिन्न सहयोगी संस्थानों पर किए गए क्षेत्रीय प्रयोगों के छायाचित्र नीचे दिए गए हैं:

चित्र 2.37 भा. कृ. अनु. प.-डी.ओ.जी.आर., राजगुरुनगर में मक्का फसल का प्रयोग

चित्र 2.38 भा. कृ. अनु. प.-आई.आई.एस.एस. भोपाल में परीक्षण का प्रयोग

2.7 प्राकृतिक रेशों पर कंसोर्टिया (भागीदारी) अनुसंधान परियोजना (सीआरपी)

2.7.1 स्वास्थ्य कर्मियों हेतु बेहतर आराम युक्त कपास निगमित व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) बॉडी सूट का विकास

पहनने वाले को अधिक आराम प्रदान करने के लिए सूती गैर-बुने हुए कपड़े की आंतरिक परत के साथ पीपीई सूट का विकास किया गया ।इसके अलावा, पहनने वाले के आराम को बढ़ाने के लिए पीपीई सूट के एक संलग्नक के रूप में स्मार्ट वायु संचारक प्रणाली युक्त एक शीतलन पट्टा बनाया गया । यह एक लघु वातानुकूलक प्रणाली है जो मानव शरीर और पीपीई सूट के बीच आंतरिक वातावरण में आराम क्षेत्र बना सकता है। शीतलन प्रणाली में गर्म हवा को ठंडा करने और उसे पीपीई सूट के भीतर प्रसारित करने के लिए अधिकतम सतह क्षेत्र के साथ एक एल्यूमीनियम उष्म अभिगम होता है। पीएलए (जैव क्षयशिल) का उपयोग करके 3डी छपाई प्रतिरूप बनाए गए थे और बेहतर वायु परिसंचरण प्रणाली के लिए बॉक्स आयतन को अनुकूलित किया गया था। यह देखा गया कि 15 मिनट के समय अंतराल के भीतर तापमान 31°C से घटकर 26°C हो गया, और यह पहने रहने के पूरे समय तक बना रहा। संपूर्ण प्रणाली को संचालित करने के लिए एक सामान्य 10Ah पावर बैंक का उपयोग 5 से 12V बिजली आपूर्ति के साथ किया जाता है, जो 8 घंटे तक निरंतर कार्यशील रह सकता है।

चित्र 2.39 : पीपीई सूट पर विकसित शीतलन पट्टा



चित्र 2.40 : शीतलन पट्टे के साथ और उसके बिना पीपीई सूट की थर्मल छवि

2.7.2 प्राकृतिक रेशों और अन्य रेशेदार फसल अवशेषों का उपयोग करते हुए भवन निर्माण सामग्री की विकास (सिरकॉट केंद्र)

रेशा- प्रबलित कंक्रीट संपीड़ित शक्ति पर प्रारंभिक अध्ययन दो फाइबर, यानी केले और कॉयर रेशे के लिए किया गया, रेशे की लंबाई 1 सेमी से 5 सेमी तक रखी गई। प्रत्येक स्थिति में रेशे का अनुपात 0.5% रखा गया। जैसे ही रेशे की लम्बाई 5 सेमी से ऊपर बढ़ जाती है, कंक्रीट तैयार करना मुश्किल हो जाता है और इस प्रक्रिया के दौरान रेशे भी संचित हो जाते हैं। रेशा-प्रबलित कंक्रीट का संपीड़न शक्ति परीक्षण आईएस मानक 456 के अनुसार, 7 दिन, 14 दिन और 28 दिनों की क्युरिंग के बाद किया गया। परिणामों से पता चला है कि केले के रेशा-प्रबलित कंक्रीट में 0.5% अनुपात में, रेशे की लंबाई 5 सेमी से 1 सेमी तक कम होने पर संपीड़न शक्ति में कमी देखी गई। उपचार के 28 दिनों के लिए 5 सेमी रेशे की लंबाई के लिए उच्चतम संपीड़न शक्ति, 19.4 एन / मिमी^{2} प्राप्त की गई थी; हालांकि, यह मानक आवश्यकता को पूरा करने में विफल रहा।

इसके विपरीत, कॉयर रेशा-प्रबलित कंक्रीट में 0.5% अनुपात में, कंक्रीट की संपीड़न शक्ति बढती है जब रेशे की लंबाई 5 सेमी से 1 सेमी तक कम होती है। 1 सेमी लंबाई पर 0.5% रेशा अनुपात पर प्राप्त अधिकतम संपीड़न शक्ति उपचार के 28 दिनों के लिए 29.8 एन / मिमी^{2} थी। उपरोक्त परिणामों के आधार पर, 1 सेमी लंबाई के कॉयर रेशे को 0.5 से 1.5% तक के अनुपात को आगे के अध्ययन के लिए चुना गया था। आगे यह पता चला कि संपीड़न शक्ति 0.75% के रेशा अनुपात तक बढ़ी और फिर कम हो गई। 0.75% पर संपीड़न शक्ति का मान लगभग 32 एन / मिमी^{2} देखा गया, नियंत्रण नमूने की तुलना में संपीड़न शक्ति में 6-8% की वृद्धि हुई।

कंक्रीट सुदृढीकरण पर तन्तुमय कॉयर रेशे का प्रभाव

कॉयर रेशे के प्रभाव का अध्ययन दो अलग-अलग समायोजन के साथ डिस्क परिष्कारक का उपयोग कर कॉयर रेशे के व्यास को कम करके किया गया। नियंत्रण कॉयर रेशे के लिए औसत रेशा व्यास 175 माइक्रॉन, जबकि, 10 थाउ और 7 थाउ सेटिंग के मामले में, कॉयर रेशे का व्यास क्रमशः 73 माइक्रॉन और 58 माइक्रॉन था, जैसा कि चित्र 2.41 में दिखाया गया है। नियंत्रित कॉयर रेशा व्यास की तुलना में 10 थाउ और 7 थाउ के लिए कॉयर रेशा व्यास में क्रमशः 37% और 51% की कमी दिखाई दी।

प्रबलित कंक्रीट के रूप में उपयोग किए जाने वाले 1% तन्तुमय कॉयर रेशा (10 थाउ) संपीड़न शक्ति (32.5 एन / मिमी^{2}) में 8% की वृद्धि दिखाते हैं, और 1% से ऊपर तन्तुमय कॉयर रेशे के उपयोग से संपीड़न शक्ति कम हो जाती है। जैसे-जैसे रेशे का अनुपात बढ़ता है, यह कंक्रीट क्यूब में रिक्तियों की कार्यशीलता और गठन को कम करता है, जो संपीड़न गुण को प्रभावित करता है। जबकि, प्रबलित कंक्रीट के रूप में उपयोग किए जाने वाले 7 थाउ व्यवस्थापन पर तन्तुमय कॉयर रेशे, मानकों के अनुसार संपीड़न शक्ति को पूरा नहीं करते हैं।



(अ) (ब) (स)

चित्र 2.41. अ) नियंत्रण रेशा का व्यास, ब) 10 थाउ सेटिंग पर कोयर रेशा का व्यास, स) 7 थाउ सेटिंग पर कॉयर रेशा का व्यास।

(अ) (ब) (स)

चित्र 2.42. अ) कंक्रीट क्यूब को मोल्ड से बहार निकालना, ब) कंक्रीट क्यूब की क्युरिंग, स) संपीड़न शक्ति का परीक्षण।

2.7.3 विद्युत कताई द्वारा प्राप्त नैनो सामग्री और प्रति विषाणु लेप का उपयोग करके बेहतर कण निस्यंदन दक्षता और श्वसन क्षमता के साथ कपास आधारित फेस मास्क का विकास

उच्च दक्षता वाले मास्क उत्पादन हेतु 3डी बहुपरतीय कपड़े का विकास

वर्तमान में, 50-60% की आवश्यक कण निस्यंदन दक्षता प्राप्त करने के लिए कपास आधारित पुन: प्रयोज्य मास्क को परतदार बनाना पड़ता है।

सूती कपड़े की परत लगाने से वायु प्रतिरोध में वृद्धि होती है और सांस लेने की क्षमता कम हो जाती है।

इस समस्या को हल करने के लिए, 90s सूतांक के सूती धागे और 50 डेनियर पॉलिएस्टर धागे का उपयोग करके बहु-बुनाई संरचना वाले कपड़े की एकल परत विकसित की गई।

पारंपरिक पावरलूम मशीन का उपयोग करके 3डी कपड़ा विकसित करने का प्रयास किया गया है जो उच्च निस्यंदन दक्षता देगा।



चित्र : 2.42 : नैनो फाइबर कार्ट्रिज और वायु प्रवाह संचलन के साथ अभियंत्रित कपड़े की संरचना का योजनाबद्ध आरेख

क्रमशः 142, 115, 102 और 102 ग्राम जीएसएम की श्रेणी के साथ चार अलग-अलग प्रकार के कपड़े विकसित किए गए।

कपड़ों की वायु प्रतिरोधकता, पारगम्यता और निस्यंदन दक्षता का परीक्षण क्रमशः वायु पारगम्यता परीक्षक और कण निस्यंदन दक्षता परीक्षकों का उपयोग करके किया गया।

परिणामों से पता चला कि नमूना संख्या 1 और 3 के एकल परत कपड़े में 0.08 और 0.04 के वायु प्रतिरोध के साथ 54 और 51% की कण निस्यंदन दक्षता है।

वायु प्रतिरोधकता मान बहुत कम है जो कि पहनने वाले को 50% से अधिक कण निस्यंदन दक्षता के साथ उच्च श्वसन क्षमता प्रदान करेगा।

नैनोफाइबर कार्ट्रिज के साथ सूती कपड़े का मास्क

नैनोफाइबर कार्ट्रिज का उपयोग अभियंत्रित 3 परत के मास्क के साथ किया जा सकता है और यह कण निस्पंदन दक्षता को 95% तक बढ़ा देता है (चित्र, 2.42)।

तालिका 2.20 : नैनो कार्ट्रिज के साथ 3 परत सूती फेस मास्क की कण निस्यंदन दक्षता

क्रमांक	नमूना विवरण	कण निस्यंदन दक्षता %	वायु प्रतिरोध Pa/cm2
1	3 परत अभियंत्रित सूती मास्क कपड़ा	41.17	19.91
2	नैनो फाइबर कार्ट्रिज के साथ 3 परत अभियंत्रित सूती मास्क कपड़ा	94.50	36.30
3	4 परत वाला मास्क	49.82	27.80
4	नैनो कार्ट्रिज के साथ 4 परत वाला मास्क	92.95	46.76
5	5 परत वाला मास्क	51.93	34.18
6	नैनो कार्ट्रिज के साथ 5 परत वाला मास्क	92.45	58.10

2.7.4 चयनित ऑटोमोटिव अनुप्रयोगों के लिए प्राकृतिक फाइबर आधारित संमिश्र का विकास

सुई पंचिंग तकनीक का उपयोग करके केले के रेशे और पॉली प्रोपलीन बुनियादी रेशे का उपयोग करके प्राकृतिक रेशा मिश्रित सामग्री तैयार की गई थी। केले के रेशे को 50-60 मिमी के एक समान आकार में काटा गया। केले के रेशे और 6 डेनियर के 100 मिमी बुनियादी पॉली प्रोपलीन रेशे को 50:50 के मिश्रण अनुपात में मिलाया गया था। यह देखा गया कि केले के रेशे की कठोरता के कारण गैर-बुने उत्पादन प्रक्रिया के दौरान यह अच्छी तरह से मिश्रित नहीं हुआ और कपड़े की एकरूपता अच्छी नहीं थी। एक अच्छी गैर-बुनी सामग्री विकसित करने के लिए केले: पॉली प्रोपलीन का इष्टतम मिश्रण अनुपात 25:75 पाया गया।

अशुध्दी रहित प्राकृतिक रेशों का निष्कर्षण
↓
पॉलीप्रॉपलीन रेशों के साथ प्राकृतिक रेशों का मिश्रण
↓
मिश्रित गैर बुने हुए कपड़े का बिकार
↓
गैर बुनी सामग्री को गर्म इस्त्री का उपचार
↓
सम्मिश्रित सामग्री का अभिलक्षणन

चित्र 2.43 केले के रेशे पर आधारित गैर-बुना रेशा मिश्रण

एफटीआईआर और रासायनिक संरचना विश्लेषण से यह पता चला कि सोडियम हाइड्रॉक्साइड उपचार केले के रेशों से लिग्निन को हटाने और कोमलता में सुधार लाने में प्रभावी है। लिग्निन को हटाने के कारण उपचारित केले के रेशे की ऊश्मीय स्थिरता में सुधार पाया गया।

तालिका 2.21 7% सोडियम हाइड्रॉक्साइड और सोडियम कार्बोनेट से उपचारित केले के रेशे की रासायनिक संरचना।

नमूने	लिग्निन%	होलोसेल्युलोज%	नमी%	राख%
नियंत्रण	13.41	67.15	14.08	6.73
NaOH	8.24	74.13	13.13	4.90
Na_2CO_3	10.20	70.41	13.95	5.18



चित्र. 2.44 NaOH उपचारित केले के रेशे के नमूनों का FTIR विश्लेषण



चित्र 2.45 उपचारित केले के रेशे की तापीय स्थिरता

2.8 बाह्य वित्तपोषित परियोजनाएँ

2.8.1आईसीएआर-सिरकॉट कृषिव्यवसाय सृजनन केन्द्र, मुंबई (राष्ट्रीय कृषि नवाचार फंड)

संस्थान का कृषिव्यवसाय सृजनन केन्द्र (एबीआई) स्टार्ट-अप इंडिया के सरकारी कार्यक्रम के अनुरूप कपास और उसके बायोमास की कटाई के बाद प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन में नवीन प्रौद्योगिकियों के आधार पर नए उद्यम को बढ़ावा और पोषित कर रहा है।

उत्पाद विकास: मैसर्स. फ्यूमा लैब्स प्राइवेट लिमिटेड, ग्वालियर, सिरकॉट एबीआई इनक्यूबेटी ने जुलाई 2022 में ओटाई प्रशिक्षण केन्द्र, नागपुर में कण बोर्ड बनाने के लिये पाइलट स्केल सुविधा का उपयोग करके नवोन्मेषी गोन्द का उपयोग करके एक टन गन्ने की खोई से कण बोर्ड विकसित किया। 18 मिमी मोटाई के लगभग 50 बोर्ड इनक्यूबेट द्वारा तैयार किए गए।

इस के अलावा, इस अवधि के दौरान एक नए उद्यमी को उद्यम सृजनन हेतु प्रवेश दिया गया।

क्र.	उद्यमी	प्रौद्योगिकी
1.	मैसर्स. देवधर के मिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, पुणे	उर्वरक और कीटनाशक के रूप में आईसीएआर-सिरकॉट नैनो सल्फर का उपयोग

2.8.2 आरकेवीवाई - रफ्तार (राष्ट्रीय कृषि विकास योजना - कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के कायाकल्प के लिये लाभकारी दृष्टिकोण) कृषि व्यवसाय सृजनक (आर-एबीआई)

देश भर में 31 जनवरी 2019 से कार्यरत 29 आरकेवीवाई -रफ्तार कृषि-व्यवसाय इन्क्यूबेटरों में से एक आईसीएआर-सिरकॉट आर-एबीआई है। सिरकॉट आर-एबीआई द्वारा चयनित नवउद्यमियों को अनुदान सहायता देने हेतु दो कार्यक्रम; (i) प्री-सीड फंडिंग कार्यक्रम **(उदय)** जो नवोन्मेषी विचारों को व्यावहारिक प्रोटोटाइप में बदलने के लिए कृषि-स्टार्टअप को 5 लाख रुपये तक और (ii) सीड स्टेज फंडिंग कार्यक्रम **(अंकुर)** जो चयनित कृषि-स्टार्टअप को अपने न्यूनतम व्यवहार्य उत्पाद (एमवीपी) के व्यावसायीकरण करने हेतु या अपनी व्यावसायिक गतिविधि को बढ़ाने के लिए 25 लाख रुपये तक की अनुदान सहायता प्रदान करता है।

कृषि उद्यमिता अभिविन्यास कार्यक्रम (एओपी) और कृषि-स्टार्टअप उद्भवन कार्यक्रम (एसएआइपी):

वर्ष 2022 के दौरान तीन समूहों के तहत चयनित प्री सीड फंडिंग के नवउद्यमियों के लिए दो महीने का कृषि उद्यमिता अभिविन्यास कार्यक्रम (एओपी) और सीड फंडिंग के एग्री-स्टार्टअप के लिए कृषि-स्टार्टअप उद्भवन कार्यक्रम (एसएआइपी) आयोजित किया गया।

चौथा समूह: कुल प्राप्त 116 आवेदनों में से (47 प्री-सीड और 69 सीड स्टेज फंडिंग), उन्नीस (19) एग्री-स्टार्टअप्स को (08 प्री-सीड और 11 सीड स्टेज फंडिंग) दिनांक 08/02/2022 से 08/04/2022 तक आयोजित एओपी और एसएआईपी कार्यक्रम के लिए चुना गया।

पांचवां समूह: कुल प्राप्त 65 आवेदनों में से (37 प्री-सीड और 28 सीड स्टेज फंडिंग), आठ (08) कृषि-स्टार्टअप को (03 प्री-सीड और 05 सीड स्टेज) दिनांक 24/05/2022 से 24/07/2022 तक आयोजित एओपी और एसएआईपी कार्यक्रम के लिए चुना गया।

छठा समूह: कुल प्राप्त 31 आवेदनों में से (12 प्री-सीड और 19 सीड स्टेज फंडिंग), पंद्रह (15) कृषि-स्टार्टअप को (06 प्री-सीड स्टेज फंडिंग और 09 सीड स्टेज) दिनांक 23/12/2022 से शुरू हो रहे एओपी और एसएआईपी कार्यक्रम के लिए चुना गया।

अनुदान सहायता सुविधा

सिरकॉट आर-एबीआई विभिन्न समूहों के अंतर्गत चयनित स्टार्ट-अप को अनुदान सहायता की सुविधा प्रदान करने में सफल रहा है। प्री-सीड स्टेज और सीड स्टेज फंडिंग आंबंटन के लिए तीसरे/चौथे/पांचवें समूह के इन्क्यूबेटियों के अंतिम मूल्यांकन हेतु रफ्तार उद्भवन समिति (आरसी) की बैठक 02/06/2022, 03/06/2022 और 29/11/2022 को डॉ. पी. चंद्र शेखर, महानिदेशक, राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (मैनेज) की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

तीसरा समूह: आठ (08) कृषि-स्टार्टअप को निम्नानुसार कुल 97.75 लाख रुपये की अनुदान सहायता स्वीकृत की गई और प्रतिवेदन अवधि के दौरान 33.9 रुपये की पहली किस्त (06 लाख रु. प्री-सीड स्टेज फंडिंग और 27.9 लाख रु. सीड स्टेज फंडिंग) वितरित की गई।

अनुदान सहायता (तीसरे समूह के लिये) :

क्र.	स्टार्टअप नाम	व्यवसाय संकल्पना	स्वीकृत राशि (रु. लाख)
	प्री-सीड स्टेज फंडिंग (उदय)		
1	मैसर्स. ओशन फार्म्स, मुंबई, महाराष्ट्र (श्री अक्षय जाधव)	समुद्री शैवाल खेती और आधारित उत्पादों का विकास	5.00

2	मैसर्स. तेजस्वी कृषि इंडस्ट्रीज, नासिक, महाराष्ट्र (श्री. विलास राजोले)	इमली प्रसंस्करण की मूल्य श्रृंखला का विकसन	5.00
3	मैसर्स. वन स्टॉप डिजिटल एग्रो सोल्युशन्स प्रा. लिमिटेड, पूणे , महाराष्ट्र (श्री. प्रतापसिंह चव्हाण)	कृषि समस्या समाधान हेतु सिंगल स्टॉप डिजिटल प्लैटफ़ॉर्म का विकास	5.00
		कुल (प्री-सीड स्टेज फंडिंग)	15.00
	सीड स्टेज फंडिंग (अंकुर)		
1	मैसर्स वीआरएसएस एग्रो इंजिनीयरिंग एलएलपी , पुणे, महाराष्ट्र (श्री विनोद अटकरी, श्री राजेंद्र कोल्हे)	किसानों, एफपीओ और किसान समूहों के लिए खाद्यान्न भंडारण हेतु अभिनव साइलो का विकास	18.75
2	मैसर्स राजवर्धिनी न्यूट्रीकेयर एंड फूड्स, नासिक, महाराष्ट्र (सुश्री प्रज्ञा राणे)	प्राकृतिक रूप से सुदृढ़ किफायती शिशु आहार	17.00
3	मैसर्स. बायोलॉजिकल रिसर्च इनोवेशन सेंटर एंड सॉल्यूशन्स एलएलपी, बंगलुरू, कर्नाटक (डॉ. रविशंकर भट्ट)	वनस्पति घटकों का उपयोग करके कपड़े से दाग हटानेवाला फैब्रिक स्टेन रिमूवर का विकास	19.00
4	मैसर्स. एटवॉटर इंजिनिअर्स इंडिया प्रा. लि. मुंबई, महाराष्ट्र (श्री अरविंद घाडगे)	समुद्री जल से अलवणीकृत पेय जल बनाने हेतु मशीन का विकास	13.00
5	मैसर्स. आरडे पाटील फार्मा प्राइवेट लिमिटेड , कोल्हापूर, महाराष्ट्र (श्री. सर्जेराव पाटील)	औषधीय वनस्पति अर्क का निष्कर्षण और उसके उपयोग	15.00
		कुल (सीड स्टेज फंडिंग)	82.75
	तिसरे समुह को कुल अनुदान सहायता (प्री सीड स्टेज फंडिंग + सीड स्टेज फंडिंग)		**97.75**

चौथा समूह: सात (07) कृषि-स्टार्टअप को निम्नानुसार कुल 102.50 लाख रुपये की अनुदान सहायता स्वीकृत की गई और प्रतिवेदन अवधि के दौरान 43 लाख रुपये की पहली किस्त (प्री-सीड स्टेज फंडिंग 06 लाख और सीड स्टेज फंडिंग 37 लाख) वितरित की गई।

अनुदान सहायता (चौथे समूह के लिये):

क्र.	स्टार्टअप नाम	व्यवसाय संकल्पना	स्वीकृत राशि (रु. लाख)
	प्री सीड स्टेज फंडिंग (उदय)		
1	मैसर्स. वेगन्स केयर बायोटेक एलएलपी, मुंबई, महाराष्ट्र (डॉ. अनूप बी सोनवणे, श्री सचिन आर. अडसरे)	जीवनक्षम और अ-जीवनक्षम प्याज के बीज का निर्धारण करने के लिए रैपिड डिटेक्शन किट का विकास	5.00

2	मेसर्स. एच एन ऑटोमेटिक्स प्रा. लि. , जळगाव, महाराष्ट्र (श्री हिमांशु विनायक दीक्षित)	अंतरफसल खेती के लिए एक स्वचालित एकल मशीन का विकास	5.00
		कुल (प्री सीड स्टेज फंडिंग)	10.00
		सीड स्टेज फंडिंग (अंकुर)	
1	मैसर्स. स्मरण उद्योग पुणे, महाराष्ट्र (श्री महेश मारुति बोरहाडे)	खाद्य, फार्मा और सौंदर्य प्रसाधनों में उपयोग के लिए सुगंधित तेल के निष्कर्षण और उपोत्पाद के मूल्यवर्धन के लिए नवीन प्रक्रिया प्रोटोकॉल का विकास	15.00
2	मैसर्स. फोरकास्ट एग्रोटेक इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड पुणे, महाराष्ट्र (डॉ. संतोष हरिश्चंद्र सहाणे)	जैव पचित कीचड़ का जैव उर्वरक और जैव घोल में सतत रूपांतरण	15.00
3	मैसर्स. पिमानी उद्योग इंडिया प्रा. लि., सांगली, महाराष्ट्र (श्री नितिन प्रह्लाद खाड़े)	सब्जियों और फलों के निर्जलीकरण हेतु अभिनव जलशोषित्र का विकास	20.50
4	मैसर्स. विश्व नेचुरल फैब प्रिंट्स, हैदराबाद, आन्ध्र प्रदेश (डॉ. ए. शारदा देवी)	कपड़े पर प्राकृतिक रंजक से प्रत्यक्ष मुद्रण की विधि का विकास	25.00
5	मैसर्स. गाव शिवार आदिवासी कृषि पर्यटन केन्द्र आणि आदिवासी जन जिवन, नासिक, महाराष्ट्र (श्री गणेश लवंकुश जाधव)	कृषि पर्यटन मॉड्यूल के माध्यम से स्थानिक ग्रामीणों के लिए सतत आय स्रोत का विकास	17.00
		कुल (सीड स्टेज फंडिंग)	92.50
		चौथे समुह को कुल अनुदान सहायता (प्री सीड स्टेज फंडिंग + सीड स्टेज फंडिंग)	**102.50**

पांचवां समूह: पांच (5) कृषि-स्टार्टअप को निम्नानुसार कुल 65.00 लाख रुपये की फंडिंग के लिए मंजूरी दी गई (प्री-सीड स्टेज फंडिंग 15 लाख और सीड स्टेज फंडिंग 50 लाख)

अनुदान सहायता (पांचवे समूह के लिये)

क्र.	स्टार्टअप नाम	व्यवसाय संकल्पना	स्वीकृत राशि (रु. लाख)
		प्री सीड स्टेज फंडिंग (उदय)	
1	मैसर्स. काप्रा एंटरप्राइजेस, नासिक, महाराष्ट्र (श्री सुनील प्रकाश भालेराव)	किसानों के लिए कम लागत वाले अंडे सेने की मशीन का विकास	5.00
2	मैसर्स. सिल्क ककून हँडीक्राफ्ट्स , कोल्हापूर, महाराष्ट्र (श्री अधिकराव धनाजी जाधव)	बेकार रेशम ककून का मूल्य संवर्धन	5.00

3	मैसर्स. काया एंटरप्राइस , वडोदरा, गुजरात (डॉ. कृषि हिंगुराव)	ऑयस्टर मशरूम आधारित स्वास्थ्यवर्धक पफ्स (फ्रायम्स) का विकास	5.00
कुल (प्री-सीड स्टेज फंडिंग)			15.00
सीड स्टेज फंडिंग (अंकुर)			
1	मैसर्स. न्यूट्रिवीएमएस बायोकेम प्रा. लिमिटेड, पुणे, महाराष्ट्र (डॉ. सचिन भीकाजी जाधव)	मुर्गी पंख के अपशिष्ट से अमीनो एसिड युक्त उर्वरक का विकास	25.00
2	एफ-स्केयर एग्री लैब्स प्रा. लि. , कोल्हापुर, महाराष्ट्र (श्री विनायक दत्तात्रेय फस्के)	छोटे आकार के बीजों के लिए कम लागत वाला बीजारोपण यंत्र	25.00
कुल (सीड स्टेज फंडिंग)			50.00
पांचवे समुह को कुल अनुदान सहायता (प्री सीड स्टेज फंडिंग + सीड स्टेज फंडिंग)			**65.00**

छठा समूह: स्टार्टअप्स का चयन प्रौद्योगिकी में नवाचार, सामाजिक प्रभाव और कृषि श्रृंखला में किसानों की आयवृद्धी में लाभ पर केन्द्रीत करते हुए किया गया। अधिकांश स्टार्टअप्स ने किसानों को प्रत्यक्ष लाभ दिखाया और कुछ मामलों में, यह माना गया कि मॉडल के बड़े पैमाने पर अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इस बात पर जोर दिया गया कि पिछड़े एकीकरण से लेकर बाजार स्थिति तक सभी तरह से श्रृंखला में मूल्यवर्धन होगा।

प्री-सीड स्टेज और सीड स्टेज फंडिंग के लिए मार्गदर्शन के लिए चुने गए स्टार्टअप विचार हैं;

क्र.	नवउद्यमी नाम	व्यवसाय संकल्पना (उदय)
1	श्री दर्शन चेतन खैरे	सेरागो वाइन
2	श्री हरिराम देवराम थाविल	कृषि-पर्यटन के माध्यम से स्वदेशीय प्रजातियों (वनस्पतियों और जीवों) का संवर्धन
3	श्री भरत चंद्रकांत होनमाने	अग्रेषित परासरण तकनीक का उपयोग करके तरल उर्वरक प्रणाली का विकास
4	श्री विघ्नेश दत्तात्रेय मदाने	आयरन टैबलेट के विकल्प के रुप में आयरन बूस्ट चॉकलेट बनाना
5	श्रीमती लीना सावंत	न्यूट्री बार; अंगूर खली चॉकलेट बनाना
6	श्री हर्षल ईश्वर पाटील	बुआई के लिए बीज-टेप के माध्यम से वस्त्र अपशिष्ट का मूल्यवर्धन
क्र.	**स्टार्टअप नाम**	**व्यवसाय संकल्पना (अंकुर)**
1	श्रीमती प्रज्ञा दयाराम मेश्राम	कॉर्डिसेप्स मिलिटेरिस (हिमालयीन खुम्ब) की खेती / उत्पादन
2	श्री अदीनय देवराजन	पशुधन के लिए ऑनसाइट मूत्र आधारित प्रारंभिक गर्भावस्था का संसूचक किट *ईज़ी-पीडी* का विकास

3	श्रीमती प्रियंका दिग्विजय पाटील	स्पिरुलिना की खेती और स्पिरुलिना पर आधारित उत्पाद बनाना
4	श्रीमती सीमा रामदास गरजे	स्वादिष्ट और आवश्यक खनिज से भरपूर अमृतप्राश बनाना
5	श्री सूरज कपाले	दूध दूहते समय शून्य छलकन हेतु उपकरण विकसित करना
6	श्री अमेय अमोल सूर्यवंशी	गन्ने के रस के परिरक्षण हेतु नवीन दृष्टिकोण
7	श्रीमती कजोरी जैन	पादप आधारित जीवाणुरोधी सेनेटरी पैड
8	श्री सुजीत माणिक कुदाले	बेकार/निम्न ग्रेड किशमिश से जैम और माउथ फ्रेशनर बनाना
9	श्रीमती प्रतिभा राव	आइओटी आधारित परिशुद्ध खेती

M/s. Ocean Farms, Palghar, Thane
(Seaweed cultivation & processing)

M/s. Tejasvi Agro Industries, Nashik
(Tamarind value chain)

M/s.VRSS Agro Engineering LLP, Pune
(Low-capacity grain storage silo)



M/s. One Stop Digital Agri Solutions Pvt Ltd., Pune
(e-platform for pomegranate & grape farmers)

M/s. Rajwardhini Nutricare and Foods, Nashik
(Baby food products)

M/s Biological Research Innovation Centre and Solutions LLP, Banglore (Fabric stain remover)

M/s Atwater Engineers India Pvt. Ltd., Navi Mumbai
(Desalination of sea water to potable water)

M/s. Arde Patil Pharma Pvt Ltd., Kolhapur
(Contract farming and processing of medicinal plant)



M/s Veganscare Bio-Tech LLP, Mumbai
(Rapid detection kit for viability of onion seeds)

M/s HN Automatics Pvt. Ltd.
(Automated solo machine for intercrop opertaions)

M/s Smaran Udyog Pvt Ltd, Pune
(Geranium contract farming and essential oil extraction)

M/s Forecast Agrotech Innovations Pvt Ltd, Pune
(Biofertilizer & bio-slurry from cattle dung and agro-waste)

M/s Pimani India Pvt Ltd, Sangli
(Dehumidifier for accelerated dehydration of fruits & vegetables)



M/s Gao Shivar Krishi Paryatan Kendra ani Adivashi Jan-Jeevan, Nashik
(Agro-tourism module in tribal area)

M/s Vishwa Natural Fab Prints, Hyderabad

2.8.3 तेल रहित कपास केक से प्रोटीन निष्कर्षण और मूल्य संवर्धन (उपोत्पाद उपयोग) के लिए प्रायोगिक संयंत्र की रचना और विकास (डीएसटी/टीडीपी)

माइक्रोवेव पूर्व-उपचार पद्धति ने बिनौला चूर्ण (सीएसएम) में गॉसिपोल की मात्रा में कटौती के सकारात्मक परिणाम दिखाए हैं। सर्वोत्तम अनुकूलित स्थिति बॉक्स बेनकेन डिज़ाइन (बीबीडी) रिस्पॉन्स सरफेस पद्धति (आरएसएम) से प्राप्त की गई थी और सीएसएम के माइक्रोवेव पूर्व उपचार के चयनित मापदंडों का क्रांतिक मान 26% नमी की मात्रा, 900 वाट माइक्रोवेव पावर स्तर और समय 6 मि. तक था।

वसायुक्त चूर्ण से प्रोटीन निष्कर्षण प्रक्रिया के अनुकूलन पर चार परिवर्ती कारकों का उपयोग करके आगे के अध्ययन किए गए - क्षार से नमूने का अनुपात, निष्कर्षण

समय, विलायक द्रव का पीएच और NaCl और Na2SO3 की सांद्रता का अनुपात । फेनोलिक ऑक्सीकरण को रोकने और प्रोटीन के रंग और स्वाद को बेहतर बनाने के लिए सोडियम सल्फाइट (Na2SO3) का मिश्रण किया गया था। प्रोटीन निष्कर्षण के लिए प्राप्त अनुकूलित स्थिति इस प्रकार थी। क्षार: नमूना अनुपात 33:1 [vw– 1], NaCl सांद्रता 0.15 mol/L, 0.27 % Na 2 SO 3 और समय 147.5 मिनट (चित्र 2.46)।

प्रोटीन पुन: प्राप्ति 57% पाई गई। तेल रहित चूर्ण और माइक्रोवेव पूर्व-उपचारित चूर्ण से निकाले गए प्रोटीन की मात्रा क्रमशः 86.265 ± 0.712 और 92.790 ± 0.953 पाई गई थी। बिनौला प्रोटीन सांद्रण (CSPC) और माइक्रोवेव उपचारित बिनौला प्रोटीन वियोजक (MW-CSPI) के मुक्त गॉसीपोल (FG) और कुल गॉसीपोल (TG) मूल्यों में कमी देखी गई। ऐसा निष्कर्षण के दौरान गॉसिपोल अणु के क्षारविशिष्ट वातावरण की विरोधभाव के कारण है।

प्रोटीन के कार्यात्मक गुण खाद्य में वांछित तकनीकी उद्देश्य प्रदान करने में सर्वोपरि भूमिका निभाते हैं। CSPC और MW-CSPI का मूल्यांकन उनके कार्यात्मक गुणों के लिए किया गया था। अध्ययन से पता चला कि सीएसपीसी ने कार्यात्मक गुणों के मामले में अच्छा प्रदर्शन किया (चित्र 2.47 क-ड़)। (*: प्रोटीन पैलेट्स को परिवेशी परिस्थितियों में 7-8 घंटे तक सुखाया जाता है **: प्रोटीन पैलेट्स को परिवेशीय परिस्थितियों में 2-3 घंटों तक सुखाया जाता है)



चित्र 2.46 क्षार नमक सहायता प्राप्त प्रोटीन निष्कर्षण प्रक्रिया



चित्र 2.47. क. जल अवशोषण और तेल अवशोषण क ्षमता का चित्रमय निरूपण



ख. पायसीकारी गतिविधि और स्थिरता सूचकांक का चित्रमय निरूपण



ग. फेनन क्षमता का चित्रमय निरूपण



घ. फेनन स्थिरता का चित्रमय निरूपण



ड़. प्रोटीन घुलनशीलता का चित्रमय निरूपण

चित्र: 2.48 बिनौला प्रोटीन युक्त मल्टीग्रेन बिस्कुट

ताप/विद्युत चुम्बकीय तरंग के प्रोटीन के कार्यात्मक और संरचनात्मक गुणों पर होने वाले प्रभाव की सटीक गणना करना काफी मुश्किल है। इसके अतिरिक्त, प्रोटीन टिकिया (पैलेट्स) की परिवेशीय सुखाने की तकनीक पर एक प्रारंभिक अध्ययन आयोजित किया गया था। प्रोटीन से भरपूर, मल्टीग्रेन बिस्किट के प्रीमिक्स फॉर्मूलेशन में 5% बिनौला प्रोटीन को शामिल करके विकसित किया गया था (चित्र 2.48)। परिणाम से पता चला कि प्रीमिक्स के साथ-साथ बिस्किट में एफजी और टीजी का मूल्य अनुमेय सीमा से कम था, यानी 0.04% एफजी के लिए। हमारे बिस्किट में प्रोटीन की मात्रा बाजार में व्यावसायिक रूप से उपलब्ध बिस्कुट के बराबर है।

2.8.4 थर्मल पावर प्लांट (टीपीपी) में सह-फायरिंग के लिए पेलेट्स में रूपांतरण हेतु धान के भूसे और अन्य कृषि अवशेषों का अभिलक्षणन और उपयोग (राष्ट्रीय बायोमास मिशन, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार)

बायोमास सामग्री का विश्लेषण

कृषि-अवशेष अर्थात. धान का भूसा (6 टन), सोयाबीन के डंठल (3 टन), बांस की धूल (1.5 टन), मूंगफली के छिलके (3.5 टन) और कपास के डंठल (2 टन) खरीदे गए और आईसीएआर-सिरकॉट के जिनिंग प्रशिक्षण केंद्र, नागपुर में संग्रहीत किए गए। इनका मानक तरीकों के अनुसार राख, गर्म पानी में घुलनशील पदार्थ , लिग्निन, सेलूलोज़ आदि के लिए विश्लेषण किया गया । यह देखा गया कि ये सभी अवशेष प्रकृति में लिग्नोसेल्यूलोसिक हैं और धान के भूसे में अन्य कृषि अवशेषों की तुलना में बहुत अधिक मात्रा में राख होती है। इन सामग्रियों का सकल कैलोरी मान (जीसीवी) भी निर्धारित किया गया था जो कपास के डंठल के लिए सबसे अधिक पाया गया, उसके बाद मूंगफली के छिलके और बांस की धूल का स्थान था, जबकि सोयाबीन के डंठल के लिए यह सबसे कम था।

तालिका 2.22 विभिन्न कृषि अवशेषों की रासायनिक संरचना

पैरामीटर की प्रकृति	कपास का डंठल	धान का भूसा	मूंगफली का छिलका	बांस की धूल	सोयाबीन का डंठल
नमी %	10.1	9.9	9.7	5.9	10.0
राख %	4.6	15.7	9.7	2.1	5.1
गर्म पानी में घुलनशीलता %	5.8	6.8	3.6	5.3	7.5
लिग्निन %	23.9	19.3	25.4	22.9	24.0
होलो सेलूलोज़ %	60.5	70.3	65.4	64.0	64.5
अल्फ़ा सेलूलोज़ %	36.1	43.1	33.7	39.2	39.7
जीसीवी (कैलोरी /ग्राम)	3928	3318	3792	3578	3101

बायोमास के टॉरफेक्शन पर प्रयोगशाला अध्ययन

बायोमास सामग्रियां हाइग्रोस्कोपिक(नमीशोषक) होती हैं और उनका कैलोरी मान कम होता है। टॉरफ़ैक्शन (Torrefaction) इन गुणों में सुधार कर सकता है। एकत्रित किए हुए बायोमास सामग्री को टुकड़े करके पीसा गया और 30 मिनट के लिए 200-350 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर सीमित मात्रा में हवा के साथ फ्लैट बेड रिएक्टर में बंद कंटेनरों में रखा गया । टॉरफ़ैक्शन के दौरान बायोमास नमूनों में वजन में कमी निर्धारित की गई थी और इसे चित्र 2.49 में प्रस्तुत किया गया है। चित्र से यह देखा जा सकता है कि टॉरफैक्शन के तापमान में वृद्धि के साथ बायोमास सामग्रियों के वजन में कमी आ रही है और ये मान विभिन्न सामग्रियों के लिए अलग-अलग हैं।



चित्र 2.49 विभिन्न तापमानों पर टॉरफ़ैक्शन की हुई बायोमास सामग्री के वजन में कमी

धान के भूसे का कुल कार्बन विश्लेषण

कच्चे और टॉरफाइड धान के भूसे के पाउडर का विश्लेषण किया गया और यह पाया गया कि टॉरफैक्शन के तापमान में वृद्धि के साथ कुल कार्बन का मूल्य बढ़ गया।

तालिका 2.23 धान के भूसे के नमूनों में कुल कार्बन सामग्री

नमूना	कुल कार्बन (%)
कच्चे धान के भूसे का पाउडर	33.71
200 डिग्री सेल्सियस पर टॉरफाइड धान की भूसी	36.16
250 डिग्री सेल्सियस पर टॉरफाइड धान की भूसी	40.45
300 डिग्री सेल्सियस पर टॉरफाइड धान की भूसी	41.79
350 डिग्री सेल्सियस पर टॉरफाइड धान की भूसी	48.12

बायोमास सामग्री का थर्मोग्रैविमेट्रिक विश्लेषण (टीजीए)।

तापमान के संबंध में वजन घटने के पैटर्न का अध्ययन करने के लिए एकत्रित बायोमास नमूनों का टीजीए किया गया (चित्र 2.50)। यह देखा गया कि 220 डिग्री सेल्सियस तक वजन में केवल एक छोटा परिवर्तन होता है जो मुख्य रूप से नमी के नुकसान से मेल खाता है। इसके बाद बायोमास नमूनों में वजन घटने की दर लगातार बढ़ती है और 300 डिग्री सेल्सियस के बाद तेज वृद्धि देखी जाती है। इसलिए, बायोमास सामग्री के टॉरफेक्शन के लिए 250-300 डिग्री सेल्सियस का तापमान उचित पाया गया । अन्य बायोमास नमूनों की तुलना में कपास के डंठल में सबसे अधिक और सोयाबीन के डंठल में सबसे कम वजन में कमी देखी गई।



चित्र 2.50 विभिन्न बायोमास नमूनों का टीजीए पैटर्न

पेलेट्स का निर्माण

जीटीसी में 15-19% नमी की मात्रा (एमसी) रखके धान के भूसे की पेलेट्स (गोलियां) तैयार की गईं और यह पाया गया कि 17% एमसी ने स्थायित्व सूचकांक और महीन कणों के मामले में बेहतर परिणाम दिए (तालिका 2.24)

तालिका 2.24 अलग-अलग नमी के स्तर पर बने धान के भूसे के पेलेट्स की विशेषताएं

क्रमांक _	पाउडर का एमसी%	पेलेट एमसी (%)	राख (%)	लंबाई (सेमी)	स्थूल घनत्व (किलो/मी3)	स्थायित्व सूचकांक (%)	महीन कण (%)
1	15	11.54	14.58	3.12	556	90.6	0.22
2	17	11.91	14.40	3.0	594	96.32	0.14
3	19	12.97	14.25	2.06	401	88.28	0.86

13-19% नमी के स्तर का उपयोग करके बाइंडर के रूप में 5% साल डीओसी (खली) का उपयोग करके धान के भूसे की गोलियां भी तैयार की गईं। इस प्रयोग में धान के भूसे से गोलियां तैयार करने के लिए 15% की नमी सामग्री के लिए इष्टतम पाई गई क्योंकि स्थूल घनत्व में 9.4% का सुधार हुआ और महीनता में 57% की कमी देखी गई। बाइंडर जोड़ने से सामग्री में तेल की उपस्थिति के कारण उसकी प्रवाह क्षमता में सुधार हुआ। छर्रों का लक्षण वर्णन किया गया और परिणाम तालिका 2.25 में प्रस्तुत किए गए हैं।

तालिका 2.25 बाइंडर का उपयोग करके बनाई गई धान की भूसे की गोलियों की विशेषताएं

क्रमांक _	प्रारंभिक एम.सी	पेलेट एमसी (%)	राख सामग्री (%)	लंबाई (सेमी)	स्थूल घनत्व (किलो/मी3)	स्थायित्व सूचकांक (%)	महीन कण (%)
1	17	11.64	15.36	2.8	582	95	0.085
2	16	10.24	16.48	3.3	656	96	0.05
3	15	10.10	15.10	3.2	650	96.4	0.06
4	14	9.61	15.58	3.3	645	96.3	0.05
5	13	9.44	15.77	2.9	552	93	0.134

धान के भूसे और अन्य कृषि-अवशेषों के संयोजन का उपयोग करके पेलेट्स तैयार करना

धान के भूसे और अन्य कृषि अवशेषों (कपास के डंठल, मूंगफली के छिलके, सोयाबीन के भूसे और बांस की धूल) के विभिन्न संयोजनों में पेलेट्स निर्माण के लिए जेएमपी सॉफ्टवेयर का उपयोग करके प्रायोगिक डिजाइन (सरल जाली डिजाइन) तैयार किया गया जिससे इन कृषि-अवशेषों के कुल 126 संयोजन प्राप्त हुए। इनमें से 13 प्रयोग किए गए और तैयार पेलेट्स का जीसीवी और राख सामग्री के लिए विश्लेषण किया गया (तालिका 2.26)। तालिका से यह देखा गया कि अधिक मात्रा में कपास के डंठल/मूंगफली के छिलके या बांस की धूल के संयोजन में उच्च जीसीवी और कम राख सामग्री थी। यह पाया गया कि जैसे-जैसे कपास के डंठल का प्रतिशत बढ़ता है, राख की मात्रा कम हो जाती है। धान के भूसे को गोली में मिलाने से आम तौर पर राख की मात्रा बढ़ जाती है और जीसीवी कम हो जाती है।

तालिका 2.26 बायोमास सामग्री के संयोजन का उपयोग करके बनाई गई पेलेट्स की विशेषताएं

एस. एन.	ट्रायल नं.	संयोजन					गोली एम.सी	सीवी (कैलोरी /ग्राम)	राख %
		धान का भूसा	कपास का डंठल	मूंगफली का छिलका	सोयाबीन का डंठल	बांस की धूल			
1	1	0.4	0	0	0.4	0.2	10.7	3805	8.08
2	2	0.4	0.6	0	0	0	11.05	3772	5.14
3	3	0	0	0.6	0.2	0.2	12.15	3989	4.46
4	4	0	0	0	0.8	0.2	10.6	3979	5.67
5	5	0.4	0	0.2	0.4	0	12	3696	9.10
6	6	0	0.8	0	0.2	0	11.4	3882	4.78
7	7	0	0.6	0.2	0	0.2	12.62	3998	4.52
8	8	0.2	0.2	0.4	0	0.2	12.3	3620	5.6
9	9	0.4	0	0	0.6	0	12.7	3624	8.05
10	10	0.4	0.2	0.4	0	0	13.13	3697	10.1
11	18	0	0.6	0	0	0.4	6.35	4121	3.71
12	24	0	0.8	0	0	0.2	9.15	3987	3.7
13	34	0.2	0.2	0	0	0.6	9.7	3823	5.6

चूँकि टॉरफ़ैक्शन से बायोमास द्वारा नमी अवशोषण कम होता है, इसलिए भंडारण पर टॉरफ़ाइड बायोमास द्वारा नमी ग्रहण करने पर अध्ययन की योजना बनाई जा रही है। अज्ञात संरचना के पेलेट्स में धान के भूसे की मात्रा के निर्धारण के लिए विधि तैयार करने के लिए उसके गुणों का एक डेटाबेस विकसित किया जायेगा जिसके लिये देश के विभिन्न भौगोलिक स्थानों से विभिन्न किस्मों के धान के भूसे के नमूने एकत्र किए गए हैं।

3. प्रौद्योगिकी प्रबंधन

3.1 बौद्धिक संपदा प्रबंधन

संस्थान प्रौद्योगिकी प्रबंधन इकाई (आईटीएमयू) को संस्थान में विकसित प्रौद्योगिकियों की बौद्धिक संपदा के संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईटीएमयू विभिन्न परामर्शी परियोजनाओं के वाणिज्यिक मूल्यों के मूल्यांकन और प्रौद्योगिकी के लाइसेंस देने का भी कार्य करती है। संस्थान प्रौद्योगिकी प्रबंधन इकाई (आईटीएमयू) के माध्यम से इस वर्ष के दौरान तीन पेटेंट दायर किए गए तथा तेरह परामर्शी परियोजनाओं को संभाला और संसाधित किया गया।

पेटेंट दायर किये

क्रमांक	शीर्षक	फाइलिंग संख्या	दिनांक	आविष्कारक
प्राकृतिक रेशों पर सीआरपी की वार्षिक समीक्षा कार्यशाला 25 मार्च, 2022 को डॉ. एस.एन. झा, डीडीजी (कृषि अभियांत्रिकी) की अध्यक्षता में की गई।डॉ. के.के. सिंह एडीजी (एई), निदेशक, भा.कृ.अनु.प.-निनफेट, एसएमडी के प्रधान वैज्ञानिक, और प्राकृतिक फाइबर पर सीआरपी के तहत परियोजनाओं के प्रमुख अन्वेषक और सह-प्रमुख अन्वेषक बैठक के दौरान उपस्थित थे। डॉ. सुजाता सक्सेना, निदेशक (कार्यकारी) भा.कृ.अनु.प.-सिरकॉट ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और परियोजना की समग्र प्रगति के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। डॉ. ए.एस.एम. राजा, प्रधान वैज्ञानिक और अग्रणी केंद्र परियोजना समन्वयक ने चालू परियोजनाओं और वर्ष 2021-22 के दौरान शुरू की गई नई परियोजनाओं के बारे में एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी। संबंधित पीआई/सह-पीआई द्वारा प्रस्तुतियां दी गईं और कार्यशाला में उनकी प्रगति की समीक्षा की गई। यह निर्णय लिया गया कि भा.कृ.अनु.प. के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रतिभागी संस्थानों (एनएआरएस प्रणाली के बाहर) के साथ उपयुक्त समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाने चाहिए।

वैज्ञानिक लेखन पर कार्यशाला

वैज्ञानिकों के संवेदीकरण और क्षमता निर्माण के लिए 26-27 मार्च, 2022 के दौरान मुंबई में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के सहयोग से वैज्ञानिक लेखन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

नॅनो सल्फर पर विचार मंथन कार्यशाला

भाकृअनुप-सिरकॉट, मुंबई, में 14 जून, 2022, को "विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न फसलों पर भाकृअनुप-सिरकॉट नैनो सल्फर के अनुप्रयोग" पर विचार-मंथन कार्यशाला आयोजित की गई। सत्र की अध्यक्षता डॉ. सुजाता सक्सेना, निदेशक (कार्यकारी), भाकृअनुप-सिरकॉट मुंबई ने की और सह-अध्यक्षता डॉ. के.पी. पटेल, पूर्व प्रधानाचार्य और डीन, कृषि संकाय, एएयू, आनंद ने की। कार्यशाला में भाकृअनुप-सिरकॉट मुंबई, भाकृअनुप-आईआईएसएस भोपाल, भाकृअनुप-डीओजीआर राजगुरुनगर, एमपीकेवी राहुरी और निजी भागीदार मेसर्स देवधर केमिकल्स लिमिटेड, पुणे, के वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

भाग लेने वाले केंद्रों द्वारा की गई गतिविधियों को प्रस्तुत किया गया और तकनीकी कार्यक्रम पर दोबारा गौर किया गया और परियोजना की आगामी गतिविधियों को सुव्यवस्थित किया गया।

इस अवसर पर, 'ग्लिम्प्सेस ऑन भाकृअनुप-सिरकॉट नॅनो सल्फर एंड इट्स एप्लिकेशन इन फील्ड क्रॉप्स' नामक एक पुस्तिका जारी की गई।

हितधारकों की इंटरफेस बैठक

डॉ. एस. एन. झा, उप महानिदेशक (कृषि अभियांत्रिकी), भाकृअनुप, नई दिल्ली की अध्यक्षता में 13 जुलाई, 2022 को भाकृअनुप-सिरकॉट के वीडियो कॉन्फ्रेंस रूम में एक हितधारकों की इंटरफेस बैठक आयोजित की गई। बैठक में कॉटन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया, नेशनल टेक्सटाइल कॉरपोरेशन, एचवीआई मशीन निर्माताओं, भाकृअनुप-सिरकॉट के इनक्यूबेटियों और संस्थान के पूर्व निदेशकों ने भाग लिया।

डॉ. एस.एन. झा ने अपने भाषण में उल्लेख किया कि भाकृअनुप-सिरकॉट 2024 में अपनी शताब्दी मना रहा है और कपास के सभी हितधारकों को उत्सव का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने हितधारकों के सहयोग से कपास के महत्व और कपास के विकास में संस्थान के योगदान को प्रदर्शित करने का भी प्रस्ताव रखा। उन्होंने संस्थान और हितधारकों के बीच अधिक सहयोग की आवश्यकता और महत्व पर "कैसे साझा करें, कैसे एक दूसरे का समर्थन करें" पर एक योजना तैयार करें पर जोर दिया।

भाकृअनुप-डीएफआर के साथ विचार-मंथन सत्र

डॉ. सुजाता सक्सेना, निदेशक (ए), और डॉ. केवी प्रसाद, निदेशक, भाकृअनुप-डीएफआर, की अध्यक्षता में 3 अगस्त, 2022 को आईसीएआर-सिरकॉट, मुंबई में कृषि-वस्त्र और जैव-संमिश्र के क्षेत्र में अंतर-संस्थागत सहयोगी अनुसंधान के लिए एक विचार-मंथन सत्र आयोजित किया गया था। इस मंथन सत्र में दोनों संस्थानों के वैज्ञानिकों की टीम ने भाग लिया।

डॉ. प्रसाद ने राष्ट्रव्यापी प्लास्टिक प्रतिबंध के कारण पौधशाला किसानों और फूलों की खेती उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों और प्लास्टिक आधारित पौधशाला अंकुर ट्रे, नायलॉन जाली, पौधशाला पॉलीबैग, कृत्रिम पौध सुरक्षा कागज और स्फैग्नम मॉस की छड़ी को बदलने के लिए वैज्ञानिक हस्तक्षेप की आवश्यकता को प्रस्तुत किया।

प्लास्टिक को बदलने के लिए कपास आधारित कपड़ा और कागज सामग्री का उपयोग करने की संभावनाओं और फूलों की पैकेजिंग के लिए नैनो परिष्कृत सूती कपड़े और पौधों के सहारा देने के लिए नैनो परिष्कृत सूती धागे के संभावित उपयोग पर चर्चा की गई।

वेबिनार/सेमिनार

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर वेबिनार

राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी, 2022 को मनाया गया। इस अवसर पर, "योग के माध्यम से बालिकाओं के व्यक्तित्व में सुधार" विषय पर एक ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 100 प्रति-भागियों ने हाइब्रिड मोड में भाग लिया।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर वेबिनार

आजादी का अमृत महोत्सव के उत्सव-काल के उपलक्ष्य में 2 मार्च, 2022 को "ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (फसल अवशेष)" पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया।

डॉ. सुजाता सक्सेना, निदेशक (कार्यकारी) ने अपने उद्घाटन भाषण में शहरी और ग्रामीण दोनों परिदृश्यों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने भारत सरकार के प्राकृतिक/जैविक खेती मिशन के अनुरूप कम्पोस्ट आधारित प्रौद्योगिकियों की स्थापना में नवोदित उद्यमियों और स्टार्ट-अप का समर्थन करते हुए फसल अवशेष से मूल्य निर्माण विकसित करने के लिए संस्थान में किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।

डॉ. आर. एच. बालासुब्रमण्या, पूर्व एमेरिटस वैज्ञानिक, भाकृअनुप-सिरकॉट ने "ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (फसल अवशेष)" पर व्याख्यान दिया। उन्होंने शहरों/कस्बों में ठोस अपशिष्ट खाद और कृषि क्षेत्र में फसल अवशेषों से खाद बनाने की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विभिन्न राज्यों में ठोस अपशिष्ट की उपलब्धता के वर्तमान परिदृश्य और उन्हें संभालने में नियामक अधिकारियों के सम्मुख आनेवाली प्रबंधकीय समस्याओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवा शोधकर्ताओं और उद्यमियों को जुगाली करने वाले जानवरों के पाचन तंत्र की नकल करते हुए नई कंपोस्टिंग तकनीक विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए निर्देशित किया।

डॉ. ए.जे. शेख, संस्थान के पूर्व निदेशक और डॉ. बी.एम. खादी, पूर्व निदेशक, भाकृअनुप-केंकअनुसं, नागपुर ने भी इस वेबिनार में भाग लिया।

उर्वरकों के संतुलित और प्रभावी उपयोग पर वेबिनार

भाकृअनुप-सिरकॉट नॅनो उर्वरक और कपास डंठल खाद के विशेष संदर्भ में उर्वरकों के संतुलित उपयोग के बारे में दर्शकों को जागरूक करने के लिए 21 जून, 2022 को "उर्वरक के संतुलित और कुशल उपयोग" पर एक हिंदी वेबिनार का आयोजन किया गया था। "कृषि में नैनो-उर्वरक के अनुप्रयोग और भविष्य की संभावनाएं" विषय पर डॉ. ए. के. भारीमल्ला, डॉ. मनोज महावर और डॉ. ज्योति ढाकणे-लाड ने व्याख्यान दिया। डॉ. मनोज महावर, वैज्ञानिक, ने हरित क्रांति लाने में उर्वरकों के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने उर्वरकों के अधिक प्रयोग से होने वाली समस्याओं पर भी चर्चा की। डॉ. अजिनाथ डुकारे ने "स्थायी कृषि के लिए जैव उर्वरक और जैव समृद्ध कपास डंठल खाद" पर एक व्याख्यान दिया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के जैवउर्वरकों, उनके लाभ, प्रयोग के तरीके और उन लाभकारी सूक्ष्मजैविक उपभेदों

के बारे में बताया जो नाइट्रोजन फिक्सिंग,फास्फोरस विलेयकरण और पोटेशियम मोबिलाइजेशन में शामिल हैं। उन्होंने भाकृअनुप-सिरकॉट की कंपोस्टिंग तकनीक के बारे में भी बताया और कपास के डंठल की खाद के पर्यावरण और आर्थिक लाभों पर चर्चा की।

डॉ. के.पी. पटेल, पूर्व प्रधानाचार्य और डीन, आनंद कृषि विश्वविद्यालय, गुजरात ने भारत में वर्तमान कृषि परिदृश्य पर प्रकाश डाला और बताया कि उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी को कैसे नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विभिन्न आवश्यकताओं के कारण मिट्टी के प्रकार, फसल के प्रकार और जलवायु के अनुसार उर्वरकों के उपयोग को अनुकूलित किया जाना चाहिए। उन्होंने सही दर, सही समय और सही जगह पर सही उर्वरक के उपयोग (4आर) पर भी जोर दिया और उर्वरक लगाने से पहले मिट्टी के स्वास्थ्य की निगरानी पर जोर दिया।

वेबिनार में 70 किसानों सहित 120 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

विश्व कपास दिवस पर वेबिनार

भाकृअनुप-सिरकॉट, मुंबई के सम्मेलन कक्ष में इंडियन फाइबर सोसाइटी (आईएफएस), मुंबई के सहयोग से "कॉटन फॉर इकोनॉमिकल एंड सोशल बेनिफिट्स" पर एक वेबिनार आयोजित करके 7 अक्टूबर, 2022 को संस्थान में विश्व कपास दिवस मनाया गया।

डॉ. सुजाता सक्सेना, निदेशक (कार्यकारी) ने अपने स्वागतीय भाषण में गरीबों को आजीविका प्रदान करने और अर्थव्यवस्था में कपास के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. आर.पी. नाचणे, अध्यक्ष, आईएफएस, ने इस कपड़ा फाइबर की विशिष्टता और पर्यावरण के अनुकूल विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. एस. श्रीनिवासन, पूर्व निदेशक, भाकृअनुप-सिरकॉट, मुंबई ने अपने मुख्य अतिथि के संबोधन में वस्त्र मूल्य श्रृंखला में टिकाऊपन और पर्यावरणीय आवश्यकताओं के मद्देनजर अनुसंधान से प्राथमिकताओं के पुनर्निधारण की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस अवसर पर दो व्याख्यान दिए गए। डॉ. पी.के. मंध्यान, पूर्व प्रधान वैज्ञानिक, भाकृअनुप-सिरकॉट ने "कॉटन फाइबर लेंथ - इट्स इकोनॉमिक इम्पैक्ट" पर एक व्याख्यान दिया, जिसमें वर्षों से कपास की लंबाई माप तकनीकों में विकास और व्यापार में इस गुणवत्ता मापदंड के प्रमुख आर्थिक प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। डॉ. ए.एस.एम. राजा, प्रधान वैज्ञानिक और प्रमुख गु.मू.सु.वि., भाकृअनुप-सिरकॉट ने तकनीकी वस्त्र क्षेत्र में कपास के उपयोग की वर्तमान स्थिति और इस क्षेत्र में संस्थान द्वारा किए गए अनुसंधान और विकास गतिविधियों को कवर करते हुए "कपास से तकनीकी वस्त्र" पर एक व्याख्यान दिया।

वेबिनार में 130 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें कपास शोधकर्ता, छात्र, उद्योग और व्यापार के हितधारक शामिल थे।

महिला और कानून पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

डॉ. बीएमएन कॉलेज ऑफ होम साइंस, माटुंगा के सहयोग से भाकृअनुप-सिरकॉट की आंतरिक समिति ने 10 अक्टूबर, 2022 को श्री विसंजी रावजी सभागार, श्रीमती परमेश्वरी देवी गोर्धनदास गरोडिया एजुकेशनल कॉम्प्लेक्स, माटुंगा में महिला कानून पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। अधिवक्ता मनीषा तुलपुले वक्ता थीं। कार्यक्रम में संस्थान की लगभग 15 महिला कर्मचारियों ने भौतिक रूप से भाग लिया।

"कपास, अन्य प्राकृतिक रेशों और कृषि अवशेषों के प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन" पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

संस्थान के 99वें स्थापना दिवस के अवसर पर इंडियन सोसाइटी फॉर कॉटन इम्प्रूवमेंट और इंडियन फाइबर सोसाइटी के सहयोग से "कॉटन, अन्य प्राकृतिक फाइबर और कृषि-अवशेषों के प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन" पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों में संस्थान के वैज्ञानिक और तकनीकी कर्मचारी, कृषि-स्टार्ट-अप और अन्य हितधारक शामिल थे। संगोष्ठी के दौरान दो तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया।

तकनीकी सत्र -1 "कपास और उसके बायोमास में मूल्यवर्धन" पर था और तकनीकी सत्र -2 "प्राकृतिक रेशों में हालिया प्रगति और मुद्दे" पर था। संगोष्ठी के आयोजन सचिव डॉ. एन. विघ्नेश्वरन, प्रधान वैज्ञानिक थे।

बैठकें/व्याख्यान

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जारी होना

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा आभासी मोड के माध्यम से किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि जारी करने का सीधा प्रसारण देखने के लिए संस्थान में 1 जनवरी, 2022 को कर्मचारियों के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया।

व्याख्यान

- इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी, मुंबई के पूर्व प्रोफेसर (डॉ.) एस.आर. शुक्ला द्वारा "कपड़े में अंतरविषयक अनुसंधान की प्रासंगिकता" पर एक व्याख्यान 10 मई, 2022 को संस्थान में सभी वैज्ञानिकों और तकनीकी कर्मचारियों के लिए हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया था।

- भाकृअनुप-सिरकॉट और इंडियन फाइबर सोसाइटी (आईएफएस), मुंबई ने एसवीटी कॉलेज ऑफ होम साइंस (स्वायत्त), एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, के पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. सुमन मुंडकुर, द्वारा "पोस्ट-कंज्यूमर टेक्सटाइल वेस्ट: अपॉर्च्युनिटीज एंड चैलेंजेज" के विषय पर 26 अगस्त 2022 को भाकृअनुप-सिरकॉट, मुंबई के सम्मेलन हॉल में एक व्याख्यान का आयोजन किया।

प्रत्यायन

एनएबीएल प्रत्यायन

भाकृअनुप-सिरकॉट, मुंबई का एनएबीएल बाहरी आडिट आयोजित किया गया था। यांत्रिक प्रसंस्करण और रासायनिक प्रसंस्करण प्रयोगशालाओं के लिए श्री नीरज पांडे (आडिटर) और श्री मितुल साहा (तकनीकी मूल्यांकनकर्ता) द्वारा ऑनलाइन मोड में आडिट किया गया था। परीक्षण के क्षेत्र में संस्थान का मूल्यांकन और पुर्नप्रत्यायन आय एस ओ/आय ई सी 17025:2017 मानक के अनुसार किया गया। प्रत्यायन प्रमाणपत्र दो वर्ष

2 मार्च, 2022 से 1 मार्च, 2024 तक के लिए जारी किया गया। डॉ. मनोज कुमार, गुणवत्ता प्रबंधक और डॉ. पी. जगजानंथा, उप-गुणवत्ता प्रबंधक ने भाकृअनुप-सिरकॉट, मुंबई में एनएबीएल बाहरी आडिट का समन्वय किया।

भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आईएसओ 9001:2015 के लिये आडिट

भारतीय मानक ब्यूरो ने 6-7 सितंबर, 2022 के दौरान आईएसओ 9001:2015 के तहत दिए गए लाइसेंस के लिए संस्थान में 2 दिवसीय निगरानी आडिट का आयोजन किया। प्रारंभिक आडिट बैठक के दौरान डॉ. सुजाता सक्सेना, निदेशक (कार्यकारी) ने आईएसओ मानक के कार्यान्वयन के लिए संस्थान द्वारा की गई महत्वपूर्ण नई पहलों के बारे में जानकारी दी। श्री पी.के. कुश, बीआईएस के आडिटर ने शीर्ष प्रबंधन और एमआर, गुमूसुवि, राजैराप्रवि, प्रशासन और अभियांत्रिकी अनुभाग का निगरानी आडिट किया। आडिट समापन बैठक का आयोजन 7 सितंबर को किया गया। आडिटर की सिफारिश के अनुसार है कि संस्थान ने आईएसओ 9001:2015 मानक को संतोषजनक ढंग से लागू किया है अत:लाइसेंस एक और वर्ष के लिए जारी रहेगा। डॉ. ए.एस.एम राजा, प्रबंधन प्रतिनिधि और डॉ. ए. अरपुतराज, उप प्रबंधन प्रतिनिधि ने निगरानी आडिट का समन्वय किया।

स्थापना दिवस

99वां स्थापना दिवस समारोह

भाकृअनुप-केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मुंबई ने 3 दिसंबर, 2022 को अपना 99वां स्थापना दिवस कृषि शिक्षा दिवस के साथ मनाया। डॉ. एस.के. शुक्ल, निदेशक, भाकृअनुप-सिरकॉट ने स्वागत भाषण दिया और संस्थान की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया।

अपने उद्घाटन भाषण में, मुख्य अतिथि, डॉ. एस.एन. झा, डीडीजी (अभियांत्रिकी), भाकृअनुप, नई दिल्ली ने 1924 के दौरान अपनी स्थापना के बाद से संस्थान की उपलब्धियों की सराहना की। डॉ. झा ने संस्थान के वैज्ञानिकों और कर्मचारियों से हितधारकों की आवश्यकताओं पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए काम करने का आग्रह किया ताकि किसानों, उद्योगों और अन्य हितधारकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा तकनीकी ज्ञान का उपयोग किया जा सके। साथ ही, उन्होंने नवीनतम तकनीकों पर काम करने और आगे जाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए अधिक राजस्व उत्पन्न करने पर जोर दिया।

डॉ. सी.डी. मायी, पूर्व अध्यक्ष, कृ.वै.च.मं.; डॉ. पी.जी. पाटिल, कुलपति, एमपीकेवी, राहुरी; डॉ. आर.पी. कचरू, पूर्व एडीजी (पीई), भाकृअनुप, नई दिल्ली; श्री. सुरेश कोटक, निदेशक, मैसर्स. कोटक कमोडिटीज और डॉ. नरसैया कैरम, एडीजी (पीई), भाकृअनुप नई दिल्ली समारोह में विशिष्ट अतिथि थे। अभियांत्रिकी एसएमडी के अधीन संस्थानों के निदेशक और सिरकॉट के पूर्व निदेशक भी इस अवसर पर ऑनलाइन अथवा व्यक्तिगत रुप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर उद्योग भागीदारों के साथ तीन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। इस कार्यक्रम के दौरान तीन प्रकाशनों का विमोचन किया गया, (i) हैंडबुक ऑन

नैनोटेक्नोलॉजी एंड इट्स एप्लिकेशन (ii) कपास प्रौद्योगिकी शब्दावली 'ग्लॉसरी ऑन कॉटन टेक्नोलॉजी' और (iii) सिरकॉट-आर-एबीआय का ई-न्यूजलेटर जारी किया गया। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों द्वारा संस्थान के कर्मचारियों को 'वर्ष 2022 के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी पुरस्कार' प्रदान किये गये।

इस अवसर पर "सिरकॉट-आर-एबीआय एग्री-स्टार्टअप डेमो डे" का उद्घाटन किया गया और इस प्रदर्शनी में भाग लेने वाले नवोदित उद्यमियों को इस अवसर पर सम्मानित किया गया।

इस अवसर को मनाने के लिए, इंडियन सोसाइटी फॉर कॉटन इम्प्रूवमेंट और इंडियन फाइबर सोसाइटी के सहयोग से "कॉटन, अन्य प्राकृतिक फाइबर और कृषि-अवशेषों के प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन" पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

स्थापना दिवस कार्यक्रम हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में संस्थान के सेवानिवृत्त और सेवारत कर्मचारियों के अलावा, नवोदित उद्यमियों, उद्योगपतियों, आईसीएआर के अभियांत्रिकी एसएमडी संस्थानों के वैज्ञानिकों, स्थानीय अभियांत्रिकी और वस्त्र संस्थानों के संकायों और छात्र, तथा देश के विभिन्न हिस्सों से शोधकर्ताओं और छात्रों ने भागीदारी दर्ज की।

अन्य कार्यक्रम

सतर्कता जागरूकता सप्ताह

भाकृअनुप-सिरकॉट में 31 अक्तूबर 2022 से 6 नवंबर 2022 तक, सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इस सप्ताह के दौरान कार्यालय परिसर में "भ्रष्टाचार मुक्त भारत एक विकसित राष्ट्र के लिए" विषय पर एक बैनर प्रदर्शित किया गया। डॉ. सुजाता सक्सेना, निदेशक (कार्यकारी) द्वारा 31 अक्टूबर, 2022 को कर्मचारियों को सतर्कता शपथ दिलाई गई।

7 नवंबर, 2022 को श्री दिव्यांशु डागर, पुलिस निरीक्षक, सीबीआई, भ्रष्टाचार-रोधी शाखा, मुंबई, द्वारा एक व्याख्यान की व्यवस्था की गई जिससे भ्रष्टाचार के प्रकार और प्रकृति के बारे में संस्थान के कर्मचारियों के बीच जागरूकता पैदा करने तथा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए भ्रष्टाचार को समाप्त करने के साधनों के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. एस.के. शुक्ला, निदेशक, भाकृअनुप-सिरकॉट ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया और कर्मचारियों को जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए रोजमर्रा की गतिविधियों में अनुशासन लाने की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया।

संस्थान के सतर्कता अधिकारी डॉ. एन. विग्नेश्वरन ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान सतर्कता अनुभाग द्वारा की जा रही गतिविधियों और निवारक सतर्कता सह आंतरिक गृह व्यवस्था तीन महीने के अभियान की गतिविधियों को प्रस्तुत किया।

राष्ट्रीय एकता दिवस

भारत की स्वतंत्रता के बाद राष्ट्रीय एकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दूरदर्शी स्वतंत्रता सेनानी-नेता सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाने के लिए 2014 से हर साल 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष, डॉ. सुजाता सक्सेना, निदेशक (कार्यकारी) द्वारा इस दिन को चिन्हित करने के लिए सभी कर्मचारीयो को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

महिलाओं की सांस्कृतिक, राजनीतिक और सामाजिक-आर्थिक उपलब्धियों की स्मरण करने हर साल 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं की समानता में तेजी लाने के लिए कार्रवाई का भी आह्वान करता है। इस वर्ष, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का विषय था "एक स्थायी कल के लिए आज लैंगिक समानता" #पूर्वाग्रह को तोड़ें। डॉ. (श्रीमती) सुजाता सक्सेना, निदेशक (कार्यकारी) ने अपने संबोधन में सभी महिला कर्मचारियों को बधाई दी और कहा कि प्रत्येक महिला अपने परिवार, अपने कार्यस्थल और समाज को संतुलित करते हुए जो भूमिकाएं निभा रही हैं, उसके लिए उसे खुद की सराहना करना नहीं भूलना चाहिए। इस वर्ष के विषय के बारे में बात करते हुए, उन्होंने उस महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया जो माता-पिता विशेष रूप से एक माँ अपने बच्चों के बीच लैंगिक समानता की अवधारणा को विकसित करने में निभा सकते हैं।

अतिथि वक्ता डॉ. सुजाता चव्हाण, सहायक प्रोफेसर, एडवांस सेंटर फॉर वुमन स्टडीज, स्कूल ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई ने ऑनलाइन मोड के माध्यम से "दोहरी भूमिका में महिलाएं: एक सामाजिक परिप्रेक्ष्य" पर एक व्याख्यान दिया। अपने व्याख्यान में, उन्होंने जोर देकर कहा कि नए युग की महिला, तनाव, समय और संबंध प्रबंधन के साथ-साथ तीन सूत्र (स्वीकृति, समायोजन और प्रशंसा) को अपनाकर अपने कामकाजी जीवन को पूरी तरह से संतुलित कर सकती है।

कार्यक्रम में मुख्यालय के सभी कर्मचारियों के साथ-साथ संस्थान की क्षेत्रीय इकाइयों ने हाइब्रिड मोड के माध्यम से भाग लिया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

भाकृअनुप-सिरकॉट ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस अवसर पर श्री अंबिका योग कुटीर (घाटकोपर शाखा) के योग गुरु श्री सुधीर सावंत और उनकी टीम भाकृअनुप-सिरकॉट में आये और विभिन्न प्रकार के आसनों और उनमें से प्रत्येक से जुड़े लाभों के बारे में सिखाया। उन्होंने योग आसन का सजीव प्रदर्शन भी किया और फिर प्रतिभागियों ने उनके निर्देशों का पालन करते हुए योगाभ्यास किया। श्री सुधीर सावंत ने दैनिक जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला और प्रतिभागियों को योग

आसन का अभ्यास करने की उचित प्रक्रिया और दिनचर्या के बारे में भी निर्देश दिया।

विश्व मृदा दिवस

विश्व मृदा दिवस के अवसर पर, 5 दिसंबर, 2022 को नागपुर में भाकृअनुप-सिरकॉट के ओटाई प्रशिक्षण केंद्र ने कपास चुनने की प्रथाओं पर 25 किसानों के लिए एक क्षेत्र जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के दौरान संस्थान के वैज्ञानिकों और तकनीकी कर्मचारियों ने मृदा स्वास्थ्य पर खाद (ओटाई अपशिष्ट से प्राप्त) के उपयोग के लाभों के बारे में जागरूकता पैदा की और किसानों को मृदा संसाधनों के टिकाऊ प्रबंधन की सलाह दी।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भाकृअनुप-सिरकॉट ने भारत की स्वतंत्रता के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कृअनुशिवि-भाकृअनुप द्वारा आयोजित समारोह इंडिया@75 के हिस्से के रूप में कार्यक्रमों की एक श्रृंखला का आयोजन किया। आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत 12 अगस्त, 2022 को "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम सहित कुल 60 कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनका विवरण नीचे दिया है।

कार्यक्रम	कार्यक्रमों की संख्या	प्रतिभागियों की संख्या
ई – गोष्टीज / कार्यशाला	23	5721
वेबिनार	32	2984
ऑनलाइन प्रशिक्षण	1	200
फिट इंडिया	4	97
सर्वयोग	**60**	**9002**

खाद्यान्नों और दालों के प्रसंस्करण और भंडारण पर क्षेत्रीय अभियान

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत, 22 जनवरी, 2022 को, भाकृअनुप-सिरकॉट, मुंबई, में खाद्यान्नों और दालों के प्रसंस्करण और भंडारण पर क्षेत्रीय अभियान के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम मनाया गया।

संस्थान में आने वाले कर्मचारियों और अन्य हितधारकों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए दालों के सामान्य प्रसंस्करण और भंडारण (अंग्रेजी और हिंदी में) पर सूचनापत्र प्रदर्शित किए गए।

किसान भागीदारी, प्राथमिकता हमारी

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत किसान भागीदारी, प्राथमिकता हमारी, अभियान के दौरान, भाकृअनुप-सिरकॉट ने कृषि उत्पादों, प्राकृतिक खेती और अपशिष्ट से धन प्रौद्योगिकियों के मूल्यवर्धन पर कृषक समुदाय और अन्य हितधारकों को संवेदनशील बनाने के लिए विभिन्न स्थानों पर सजीव प्रदर्शन का आयोजन किया। भाकृअनुप-सिरकॉट –रफ्तार-एबीआय के इनक्यूबेटी के सहयोग से 26 अप्रैल, 2022 को निम्नलिखित प्रदर्शनों का आयोजन किया गया

- मैसर्स वरदविश्व ऑटोमेशन एलएलपी, सिरकोट आरएबीआय में उष्मायित कृषि स्टार्ट-अप ने किसानों को स्वचालित छिड़काव मशीन की अपनी नवीन तकनीक का प्रदर्शन किया।

- मैसर्स मिस्टिक हर्बल तासगाँव, सांगली (एमएस) ने हल्दी, अदरक से आवश्यक तेल के रसायन मुक्त निष्कर्षण और इसके उप-उत्पादों में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा दिया। प्रतिभागी: 25
- मैसर्स एनर्जी चक्र ने निफाड, नासिक (एमएस) में 50 किसानों को विनाशशील कृषि उत्पादों को निर्जलित करने के लिए सौर सह बिजली शुष्कक (हाइब्रिड) का प्रदर्शन किया।
- मैसर्स रबर इंजीनियर्स एंटरप्राइजेज ने त्रिशूर, केरल में अपने रेशा प्रबलित प्राकृतिक रबर आधारित बगीचे के गमलों को 50 किसानों को प्रदर्शित किया।
- मैसर्स फोरकास्ट एग्रोटेक इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड ने जुन्नार, पुणे (एमएस) में 70 किसानों को जैव उपचारित आपंक का जैव खाद और जैव-घोल में टिकाऊ रूपांतरण के बारे में जानकारी दी।
- मैसर्स प्रफुल्ला वाइनरी एंड हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड ने कोडोली, कोल्हापुर (एमएस) में उनके द्वारा बनाई गई स्वस्थ चुकंदर वाइन को 30 किसानों के बीच प्रचारित किया।

28 अप्रैल, 2022 को तीन प्रदर्शनों का आयोजन किया गया

- सांगली (एमएस) की मैसर्स वसुंधरा शाश्वत शेटीमाल उत्पादक और प्रक्रिया संस्था ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर और सांगली जिलों के पांच अलग-अलग गांवों में किसानों को गुड़ बनाने के लिए शुरू से अंत तक जैविक प्रक्रिया दिखाने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया और रसायन मुक्त गुड़ और अन्य मूल्य वर्धित उत्पादों को बढ़ावा दिया। इस कार्यक्रम में लगभग 150 किसानों ने भाग लिया।
- रोहा, महाराष्ट्र से मेसर्स एसआर फूड्स एंड ब्रेवरीज ने काजू फल का रस निकालने के लिए एक अभिनव प्रसंस्करण तकनीक का प्रदर्शन किया और कुकीज़ तैयार करके काजू फल खली रेशे के लिए मूल्यवर्धन प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम में 50 किसानों ने भाग लिया।

- मैसर्स सिद्धगंगा बायो प्रोडक्ट्स ने कर्नाटक के तुमकुर गांव के 50 किसानों के लिए कृषि अपशिष्ट उपोत्पाद उपयोग पर एक प्रदर्शन का आयोजन किया। सुपारी के पौधे के आवरण से विकसित जैवनिम्नीकरणीय और कंपोस्टिंग योग्य उत्पाद 50 किसानों को दिखाए गए।

गरीब कल्याण सम्मेलन

माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बीपीसीएल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मुंबई में आयोजित गरीब कल्याण सम्मेलन के सीधे प्रसारण के दौरान जन कल्याणकारी योजना के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। कार्यक्रम में मत्स्य किसानों सहित 3000 से अधिक किसानों ने भाग लिया। माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, पंचायत राज, श्री कपिल मोरेश्वर पाटिल और श्री देवेंद्र फडणवीस, पूर्व मुख्यमंत्री महाराष्ट्र और महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष नेता श्री. चंद्रकांत दादा पाटिल, पूर्व पीडब्ल्यूडी और राजस्व मंत्री, महाराष्ट्र राज्य, श्री गोपाल शेट्टी (एम), संसद सदस्य ने उपस्थित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से सीधे बातचीत की।

प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के तहत वित्तीय लाभ की 11वीं किस्त भी जारी की, जो लगभग रु. 21,000 करोड़ है। यह राशि 10 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसान परिवारों के लिए होगी।

कार्यक्रम संयुक्त रूप से भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भाकृअनुप- केंद्रीय मत्स्य शिक्षा संस्थान, मुंबई, भाकृअनुप-केन्द्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मुंबई द्वारा आयोजित किया गया था।

भाकृअनुप-केन्द्रीय कपास अनुसंधान संस्थान, नागपुर, द्वारा आयोजित गरीब कल्याण सम्मेलन में नागपुर में भाकृअनुप-सिरकॉट के ओटाई प्रशिक्षण केंद्र के प्रभारी वैज्ञानिक और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया, जिसमें 800 किसानों ने भी भाग लिया।

उर्वरकों के संतुलित और प्रभावी उपयोग पर संवेदीकरण कार्यक्रम

आज़ादी का अमृत महोत्सव, भारत @ 75 के तहत, भाकृअनुप- सिरकॉट ने 21 जून, 2022 को जन जागरूकता अभियानों के तहत उर्वरकों के संतुलित और प्रभावी उपयोग पर संवेदीकरण के लिए दो कार्यक्रमों की एक श्रृंखला का आयोजन किया। पहला कार्यक्रम भाकृअनुप-सिरकॉट के परिसर में डॉ. एन. विग्नेश्वरन, प्रधान वैज्ञानिक और डॉ. शार्लीन डिसूज़ा, एसीटीऔ द्वारा "कंपोस्टिंग के लाभ" पर एक क्षेत्र प्रदर्शन था। उन्होंने खाद बनाने की प्रक्रिया के बारे में बताया और मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार, मिट्टी की जल धारण क्षमता में वृद्धि, मशरूम की खेती और कई अन्य फायदे जैसे खाद के लाभों और अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला। उन्होंने पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में कंपोस्टिंग की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

हर घर तिरंगा अभियान

भाकृअनुप-सिरकॉट ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की पूर्व संध्या पर 12 अगस्त, 2022 को हर घर तिरंगा अभियान का का आयोजन किया। आज़ादी का अमृत महोत्सव, इंडिया@75 के तहत यह 60वां अभियान था और 16 अप्रैल, 2021को संस्थान में शुरू हुए कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंत को चिह्नित किया। यह कार्यक्रम हाईब्रिड मोड में आयोजित किया गया जिसमें संस्थान के मुख्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे और नागपुर के ओटाई प्रशिक्षण केंद्र और क्षेत्रीय स्टेशनों के कर्मचारियों ने आभासी मोड में भाग लिया। सुश्री प्राची महात्रे (सचिव, एकेएम) ने संस्थान में आजादी का अमृत महोत्सव के विभिन्न आयोजनों की यात्रा को प्रस्तुत किया। प्रस्तुति में आयोजनों को सफल बनाने में संस्थान के कर्मचारियों के संयुक्त प्रयासों और प्रत्येक आयोजन के पीछे की प्रेरणा को भी दर्शाया गया। डॉ. सुजाता सक्सेना, निदेशक (कार्यकारी) ने सभी कार्यक्रमों के सफल आयोजन में कर्मचारियों द्वारा किए गए योगदान की सराहना की। उन्होंने कर्मचारियों को हर घर पर तिरंगा फहराने की सरकार की पहल के बारे में बताया और इसके महत्व के बारे में बताया। उन्होंने उपस्थित लोगों को याद दिलाया कि राष्ट्र की प्रगति उसके नागरिकों द्वारा किए गए प्रयासों पर निर्भर करती है और इसलिए उन्हें देश के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक होना चाहिए। तत्पश्चात निदेशक द्वारा अपने-अपने घर पर फहराने हेतु राष्ट्रीय ध्वज का वितरण सभी विभाग प्रमुखों एवं कर्मचारियों को किया गया।

76वां स्वतंत्रता दिवस

भाकृअनुप-सिरकॉट, मुंबई ने 15 अगस्त, 2022 को 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। डॉ. सुजाता सक्सेना, निदेशक (कार्यकारी) ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सलामी और गार्ड ऑफ ऑनर स्वीकार किया। अपने भाषण में, उन्होंने

भारतीय लोकतंत्र के अमृत काल के शुभ युग में प्रवेश करने के लिए सभी को बधाई दी और पिछले पचहत्तर वर्षों में हमने क्या हासिल किया है और हम अगले पच्चीस वर्षों में जब देश अपनी आजादी की शताब्दी मनाएगा, हम कहां पहुंचना चाहते हैं, इस पर विचार करने के लिए सभी को आमंत्रित किया। उन्होंने अपनी स्थापना के पिछले 97 वर्षों में कपास उत्पादकों और संसाधकों को लाभान्वित करने वाली संस्थान की प्रौद्योगिकियों की सराहना की और कहा कि यह सभी के लिए समय है कि वे कपास किसानों और कपास उद्योग के सम्मुख आने वाली चुनौतियों का सामना केंद्रित अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के माध्यम से करें और ऐसी तकनीकों का विकास करें जो मूल्य श्रृंखला में कपास किसानों और हितधारकों के जीवन को संवारने और कठिन श्रम को दूर करने में मदद करे।

11. हिंदी कार्यान्वयन

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

वर्ष के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की कुल 4 बैठकें आयोजित की गईं। डॉ. (श्रीमती) सुजाता सक्सेना, निदेशक (कार्यकारी) की अध्यक्षता में दिनांक 16.02.2022, 08.06.2022 एवं 29.07.2022 को तीन बैठकें तथा डॉ. एस.के. शुक्ल, निदेशक की अध्यक्षता में दिनांक 06.12.2022 को एक बैठक आयोजित की गईं।

हिंदी कार्यशाला

हिन्दी में दक्षतापूर्वक कार्य करने के लिए दिनांक 1-1-2022 से 31-12-2022 तक की अवधि में संस्थान में कुल 4 कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के वैज्ञानिकों, तकनीकी, प्रशासनिक एवं कुशल सहायक कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशालाओं का विस्तृत विवरण तालिका में दिया गया है।

क्र.	दिनांक	विषय	व्याख्याता	कुल प्रतिभागी कर्मचारियों की संख्या
1.	15.03. 2022	कार्यालयीन कार्य में युनिकोड का प्रयोग	डा.अनंत श्रीमाली, भूतपूर्व निदेशक, हिन्दी शिक्षण योजना	80
2.	09.06.2022	हिन्दी में काम क्यों और कैसे करें ?	सुश्री सीमा चोपड़ा, निदेशक (राजभाषा), भा.कृ.अनु.प. नई दिल्ली	65
3.	13.09.2022	वर्तमान परिप्रेक्ष्य में राजभाषा कार्यान्वयन समस्याएं और समाधान	डॉ. राजेश्वर उनियाल, भूतपूर्व उप निदेशक (राजभाषा) कें. मा. शि. सं., मुंबई	49
4.	19.12.2022	वार्षिक कार्यक्रम के लक्ष्य और उनकी पूर्ति	डा. सुशील कुमार शर्मा, उप महाप्रबंधक पश्चिम रेल्वे एवं सदस्य सचिव (न.रा.का.स), मुंबई	47

राजभाषा कार्यान्वयन निरीक्षण

- दिनांक 18.05.2022 को डॉ. कंचन कुमार सिंह, सहायक महानिदेशक (प्रोसेस इंजीनियरिंग) भा.कृ.अनु.प., नई दिल्ली द्वारा तथा दि. 12.07.2022 को डॉ. एस.एन. झा, उप महानिदेशक (कृषि अभियांत्रिकी), भा.कृ.अनु.प., नई दिल्ली द्वारा संस्थान में हो रहे राजभाषा के कार्यान्वयन संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया गया।
- दिनांक 6-7 सितम्बर, 2022 के दौरान डॉ. प्रमोद कुमार कुश, लेखा परीक्षक, भारतीय मानक ब्यूरो ने संस्थान में राजभाषा के कार्यान्वयन से संबंधित कार्य का निरीक्षण किया।

राष्ट्रीय संगोष्ठी - "उर्वरकों के संतुलित और कुशल उपयोग" पर हाइब्रिड मोड में हिंदी संगोष्ठी

किसानों, स्टार्ट-अप और अन्य हितधारकों के लिए "भा.कृ.अनु.प.-के.क.प्रौ.अनु.स., नैनो उर्वरक और कपास डंठल खाद के विशेष संदर्भ में उर्वरकों के संतुलित और कुशल उपयोग" पर हिंदी वेबिनार का आयोजन किया गया। डॉ. सुजाता सक्सेना, निदेशक (कार्यकारी) भा.कृ.अनु.प.-के.क.प्रौ.अनु.स., मुंबई ने आईसीएआर-सिरकॉट द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों का अवलोकन किया और संतुलित उर्वरक उपयोग के बारे में दर्शकों के संवेदीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. ए.के. भारीमल्ला, डॉ. मनोज महावर और डॉ. ज्योति ढाकणे-लाड ने आईसीएआर-सिरकॉट के नैनो-प्रौद्योगिकी कार्य के विशेष संदर्भ में "कृषि में नैनो-उर्वरक के अनुप्रयोग और भविष्य की संभावनाएं" विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ. अजीनाथ डुकारे ने "स्थायी कृषि के लिए जैव उर्वरक" और "जैव समृद्ध कपास डंठल खाद" पर एक व्याख्यान दिया, जिसमें नाइट्रोजन फिक्सिंग, फास्फोरस घुलनशीलता और पोटेशियम गतिशीलता के लिए लाभकारी सूक्ष्मजैविक उपभेदों और उनके फायदों पर प्रकाश डाला गया। प्रतिभागियों को आईसीएआर-सिरकॉट की कंपोस्टिंग तकनीक और इसके पर्यावरणीय और आर्थिक लाभों के बारे में भी बताया गया।

डॉ. के.पी. पटेल, पूर्व प्रधानाचार्य और डीन, आनंद कृषि विश्वविद्यालय, गुजरात ने भारत में वर्तमान कृषि परिदृश्य पर प्रकाश डाला और बताया कि उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी को कैसे नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मिट्टी के प्रकार, फसल के प्रकार और जलवायु के अनुसार विभिन्न आवश्यकताओं के कारण उर्वरकों के उपयोग को अनुकूलित किया जाना चाहिए।





वेबिनार में 120 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 70 किसान, आईसीएआर संस्थानों के पूर्व निदेशक और एचओडी, परियोजना समन्वयक, विभिन्न आईसीएआर संस्थानों के वैज्ञानिक, इनक्यूबेटी, मुख्यालय, ओटाई प्रशिक्षण केंद्र, नागपुर और अन्य क्षेत्रीय इकाइयों के कर्मचारी शामिल थे।

हिंदी दिवस/पखवाड़ा एवं हिंदी चेतना मास 2022

हिंदी को राजभाषा के रूप में सम्मानित करने के लिए दिनांक 1 से 30 सितंबर, 2022 तक हिंदी चेतना माह और दिनांक 14 से 30 सितंबर, 2022 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। 'युवाओं के लिए आधुनिक कृषि में अवसर और चुनौतियां' विषय पर पोस्टर प्रस्तुति, कविता पाठ, निबंध लेखन, तकनीकी शब्द, यूनिकोड टाइपिंग, क्रॉसवर्ड जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं' का आयोजन किया गया।

14 सितंबर, 2022 को डॉ. (श्रीमती) सुजाता सक्सेना, निदेशक (कार्यकारी) ने हिंदी दिवस समारोह की अध्यक्षता की और डॉ. प्रमोद कुमार कुश, साहित्यकार एवं कवि और डॉ. प्रताप शामराव देशमुख, पूर्व विभागाध्यक्ष, पादप शरीर क्रिया विज्ञान, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा आमंत्रित अतिथि थे। उद्घाटन समारोह एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन वर्चुअल माध्यम से किया गया। उद्घाटन समारोह में सभी कर्मचारियों को हिंदी दिवस की राजभाषा शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि डॉ. प्रमोद कुमार कुश ने अपने संबोधन में संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन की सराहना की और अपने हिंदी गीत व गजल प्रस्तुत किये।

29 सितंबर, 2022 को निदेशक डॉ. (श्रीमती) सुजाता सक्सेना की अध्यक्षता में समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लेखिका, कवयित्री एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. मंजू लोढ़ा ने अपने संबोधन में संस्थान में राजभाषा हिंदी के माध्यम से किये जा रहे तकनीकी कार्यों के प्रचार-प्रसार के लिए सभी कर्मचारियों को बधाई दी और इस कार्य को जारी रखने के लिए कहा। इस मौके पर उन्होंने स्वरचित कविताएं भी सुनाईं।

पखवाड़ा आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. पी.एस. देशमुख प्रधान वैज्ञानिक ने पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की एक संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। कुल 7 प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं जिनमें संस्थान के कुल 106 अधिकारियों/कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। श्रीमती तृप्ति पी. मोकल, सहायक प्रशासनिक

अधिकारी एवं प्रभारी, राजभाषा प्रकोष्ठ ने वर्ष के दौरान हिंदी कार्यान्वयन में उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।

सरकारी कामकाज में हिंदी में टिप्पणी/प्रारूपण के लिए चलायी जा रही प्रोत्साहन योजना में भाग लेने वाले कर्मचारियों को वर्ष 2021-22 के पुरस्कार दिये गये। समापन समारोह में, वर्ष 2021-22 के लिए सर्वश्रेष्ठ हिंदी कार्यान्वयन के लिए राजभाषा चल-वैजयंती शील्ड वैज्ञानिक अनुसंधान विभागों में गुणता मूल्यांकन और सुधार विभाग और प्रशासनिक अनुभाग श्रेणी के तहत प्रशासन-I (कार्मिक अनुभाग) को दी गई।

ओटाई प्रशिक्षण केंद्र : संस्थान के ओटाई प्रशिक्षण केंद्र, नागपुर में 14 सितंबर, 2022 से 30 सितंबर, 2022 तक हिंदी सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 5 प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं और केंद्र के सभी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रकाशन





नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें

संस्थान की डॉ. (श्रीमती) सुजाता सक्सेना, निदेशक (कार्यकारी) ने 25.05.2022 और 19.10.2022 को आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, मुंबई की अर्धवार्षिक बैठकों में भाग लिया।

चित्र देखकर हिंदी में कहानी लेखन प्रतियोगिता

सदस्य कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भा.कृ.अनु.प.- केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मुंबई और केंद्र सरकार के कार्यालयों की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पश्चिम रेलवे, मुंबई के महाप्रबंधक में की अध्यक्षता में गठित की गई। दिनांक 21.04.2022 को "चित्र देखकर हिन्दी में कहानी लेखन प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में केंद्र सरकार के कुल 24 अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

15 अक्टूबर, 2022 (शनिवार) को केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, माटुंगा, मुंबई के सभागार में कीर्ति शेष महान कवि डॉ. कुंअर बेचैन की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि और श्रीमती शकुंतला शर्मा एवं श्री रविदत्त शर्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि के रूप में एक विशेष सम्मान समारोह और एक विशेष काव्य संध्या का आयोजन किया गया। यह एक भव्य साहित्यिक वातावरण में सम्पन्न हुआ जिसमें प्रख्यात कवियों, गीतकारों एवं ग़ज़लकारों ने अपनी स्नेहमयी उपस्थिति एवं उत्कृष्ट रचनाएँ प्रस्तुत कीं।

सुप्रसिद्ध वीणा वादक एवं संगीतकार आदरणीय सुवीर मिश्र, आईआरएस (मुख्य अतिथि), महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष, आदरणीय डॉ. शीतला प्रसाद दुबे (विशेष अतिथि), आदरणीय मंजू लोढ़ा, सुप्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता एवं लेखिका एवं डॉ. सुजाता सक्सेना, निदेशक (कार्यकारी), के.क.प्रौ.अनु.सं. ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

अखिल भारतीय अनुबंध फाउंडेशन, मुंबई के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुश 'तन्हा' ने संस्था का संकल्प पत्र रखा और डॉ. कुंअर बेचैन से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण घटनाओं को साझा कर सभागार के माहौल को भावुक कर दिया।

काव्य संध्या के दौरान सुप्रसिद्ध कवि एवं कवयित्रीगणों - श्री ओमप्रकाश नौटियाल, श्री जाकिर हुसैन, श्री जवाहर लाल निर्झर, डॉ. मुकेश गौतम, श्री देवदत्त देव, श्री सतीश शुक्ल 'रकीब', श्री गुलशन मदान, कु. अनामिका शर्मा, सुश्री रीमा सिंह, डॉ. पूजा अलापुरिया, सुश्री रितु भंसाली, सुश्री शशि पुरवार, सुश्री अलका 'शरर' और डॉ. प्रमोद कुश 'तन्हा' ने अपनी रचनात्मक कविताएँ प्रस्तुत कीं।

पुरस्कार

वर्ष 2021-22 के लिए सर्वश्रेष्ठ गृह पत्रिका

मुंबई की साहित्यिक-सांस्कृतिक-सामाजिक संस्था आशीर्वाद, मुंबई द्वारा केंद्र सरकार के कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्रों और राष्ट्रीयकृत बैंक उपक्रमों द्वारा प्रकाशित विभिन्न गृह पत्रिकाओं में से भा.कृ.अनु.सं.-क.प्रौ.अनु.सं., मुंबई की गृह पत्रिका 'अंबर' को वर्ष 2021-22 के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। संस्थान की डॉ. (श्रीमती) सुजाता सक्सेना, निदेशक (कार्यकारी) ने 20 सितंबर, 2022 को 'राज भवन' में आयोजित एक समारोह में महाराष्ट्र के माननीय राज्यपाल श्री भगत सिंह कोश्यारी से यह पुरस्कार प्राप्त किया। श्रीमती तृप्ति मोकल, सहायक प्रशासनिक अधिकारी एवं प्रभारी राजभाषा प्रकोष्ठ भी उपस्थित थीं।

वर्ष 2021-22 के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट कार्य के लिए राजभाषा शील्ड।

भारत सरकार, गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के तहत पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक की अध्यक्षता में गठित केंद्र सरकार के कार्यालयों की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 25.05.2022 को अर्धवार्षिक बैठक हुई। वर्ष 2021-22 के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए 9 9 सदस्य कार्यालयों में से भा.कृ.अनु.प.-के.क.प्रौ.अनु.स. को राजभाषा शील्ड और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। डॉ. सुजाता सक्सेना, निदेशक (कार्यकारी), भा.कृ.अनु.प.-कें.क.प्रौ.अनु.सं. ने श्री प्रकाश बुटानी, अध्यक्ष, नराकास और महाप्रबंधक (प.रे.) के करकमलों द्वारा यह शील्ड और प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। श्री सुनील कुमार, मु.प्रशा. अधिकारी, श्रीमती तृप्ति मोकल, प्रभारी, राजभाषा कक्ष एवं श्रीमती प्राची म्हात्रे, सहा.मु.तक. अधिकारी भी उपस्थित थीं।

12. प्रतिष्ठित आगंतुक

डॉ त्रिलोचन महापात्र, सचिव (डीएआरई) और महानिदेशक (भा.कृ.अनु.प.)

डॉ. त्रिलोचन महापात्र, सचिव (डीएआरई) और महानिदेशक (भा.कृ.अनु.प.), डॉ. एस.के. चौधरी, उप महानिदेशक (एनआरएम), आईसीएआर, डॉ. सी. डी. मायी, पूर्व अध्यक्ष, एएसआरबी, डॉ. बी.एस. द्विवेदी, निदेशक, आईसीएआर-एनबीएसएस एंड एलयूपी; डॉ. वाई.जी. प्रसाद, निदेशक, आईसीएआर-सीआईसीआर और डॉ. डी. के. घोष, निदेशक, आईसीएआर-सीसीआरआई ने 26 जून 2022 को ओटाई प्रशिक्षण केंद्र (जीटीसी), आईसीएआर-सिरकॉट, नागपुर का दौरा किया।

डॉ. एस. एन. झा, उपमहानिदेशक (कृषि अभियांत्रिकी), भा.कृ.अनु.प.

डॉ. एस. एन. झा, उपमहानिदेशक (कृषि अभियांत्रिकी), भा.कृ.अनु.प., ने 11-13 जुलाई, 2022 के दौरान आईसीएआर-सिरकॉट का दौरा किया। उन्होंने डॉ. सुजाता सक्सेना, निदेशक (कार्यकारी), आईसीएआर-सिरकॉट की उपस्थिति में 12 जुलाई 2022 को कपास में कचरा और संदूषण के आकलन के लिए राष्ट्रीय प्रयोगशाला (एनएलएटीसीसी) का उद्घाटन किया।

डॉ. के.वी. प्रसाद, निदेशक, आईसीएआर-डीएफआर, पुणे

डॉ. के. वी. प्रसाद, निदेशक, आईसीएआर-डीएफआर, पुणे ने 3 अगस्त 2022 को आईसीएआर-सिरकॉट, मुंबई का दौरा किया और दोनों संस्थानों के वैज्ञानिकों की टीम के साथ एग्रो-टेक्सटाइल और बायो कंपोजिट के क्षेत्र में अंतर-संस्थागत सहयोगी अनुसंधान के लिए विचार-मंथन सत्र में भाग लिया।

डॉ. इंद्रमणी मिश्रा, कुलपति, वीएनएमकेवी, परभणी

डॉ. इंद्रमणी मिश्रा, कुलपति, वीएनएमकेवी, परभणी ने 20 अगस्त, 2022 को आईसीएआर-सिरकॉट का दौरा किया। इस अवसर पर डॉ. ए. जे. शेख, पूर्व निदेशक; डॉ. सी. डी. मायी; श्री सुरेश कोटक आदि भी उपस्थित थे। डॉ. इंद्रमणी ने 12 सितंबर, 2022 को आईसीएआर-सिरकॉट के नागपुर स्थित ओटाई प्रशिक्षण केन्द्र (जीटीसी) का भी दौरा किया।

श्री सुदीप नाग, मिशन निदेशक, राष्ट्रीय मिशन

सुदीप नाग, मिशन निदेशक, कोयला आधारित बिजली संयंत्रों में बायोमास के उपयोग पर राष्ट्रीय मिशन और एनटीपीसी लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक ने 31 अक्टूबर, 2022 को जीटीसी, नागपुर का दौरा किया।

डॉ. के. नरसैय्या, सह महानिदेशक (प्रक्रिया अभियांत्रिकी), आईसीएआर

डॉ. के. नरसैय्या, सह महानिदेशक (प्रक्रिया अभियांत्रिकी), आईसीएआर, नई दिल्ली ने 11 नवंबर, 2022 को आईसीएआर-सिरकॉट की कोयम्बटूर स्थित गुणवत्ता मूल्यांकन इकाई का दौरा किया। उन्हें श्री के. त्यागराजन, मु.तक.अधि. एवं प्रभारी, केन्द्र द्वारा केंद्र की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. डी.एम. कदम, प्रभारी, प्रौ.हस्तां.वि. भी सह महानिदेशक के साथ केन्द्र पर उपस्थित रहे।

डॉ. के. श्रीनिवास, सह महानिदेशक (बौद्धिक संपदा और प्रौद्योगिकी प्रबंधन), आईसीएआर

डॉ. के. श्रीनिवास, सहायक महानिदेशक (आईपी एंड टीएम) ने 24 नवंबर 2022 को आईसीएआर-सिरकॉट, मुंबई में कृषिव्यवसाय सृजनन (एबीआई) केंद्र का दौरा किया। एबीआईसी के परियोजना प्रभारी डॉ. ए.के. भारीमल्ला ने एबीआईसी/आईटीएमयू की गतिविधियों पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी। सहायक महानिदेशक ने एबीआई/आईटीएमयू फंड के तहत बनाई गई सुविधाओं का दौरा किया और डॉ. एस. के. शुक्ल, निदेशक, महोदय के साथ संस्थान में उपलब्ध इन्क्यूबेशन सुविधाओं पर चर्चा की। उन्हें संस्थान के इनक्यूबेटीज और स्टार्टअप्स द्वारा बनाए गए उत्पादों के बारे में भी बताया गया।

अंतर्राष्ट्रीय कपास संघ और सीएआई के प्रतिनिधि

इंटरनेशनल कॉटन एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने 6 मई 2022 को कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया, मुंबई के पदाधिकारियों के साथ आईसीएआर-सिरकॉट, मुंबई का दौरा किया। डॉ. सुजाता सक्सेना, निदेशक (कार्यकारी) ने प्रतिनिधियों का स्वागत किया और भारत में कपास क्षेत्र के विकास में आईसीएआर-सिरकॉट के योगदान से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। प्रतिनिधियों ने विभिन्न प्रयोगशालाओं का दौरा किया और वैज्ञानिकों के साथ चर्चा की।

डॉ. एस.एन. झा, उपमहानिदेशक (कृषि अभियांत्रिकी)

डॉ. एस. एन. झा, उपमहानिदेशक (कृषि अभियंत्रिकी) ने 10 नवंबर 2022 को कोयम्बटूर में आईसीएआर-सिरकॉट की गुणवत्ता मूल्यांकन इकाई (क्यूईयू) का दौरा किया। श्री के. त्यागराजन, मु.तक.अधि. एवं केन्द्र प्रभारी ने उन्हें वहां उपलब्ध विभिन्न कपास रेशा परीक्षण सुविधाएं दिखाईं और हाई वॉल्यूम इंस्ट्रूमेंट (एचवीआई) और उन्नत फाइबर सूचना प्रणाली (एएफआईएस) का उपयोग करके रेशा परीक्षण का प्रदर्शन किया।

13. स्वच्छ भारत अभियान

संस्थान ने दि. 2.10.2022 से 31.10.2022 तक स्वच्छता कार्य योजना (एसएपी) के अंतर्गत 100 पुरानी भौतिक फाइलों की पहचान करने के बाद डिजिटीकरण करके भौतिक फाइलों की निरस्त कर दी गई और जगह खाली कर दी गई।

दि. 16 से 31 दिसंबर 2022 तक स्वच्छता पखवाड़ा समारोह के दौरान,संस्थान ने मेरा गाँव मेरा गौरव कार्यक्रम के तहत दत्तक लिये हुए गाँव कें कार्यालयों और आसपास के परिसर की सफाई और स्वच्छता अभियान सहित दैनिक आधार पर स्वच्छता अभियान गतिविधियों का संचालन किया।रसोई और घरेलू अपशिष्ट पदार्थों से खाद बनाना, स्वच्छ और हरित प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना, सार्वजनिक स्थानों और आसपास के पर्यटन स्थलों की सफाई करना इनमें शामिल थे। वर्ष 2022 में स्वच्छता पखवाड़ा और स्वच्छता कार्य योजना के तहत आस पास के स्थलों की सफाई एवं सौंदर्यीकरण की 75 गतिविधियों पर कुल 13.6 लाख रुपये की धनराशि खर्च की गई।

अनु. क्र.	दिनांक	विषय के अनुसार गतिविधियों का नाम	की गई गतिविधि का स्थल	प्रतिभागियों की संख्या
1.	16.12.2022	प्रमुख स्थानों पर बैनर प्रदर्शन	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं. मुंबई और आस-पास का क्षेत्र	115
		स्वच्छता की शपथ लेना, पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली गतिविधियों का जायजा लेना और जानकारी देना,	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं. मुंबई	100
2.	17.12.2022	कार्यालय अभिलेखों के डिजिटलीकरण की पड्ताल करना	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं. मुंबई	2
		ई-ऑफिस का कार्यान्वयन।	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं. मुंबई	3
		स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कार्यालयों और परिसरों की सफाई और स्वच्छता	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं. , ओटाई प्रशिक्षण केंद्र, नागपुर	10
		पुराने अभिलेखों की छंटाई पर प्रगति की समीक्षा	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं. मुंबई	3
3.	18.12.2022	ओटाई प्रशिक्षण केंद्र, नागपुर में स्वच्छता शपथ लेना	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं. , ओटाई प्रशिक्षण केंद्र, नागपुर	14
		मेरा गांव मेरा गौरव कार्यक्रम के तहत अपनाए गए गांव में साफ-सफाई और स्वच्छता अभियान	गांव: मोहपा तालुका: कलमेश्वर जिला: नागपुर	25

4.	19.12.2022	परिसर में सफाई अभियान	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं. मुंबई गुणता मूल्यांकन अनुभाग	15
5.	20.12.2022	रसोई घर तथा घरेलू अपशिष्ट सामग्री से खाद।	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं. मुंबई	30
		स्वच्छ और हरित तकनीकों को बढ़ावा देना	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं. मुंबई	25
		स्वच्छता अभियान	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं. मुंबई	12
6.	21.12.2022	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं., सूरत में, स्वच्छता शपथ लेना	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं. सूरत	03
		परिसर के अंदर सफाई और स्वच्छता अभियान	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं. सूरत	08
7.	22.12.2022	यांत्रिकी प्रक्रिया विभाग के कताई अनुभाग में कपड़ा अपशिष्ट से धन अभियान और सफाई	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं. मुंबई	15
8.	23.12.2022	किसान दिवस पर विशेष कार्यक्रम (किसान दिवस)	ईसापुर गाव, साओनेर तालुका, जिला नागपुर	100
		श्री नरेंद्र सिंह तोमर, माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री द्वारा किसान दिवस के समारोह में भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं. मुंबई के कर्मचारीयों ने भाग लिया	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं. मुंबई	70
9.	24.12.2022	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं., कोयम्बटूर में, स्वच्छता शपथ लेना	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं., कोयम्बटूर	02
		स्थानीय स्तर पर स्वच्छता जागरूकता।	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं., कोयम्बटूर	03
10.	25.12.2022	सार्वजनिक स्थानों और आसपास के पर्यटन स्थलों की सफाई	वीर अभिमन्यु उद्यान, माहिम, मुंबई	25
		आवासीय स्थानों की सफाई	माहिम कर्मचारी वसाहत, मुंबई	25
11.	26.12.2022	स्कूल के बच्चों के लिये प्रतियोगिता का आयोजन ("भारत" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता)	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं. मुंबई	05

12.	27.12.2022	प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन पर जागरूकता एवम प्लास्टिक अपशिष्ट श्रमदान	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं. मुंबई	08
13.	28.12.2022	स्वच्छता, जल संचयन, अपशिष्ट जल का पुनर्चक्रण और कृषि अपशिष्ट को संपदा में बदलना।	शाहपुर बेगू गांव, सिरसा जिला, हरियाणा	20
14.	29.12.2022	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं, गुंटूर में स्वच्छता शपथ लेना तथा स्वच्छता	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं, गुंटूर	02
		सामुदायिक अपशिष्ट निपटान स्थलों/खाद गड्ढों का दौरा	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं, गुंटूर	04
15.	30.12.2022	स्वच्छता गतिविधियों में गणमान्य व्यक्तियों की भागीदारी	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं. मुंबई	100
16.	31.12.2022	स्वच्छ भारत पखवाड़ा की गतिविधियों पर प्रकाश डालने हेतु बैठक का आयोजन	भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं. , ओटाई प्रशिक्षण केंद्र, नागपुर	20

20 दिसंबर, 2022 को डॉ. एस. के. शुक्ल, निदेशक और अन्य अधिकारियों के हाथों नए पौधे लगाने के लिए कंपोस्ट (गीला और सूखा कचरा) का उपयोग किया गया

23 दिसंबर, 2022 को इसापुर गांव, काटोल, नागपुर में "राष्ट्रीय किसान दिवस और स्वच्छता पखवाड़ा"

भारत सरकार द्वारा विचाराधीन मामलों के निपटान के लिए एक विशेष अभियान के हिस्से के रूप में, पिछले एक महीने में बड़े पैमाने पर छंटाई के अंतर्गत भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं. मुंबई ने 100 अवांछित भौतिक फाइलों की छंटाई की और कार्यालय में स्थान रिक्त किया।

पहले

बाद

भा. कृ. अनु. प. –के. क. प्रोद्यो. अनु. सं. मुंबई के यशवंत राव चव्हाण ईमारत में अभिलेख कक्ष

14. मेरा गांव मेरा गौरव

एम.जी.एम.जी. कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए, भा. कृ. अनु. प. - के. क. प्रौ. अनु. सं. ने नागपुर जिले के 12 गांवों को अपनालिया है। इन गांवों में मोहपा, मासेपत्थर, घोली, घोराड, उबाली, मंडावी, खुमारी, सावंगी (मोहगांव), वाथोडा, सावंद्री, कोंधली और पिपला (किनखेड़े) शामिल हैं। चयनित गांवों में मुख्य रूप से कपास उगाने वाले किसान हैं और यह ओटाई प्रशिक्षण केंद्र, नागपुर से 60 किमी दूर स्थित है। कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए प्रमुख गतिविधियों में किसानों की बैठक, जागरूकता कार्यक्रम, क्षेत्र प्रदर्शन, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन मेला आदि आयोजित करना शामिल है।

क्रमांक	गतिविधियाँ	स्थान	दिनांक	प्रतिभागियोंकी संख्या
1.	फसल कटाई के बाद प्रबंधन प्रथाओं में किसानों का मार्गदर्शन करने के लिए क्षेत्र का दौरा	खुमारी और मंडावी गांव, तालुका: कलमेश्वर, नागपुर जिला	5 अगस्त 2022	-
2.	स्वच्छता और सफाई अभियान	मोहपा गाँव, तालुका: कलमेश्वर, नागपुर	18 दिसंबर 2022	40
3.	राष्ट्रीय किसान दिवस और स्वच्छता पखवाड़ा समारोह	ईसापुर, तालुका: कटोल, नागपुर	23 दिसंबर 2022	110

खुमारी और मंडावी गांवों का दौरा, तालुका: कलमेश्वर, नागपुर जिला

स्वच्छता और सफाई अभियान:गांव मोहपा, तालुका-कलमेश्वर, नागपुर

ईसापुर गांव, कटोल, नागपुर में राष्ट्रीय किसान दिवस समारोह

15. आधारभूत सुविधाएं

